RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 39
नई दिल्ली, रविवार, 11 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



बीएमसी बन गई थी कुछ लोगों की निजी संपत्ति : फडनवीस

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# सुखविंदर सिंह होंगे हिमाचल के मुख्यमंत्री

- शपथ ग्रहण समारोह आज, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल और प्रियंका गांधी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**लगातार** दो दिन की रस्साकशी के बाद हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया है। मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री होंगे। शिमला में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सुक्खू को विधायक दल का नेता चुना गया। हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के दिवंगत नेता वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह सहित कई नेता तीन दिनों से अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे।

आखिरकार, केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने शनिवार शाम को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक के बाद 58 वर्षीय सुक्खू के नाम का ऐलान कर दिया। शपथ ग्रहण समारोह रविवार को डेढ़ बजे होगा। इसमें पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। सुक्खू, प्रतिभा सिंह और अन्य नेताओं के साथ पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इससे पहले, सीएलपी की बैठक में दोनों पर्यवेक्षक- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हरियाणाके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा पार्टी के राज्य प्रभारी राजीव शुक्ला मौजूद थे। विधायक दल की बैठक के बाद शुक्ला ने बताया कि विधायकों की राय के आधार पर अलाकमान ने फैसला किया है कि सुक्खू मुख्यमंत्री और अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री होंगे।

अग्निहोत्री पिछली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे। कांग्रेस आलाकमान ने नदौन से विधायक 58 वर्षीय सुक्खू के नाम पर रजामंदी दी। राज्य की 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास 40 विधायक हैं। विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद सुक्खू ने संवाददाताओं से कहा कि वह सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका गांधी के आभारी हैं। एक आम परिवार से ऊपर उठकर यहां तक पहुंचे हैं। राजीव गांधी ने उन्हें एनएसयूआई का अध्यक्ष बनाया था, सोनिया गांधी ने युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर आगे बढ़ाया। फिर राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाकर भरोसा जताया था। उन्होंने कहा कि हम लोगों की सेवा और व्यवस्था परिवर्तन के लिए काम करते हैं। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की जनता के हित (शेष पेज 8)

## मुकेश अग्निहोत्री बनेंगे उप मुख्यमंत्री



राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत करते कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू(मध्य में)

## जमीनी स्तर से उठकर शीर्ष पद पर पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं चार बार के विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खू जमीनी स्तर से उठकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। सुक्खू एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता सड़क परिवहन निगम में चालक के पद पर कार्यरत थे। सुक्खू अपने शुरुआती दिनों में छोटा शिमला में दूध का काम किया करते थे। सुक्खू छात्र राजनीति से उभरकर पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए आगे बढ़ते गए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले और कांग्रेस प्रचार समिति के प्रमुख रहे नादौन सीट से विधायक सुक्खू शीर्ष पद पर काबिज होने वाले निचले हिमाचल के पहले कांग्रेसी नेता होंगे।

भाजपा के प्रेम कुमार धूमल के बाद वह हमीरपुर जिले से दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। सुक्खू कांग्रेस से संबद्ध नेशनल स्टूडेन्ट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की राज्य इकाई (शेष पेज 8)

## भूपेंद्र पटेल संभालेंगे गुजरात की कमान, कल लेंगे शपथ



राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत करते भूपेंद्र सिंह पटेल (बाएं)

**पायनियर समाचार सेवा।** गांधीनगर

**गुजरात** में भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री के तौर पर लगातार दूसरी बार राज्य की कमान संभालेंगे। गुजरात विधानसभा चुनाव में भारी जीत के साथ सत्ता बरकरार रखने वाली भाजपा विधायक दल ने शनिवार को मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को औपचारिक रूप से अपना नेता चुना। विधायक दल की बैठक के बाद पटेल ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत से राजभवन जाकर मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। पटेल ने सरकार बनाने का दावा विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने और 182 सदस्यीय सदन की 156 सीटों पर जीत दर्ज करने के दो दिन बाद किया है। राज्यपाल ने पटेल को शनिवार अपराह्न दो बजे सरकार के गठन और शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया है। पटेल राज्य के 18वें मुख्यमंत्री के तौर पर गांधीनगर स्थित नए सचिवालय के नजदीक हैलीपैड मैदान में 12 दिसंबर को पद की शपथ लेंगे, (शेष पेज 8)

# पंजाब में पुलिस थाने पर ग्रेनेड से हमला

- पड़ोसी देश दे रहा भारत को घाव, दोषियों को अंजाम तक पहुंचाएंगेः डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के सीमावर्ती जिले तरन तारन में एक पुलिस थाने पर रॉकेट द्वारा संचालित ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला किया गया। गत सात महीने में पंजाब के तरन-तारन में यह इस तरह की दूसरी घटना है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने इस हमले को पड़ोसी देश की भारत को हजार घाव देने की रणनीति करार दिया। हमले की जांच चल रही है और दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को आरपीजी से हुए इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन सरहाली पुलिस थाने के नजदीक की इमारत की खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई है। डीजीपी ने बताया कि प्राथमिक सूचना के मुताबिक यह सैन्य श्रेणी का ग्रेनेड है और संदेह है कि इसे सीमापार से तस्करी कर लाया गया होगा। भारत में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की ओर संकेत देते हुए यादव ने कहा कि स्पष्ट संकेत है कि यह पड़ोसी देश की भारत को हजार घावों से तबाह करने की रणनीति की हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय (शेष पेज 8)

## विपक्षी दलों का सरकार पर वार, मान से मांगा इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** में तरन-तारन जिले के एक पुलिस थाने पर रॉकेट संचालित ग्रेनेड (आरपीजी) से हुए हमले के बाद राज्य की विपक्षी पार्टियों ने शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (सरकार) की कानून व्यवस्था संभालने में उदासीनता का यह प्रत्यक्ष नतीजा है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को कहा कि आरपीजी हमला आप सरकार की कानून व्यवस्था को संभालने में नाकामी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से स्थिति की गंभीरता समझने और ठोस कदम उठाने को कहा। शिअद नेता दलजीत सिंह चीमा ने कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम होने को लेकर मान से इस्तीफे की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरुण (शेष पेज 8)

# प्रतिबंधित देशों को मानवीय सहायता के लिए मतदान से दूर रहा भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पाक की ओर इशारा करते भारत ने कहा- प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस तरह की छूट का उठाते हैं गलत फायदा
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बाकी 14 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया

**पाकिस्तान** को तगड़ा झटका देते हुए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में उस प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें मानवीय सहायता को संयुक्त राष्ट्र के सभी तरह के प्रतिबंधों के दायरों से बाहर रखने का प्रावधान किया गया है। नई दिल्ली का मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की सहायता की मांग करते हुए आतंकवादी समूहों का उपयोग करता है।

वह आतंकवाद से लड़ने के सभी कानूनों और प्रयासों को दरकिनार करता है। भारत ने जोर देकर कहा कि प्रतिबंधित आतंकी संगठनों ने इस तरह की छूट का भरपूर फायदा उठाया है और उन्हें वित्तीय मदद जुटाने तथा लड़ाकों की भर्ती करने में मदद मिली है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता फिलहाल भारत के पास है। परिषद ने शुक्रवार को अमेरिका और आयरलैंड द्वारा पेश उस प्रस्ताव पर मतदान किया, जिसमें मानवीय सहायता को प्रतिबंधों के दायरे से बाहर रखने का प्रावधान किया गया है। वाशिंगटन ने जोर देकर कहा कि अपनाए जाने के बाद यह प्रस्ताव अनगिनत जिंदगियों को बचाएगा।

भारत मतदान से अनुपस्थित रहने वाला एकमात्र देश रहा, जबकि परिषद के बाकी 14 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मदतान किया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि समय पर मानवीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए धन, अन्य वित्तीय संपत्तियों, आर्थिक संसाधनों और वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति आवश्यक और अनुमत है तथा यह परिषद या इसकी प्रतिबंध समिति द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करती है।

यूएनएससी की अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारी चिंताएं आतंकवादी संगठनों द्वारा इस तरह की मानवीय छूट का भरपूर फायदा उठाने और 1267 प्रतिबंध समिति सहित अन्य प्रतिबंध समितियों का मजाक बनाने के स्पष्ट उदाहरणों से उत्पन्न हुई हैं। कंबोज ने पाकिस्तान और उसकी जमीन पर मौजूद आतंकी संगठनों का भी परोक्ष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस में कई आतंकवादी संगठनों द्वारा इन प्रतिबंधों से बचने के लिए खुद को मानवीय संगठनों और नागरिक समाज समूहों के रूप में पुनर्स्थापित किए जाने के कई मामले सामने आए हैं। इनमें परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठन भी शामिल हैं। कंबोज का (शेष पेज 8)

# पुर्तगाल को हराकर मोरक्को विश्व कप सेमीफाइनल में



**भाषा।** दोहा

**यूसुफ** एन नेसरी के हैडर से दागे गोल की बदौलत अंतिम लम्हों में 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद मोरक्को शनिवार को यहां पुर्तगाल को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला पहला अफ्रीकी और अरब देश बना। मोरक्को की टीम को दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम लगभग छह मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा लेकिन दुनिया की नौवें नंबर की पुर्तगाल की टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई। दुनिया की 22वें नंबर की टीम मोरक्को के लिए अल थुमामा स्टेडियम में यूसुफ एन नेसरी ने विजई गोल 42वें मिनट में दागा।

मोरक्को का विश्व कप नॉकआउट में यह पहला गोल था। कतर में अंतिम आठ में पहुंचने वाली यूरोप या दक्षिण अमेरिका से बाहर की एकमात्र टीम मोरक्को फुटबॉल के महासमर के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला पहला अफ्रीकी देश है। इससे पहले (शेष पेज 8)

# कमजोर हुआ चक्रवात मंदोस तमिलनाडु में चार की मौत

**पायनिय समाचार सेवा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में चक्रवाती तूफान मंदोस के कारण अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ है। इसके प्रभाव के चलते हुई बारिश संबंधी घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कुछ घरों को नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने यहां पड़ोस में प्रभावित इलाकों का दौरा करने और प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित करने के बाद कहा, व्यापक स्तर पर नुकसान नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और विशेष रूप से चेन्नई मंदोस के प्रभाव से निकल गए हैं। स्टालिन ने एक सवाल का जवाब देते हुए पत्रकारों से कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और अगर जरूरत हुई तो केंद्रीय सहायता मांगी जाएगी। उन्होंने बारिश संबंधी घटनाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि चार लोगों की मौत हुई है। इन घटनाओं के चलते कम से कम 181 घर-झोपड़ी क्षतिग्रस्त हो गए हैं और अन्य प्रकार के नुकसान की जानकारी संकलित की जा रही है।




चेन्नई में मरीना समुद्र तट पर आए तूफान के बाद सामान हटाते स्थानी दुकानदार

3,163 परिवारों के 9,130 लोगों को 201 राहत शिविरों में आश्रय दिया गया है। यहां ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन सहित नागरिक एजेंसियों ने पुलिस की सहायता से गिरे हुए पेड़ों को हटाया। चक्रवात से संबंधित राहत व बचाव कार्यों में कुल 25,000 कर्मियों को लगाया गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ और राज्य डीआरएफ के 496 कर्मियों भी बचाव व राहत कार्यों में जुटे हैं। चक्रवात से कई इलाकों में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

बिजली आपूर्ति रोक दी गई और बाद में बहाल कर दी गई। यहां काशीमेडु फिशिंग हार्बर में नावों को नुकसान हुआ है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, सुप्रिया साहू ने ट्वीट किया: मंदोस चक्रवात के बाद वंडालूर में अरिंगनार अन्ना चिड़ियाघर और गुइंडी चिल्ड्रन पार्क (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,181 | |
| निफ्टी | 18,496 | |
| सोना | 54,305 | /10g |
| चांदी | 67,365 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बिल्कीस बानो की याचिका पर 13 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 2002 के गुजरात दंगों की पीड़िता बिल्कीस बानो की याचिका पर 13 दिसंबर को सुनवाई करेगा, जिन्होंने मामले में राज्य सरकार द्वारा 11 दोषियों की सजा माफ करने को चुनौती दी है। बानो दंगों के दौरान बलात्कार की शिकार हुई थी और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ के बानो की याचिका पर विचार करने की संभावना है। बानो ने एक दोषी की याचिका पर शीर्ष अदालत के 13 मई, 2022 के आदेश की समीक्षा के लिए एक अलग अर्जी भी दायर की है। शीर्ष अदालत ने गुजरात सरकार से नौ जुलाई, 1992 की नीति के तहत दोषियों की समय से पूर्व रिहाई की याचिका पर दो महीने के भीतर विचार करने को कहा था।

# आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बनी पीटी उषा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अपने** जमाने की दिग्गज धाविका पीटी उषा को शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का पहला महिला अध्यक्ष चुना गया जिससे भारतीय खेल प्रशासन में नए युग की शुरुआत भी हुई।



एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाली और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर की बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रही 58 वर्षीय उषा को चुनाव के बाद शीर्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त किए गए उसके पूर्व जज नागेश्वर राव की देखरेख में संपन्न हुए। उषा के अध्यक्ष चुने जाने से आईओए में गुटीय राजनीति के कारण पैदा हुआ संकट भी समाप्त हो गया। अंतराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने इस महीने चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की चेतावनी दी थी। इन चुनावों को दिसंबर 2021 में होना था।

उषा का शीर्ष पद पर चुना जाना पिछले महीने ही तय हो गया था क्योंकि वह अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाली एकमात्र प्रत्याशी थी। ऋकिसी ने भी उषा का विरोध नहीं किया जिन्हें जुलाई में सत्तारूढ़ भारतीय जनता (शेष पेज 8)

# ईशान किशन ने जड़ा सबसे तेज दोहरा शतक

## तीसरा एक दिवसीयः भारत ने बांग्लादेश को 227 रन से रौंदा, विराट कोहली ने भी जड़ा सैकड़ा

**भाषा।** चटगांव

**सलामी** बल्लेबाज ईशान किशन (210) की रिकॉर्ड तोड़ बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को रिकॉर्ड 227 रन से रौंद कर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। ईशान ने विश्व में सबसे तेज दोहरा शतक जमाया। श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम ने ईशान और विराट कोहली (113) की दूसरे विकेट के लिए 190 गेंद में 290 रन की साझेदारी के दम पर आठ विकेट पर 409 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को 34 ओवर में 182 रन पर आउट कर दिया। पूर्व कप्तान कोहली ने लगभग 40 महीने के बाद एकदिवसीय मैच में शतक जड़ा लेकिन ईशान की 131 गेंद में 210 रन की आक्रामक पारी के सामने उनकी बल्लेबाजी की चमक थोड़ी फीकी लगी। ईशान ने 24 चौके और 10 छक्के जड़ बाउंड्री से 156 रन बनाए। कोहली ने 91 गेंद में 11 चौके और दो छक्के जड़े। बांग्लादेश की टीम कभी भी इस मैच में दबदबा नहीं बना सकी और बड़े लक्ष्य के दबाव में पूरी टीम 34 ओवर में आउट हो गई।




भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें जमने का मौका नहीं दिया। शारदुल ठाकुर ने तीन जबकि अक्षर पटेल और उमरान मलिक ने दो-दो विकेट लिए। कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुंदर को एक-एक सफलता मिली। बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 43 जबकि कप्तान लिटन दास ने 29 रन का योगदान दिया। इशान ने अपनी धमाकेदार पारी से जो जज्बा और इरादा दिखाया उससे टीम प्रबंधन को अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए निश्चित रूप से कड़े फैसले लेने होंगे। उनकी पारी का दबदबा ऐसा था कि रोहित (शेष पेज 8)



# खतरनाक पालतू कुत्तों का जल्द कराएं रजिस्ट्रेशन नहीं तो हर 3 दिन बाद लगेगा 5 हजार का जुर्माना

● प्राधिकरण ने नोटिस भेजकर कहा-कुत्ते का बंध्याकरण कराकर प्रमाण पत्र भी अपलोड कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंसक व खूंखार प्रजाति के पिटबुल, रॉटवीलर और डोगो अर्जेंटीनो कुत्तों के पंजीकरण रजिस्ट्रेशन के लिए 31 दिसंबर तक का मौका है।

15 अक्टूबर को नगर निगम सभागार में हुई बोर्ड बैठक में इन तीनों पालतू कुत्तों के पंजीकरण पर रोक लगाने का प्रस्ताव पास हुआ था। पहले से जिन लोगों के पास ये कुत्ता है, उन्हें बंध्याकरण कराने के बाद पंजीकरण के लिए दो माह का समय दिया गया है। बैठक के बाद 15 दिसंबर को दो माह की अवधि पूरी हो रही है, लेकिन कार्यवृत्त जारी होने में 15 दिन और लग गए। इसीलिए पंजीकरण की डेडलाइन में 15 दिन का समय बढ़ाया गया है। इसके बाद पंजीकरण का समय नहीं बढ़ाया जाएगा। बता दें कि पालतू कुत्ते का पंजीकरण नगर निगम से कराना अनिवार्य है। देसी नस्ल के कुत्ते का पंजीकरण निशुल्क होता है और बाकी कुत्तों के लिए 200 रुपये का शुल्क देना होता है।



पंजीकरण गाजियाबाद नगर निगम पेट रजिस्ट्रेशन एप से घर बैठे टीकाकरण का प्रमाण-पत्र अपलोड कर कराया जा सकता है। 31 दिसंबर तक प्रतिबंधित तीनों प्रजाति के कुत्तों के पंजीकरण के लिए टीकाकरण के साथ बंध्याकरण का प्रमाण.पत्र भी देना होगा। पालतू कुत्ते का पंजीकरण न कराने पर पांच हजार रुपये जुर्माने का प्रविधान है। 31 दिसंबर 2022 के बाद नगर निगम पिटबुल, रॉटवीलर और डोगो अर्जेंटीनो कुत्तों के उन पालकों पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाएगा, जिनके कुत्ते का पंजीकरण नहीं कराया गया है।

इनका पंजीकरण भी नहीं होगा और एक बार जुर्माना लगाने के बाद नगर निगम की टीम तीन दिन बाद फिर ऐसे लोगों के घर जाएगी और कुत्ता मिलने पर फिर से पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहेगी, जब तक कुत्ता नगर निगम की सीमा से बाहर नहीं छोड़ा जाता। पंजीकरण पर रोक का नियम बनने से पहले तीनों प्रजाति के 40 कुत्ते पंजीकृत थे।

इन सभी को भी नोटिस भेजा गया है कि अपने कुत्ते का बंध्याकरण करा प्रमाण पत्र भी अपलोड कराएं। रोक लगने से बाद से अब तक ऐसे 12 कुत्तों का पंजीकरण कराया जा चुका है। नगर निगम के उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा अनुज कुमार सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर तक तीनों प्रजाति के कुत्तों का पंजीकरण बंध्याकरण के प्रमाण.पत्र के साथ हर हाल में करा लें, क्योंकि इसके बाद हर तीन दिन बाद पांच हजार रुपये का जुर्माना लगेगा।



पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा पुलिस लाइन सूरजपुर में किसलय-डे केयर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों से वार्तालाप कर चॉकलेट बांटी।

# सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नौकरी देने के नाम पर करोड़ों की ठगी, सरगना गिरफ्तार

● सोशल मीडिया पर दिया था विज्ञापन, कई पीड़ितों लगाया चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में आयुष्मान भारत योग नाम से संस्थान खोलकर बेरोजगार युवकों को सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नौकरी देने का झांसा देकर कथित तौर पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। नोएडा फेस-3 थाना के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विपुल है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी को पहले भी गिरफ्तार किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि कन्नौज की रहने वाली एक युवती ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि आरोपियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से विज्ञापन दिया कि आयुष्मान भारत योग संस्थान में प्रशिक्षण के बाद उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नौकरी दी जाएगी।

कुमार ने युवती के हवाले से बताया कि आरोपी ने दो लाख रुपए प्रशिक्षण के नाम पर लिए थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने की बात स्वीकार की है। मामले की जांच जारी है।

## हादसों में एक की मौत दंपति सहित कई घायल

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसायटी में रहने वाले प्रोफेसर पंकज कुमार व उनकी पत्नी सहित पांच लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बीती रात मुरादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत के रेवड़ा.रेवड़ी के पास पेरीफेरल मार्ग पर किसी वाहन ने अज्ञात व्यक्ति को कुचल दिया था। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। हापुड़ रोड पर ऑटो पलटने से उसमें सवार बुलंदशहर निवासी अंकित, राहुल व सुधीर घायल हो गये। उधर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की एक सोसायटी में रहने वाले प्रोफेसर पंकज गोयल व उनकी पत्नी को एक बेलगाम कार चालक ने उस समय टक्कर मारकर घायल कर दिया जब वे सोसाइटी के अंदर टहल रहे थे।

# ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के लिए 12 से रोड शो

● 10 लाख करोड़ निवेश का रखा गया लक्ष्य, बिजनेस को लेकर कार्य योजना तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश में आगामी फरवरी में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है।

इस ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के के द्वारा औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति में इज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर कार्य योजना तैयार की गई है। उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के जरिए 10 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रदेश में सभी प्राधिकरण को इन्वेस्टमेंट में भागीदारी के लिए लक्ष्य दिया गया है।

यमुना प्राधिकरण ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के लिए सियोल, दक्षिण कोरिया और जापान में 12 दिसंबर से रोड शो शुरू होंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट को फिक्की ऑर्गेनाइज कर रही है, उसमें हम लोग सियोल, दक्षिण कोरिया और जापान जा रहे हैं।

सियोल में हम लोगों का रोड शो 12 तारीख को है और टोक्यो और ओसाका में यह रोड शो 14 15 और 16 तारीख को है। इंडियन ऐंबैसी ने रोड शो के लिए वहां पर एसोसिएशनों को बुलाया है। उनके साथ मीटिंग होगी, उनकी लिस्ट अभी उपलब्ध नहीं है। फिक्की ने जो रोड शो ऑर्गेनाइज किया है, उसमें एक काइंड कंपनी और कोरिया की सैमसंग कंपनी बीटूजी है। जापान में हुड्डा के साथ, एमआर मित्सुबी निप्पन समेत आधा दर्जन कंपनियों के साथ मीटिंग फिक्की ने फिक्स की हुई है। बहुत सारी कंपनियां और भी आएंगी, जिनके साथ मीटिंग अभी फिक्स नहीं।

इंडियन ऐंबैसी इसे ऑर्गेनाइज कर रही है। जनवरी 2023 में होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार काफी उत्साहित दिख रही है और निवेश को लेकर उनके द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों और आला अधिकारियों को विदेशों के दौरे पर भेजा गया है।

गौतमबुद्ध नगर की तीनों प्राधिकरण को पहले 60 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन अब उसे एक लाख करोड़ तक बढ़ाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर।

### ग्रेनो पुलिस ने पकड़े तीन बाइक चोर

नोएडा। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने 3 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। यह वाहन चोर बड़े ही शातिर किस्म के हैं। जो चोरी के वाहनों को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया करते थे। उसके बाद कुछ दिनों में चोरी की मोटरसाइकिल को बेच दिया करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। बीटा-2 पुलिस के द्वारा रामपुर गोल चक्कर के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका और उनकी तलाशी ली। साथ ही मोटरसाइकिल की भी गहनता से जांच की गई तो पता चला कि उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। मोटरसाइकिल के बारे में और ज्यादा जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है। पुलिस ने इस दौरान रोहित, सुमित और सलमान को गिरफ्तार कर लिया। यह तीनों ही दादरी के रहने वाले हैं।

### श्रीमद्भगवत कथा: ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों का वर्णन

नोएडा। सेक्टर 93 श्रमिक कुंज प्रथम के शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण जी ने कपिलोपाख्यान के उपरांत ध्रुव चरित्र का रोचक वर्णन किया। मनु और शतरूपा के दो पुत्र हुए और तीन पुत्रियां। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां हैं एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति है। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते हैं जिनके पुत्र का नाम उत्तम है और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव है।आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 11 दिसंबर को कथा के चौथे दिन राम कथा, कृष्ण जन्मआदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, मुख्य यजमान श्यामानंद मिश्रा, पंडित महेश पाठक शास्त्री, पंडित महादेव शर्मा, रवि राघव, गोरेलाल, प्रमोद यादव, संटू मिश्रा, राजेश ध्यानी सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

### सांसद व विधायक ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

नोएडा। सेक्टर.4 में रोटरी ब्लड बैंक नोएडा के सौजन्य से एचडीएफसी बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा महेश शर्मा और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सांसद डा महेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

### महिला ने की आत्महत्या, एक महीने पहले हुई थी शादी

नोएडा। शहर में स्थित इकोविलेज-1 हाउसिंग सोसायटी में रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद बिसरख पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती इस समय अपने मायके में रह रही थी। इस मामले में बिसरख कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित इकोविलेज-1 हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाली एक 24 वर्षीय युवती छबीरानी की शादी करीब एक महीने पहले गाजियाबाद में हुई थी। बीती रात को छबीरानी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की लाश फांसी पर लटकी मिली।

# पुलिस ने पकड़ी थी करे और गाय, कोर्ट बोला वापस करो

● शेल्टर हाउस के मैनेजर ने बताया मर चुके है सभी पशु

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर.94 स्थित एनिमल शेल्टर हाउस में रखे गए पुलिस के 110 बकरा.बकरियां गायब हो गईं हैं। जिला न्यायालय ने इन बकरे-बकरियों को उसके मालिक को लौटाने का आदेश दिया तो पुलिस को इसकी जानकारी हुई।।



दरअसल, नोएडा पुलिस ने जून 2021 में चेकिंग के दौरान बकरा-बकरियों से लदी एक पिकअप को पकड़ा था। इस गाड़ी में ट्रंसक 110 बकरा और बकरियां भरे गए थे। मामला सेक्टर.20 कोतवाली पुलिस से जुड़ा हुआ है। जून 2021 में सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस ने जांच दौरान 110 बकरे-बकरियों से लदा पिकअप वाहन पकड़ा था। पुलिस ने औरैया के रहने वाले ड्राइवर संतोष के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जबकि बरामद बकरे.बकरियों को सेक्टर.94 स्थित एनिमल शेल्टर होम भेज दिया। अब कोर्ट ने सेक्टर.20 पुलिस को सभी बकरा उसके मालिक को वापस करने के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को पुलिस ने एनिमल शेल्टर हाउस से बकरा वापस करने के लिए कहा। इस दौरान शेल्टर हाउस के मैनेजर योगेंद्र ने पुलिस को बताया कि सभी बकरे मर चुके हैं। मैनेजर के बयान से पुलिस के होश उड़ गए।

पुलिस सूत्रों से पता चला है कि शेल्टर होम से बकरों को बेच दिया गया है। पीड़ित संतोष ने बकरों की देखभाल के लिए मैनेजर को 94 हजार रुपए भी दिए थे। मगर, बकरे न मिलने के बाद उसने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट ने पुलिस को बकरे बरामद करने के आदेश दिए। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया, कोर्ट का सख्त आदेश है कि संतोष को उसके बकरे लौटा दिए जाएं। शुक्रवार को पुलिस बकरों की बरामदगी के लिए शेल्टर होम गई थी। इस दौरान मैनेजर ने कहा सारे बकरे मर गए। पुलिस ने मैनेजर से बकरे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मांगी है। साथ ही मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बेलगाम ई-रिक्शा चालकों ने मचाया उत्पात, राहगीरों से की मारपीट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शनिवार सुबह किसी बात पर दर्जनों ई-रिक्शा चालकों ने विजयनगर स्थित सम्राट चौक पर जमकर उत्पात मचाया, वहीं सवारियों के अलावा राहगीरों के साथ भी उन्होंने मारपीट की। इस हंगामे की सूचना मिलने पर एसएचओ अनिता चौहान पुलिस बल के साथ सम्राट चौक पर पहुंच गई।

सूत्रों के अनुसार पहले तो पुलिस ने हंगामा कर रहे ई.रिक्शा चालकों को समझा-बुझाकर शांत करने का प्रयास किया, लेकिन जब वे

● हंगामा देख पुलिस ने काबू में की स्थिति

बाज नहीं आये तो फोर्स ने हल्का बल प्रयोग करके उन्हें वहां से खदेड़ दिया। सूत्रों का यह भी कहना है कि पुलिस ने कुछ उत्पाती ई-रिक्शा चालकों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। इस संदर्भ में एसएचओ विजयनगर अनिता चौहान का कहना है कि पुलिस ने उक्त हंगामे की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को बिगड़ने से बचा लिया।



पुलिस कार्यालय पर थाना बिसरख के समस्त उप-निरीक्षक गणों का अर्दली रूम लिया गया, जिसमें सभी को लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

# बैंक्वेट हाल में हो रही थी शादी, मकान से गहने चोरी

● पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में हुई कैद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नंदग्राम में रात बैंक्वेट हाल में शादी हो रही थी और दुल्हन के मकान का ताला तोड़कर लगभग आठ लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए गए।

वारदात आधी रात के बाद एक बजे के आसपास की है, जिसे अंजाम देकर भाग रहा चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फुटेज में एक बदमाश दिख रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर किशन लाल हरबंस नगर में रहते हैं। आठ दिसंबर को उनकी बेटी भारती की शादी नंदग्राम में सौ फुटा रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में हो रही थी। फेरों का कार्यक्रम उन्होंने घर पर ही रखा था। इसीलिए ससुराल से मिले गहने भी घर की अलमारी में उन गहनों के साथ रखवा दिए थे, जो उन्होंने बेटी के लिए बनवाए थे। आधी रात के बाद उन्होंने अपने बेटे गौरव व उसके दोस्त को घर की रखवाली के लिए भेजा। दोनों पहुंचे तो खटपट की आवाज आ रही थी। देखा कि मकान पर लगा ताला टूटा हुआ पास के गमले में रखा था। अंदर गए, लेकिन तब तक चोर आसपास के मकानों की छत पर कूदकर फरार हो गया। अलमारी और संदूक का भी ताला टूटा था और सामान अस्त व्यस्त मिला। चोर यहां रखे लगभग आठ लाख रुपये के गहने लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में मकान से कूदकर भागते हुए जो व्यक्ति कैद हुआ ह, उसकी उम्र 20-25 वर्ष के बीच है।

उसने जैकेट के साथ गले में मफलर भी डाल रखा है। आहट होने के बाद चोर पीछे के मकानों से होकर भागा था। किशनलाल की गली की ओर आने वाले मार्गों पर लगे कैमरों की फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है।

# बिजली बिल जमा करने के चक्कर में युवक गवां बैठा डेढ़ लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-29 से आया है, जहां बिजली का बिल जमा करवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 1.49 लाख रुपए साइबर अपराधियों ने ठग लिए है। पीड़ित ने इस मामले में नोएडा सेक्टर-20 कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत करवाया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, राज बढेरा नोएडा के सेक्टर.29 कोतवाली क्षेत्र में रहते है।

राज बढेरा ने पुलिस को बताया कि मेरे पास बीती रात को एक मैसेज आया। जिसमें लिखा था, प्रिय ग्राहक आपका बिजली का कनेक्शन आज रात 9:30 बजे बिजली दफ्तर से काट दिया जाएगा। क्योंकि आपने पिछले महीने के बिल का भुगतान नहीं किया है। कृपया मोबाइल नंबर पर कॉल करें।

पीड़ित ने सोचा कि यह मैसेज बिजली विभाग की तरफ से आया। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत दिए गए नंबर पर कॉल किया। जब पीड़ित ने बिजली विभाग का अधिकारी बनकर मैसेज करने वाले को कॉल किया तो उसने कहा कि आपका बिजली का कनेक्शन कटने वाला है। इसलिए आप तुरंत अपने बिजली कनेक्शन का बिल जमा कर दो। पीड़ित उस व्यक्ति की बातों में आ गया। उसकी बात पर विश्वास करके एक ऐप डाउनलोड किया। जैसे उन्होंने ऐप डाउनलोड किया, उनके खाते से 1.49 लाख रुपए कट गए।

# पांच साल बाद पकड़ा गया इनामी बदमाश

नोएडा। पुलिस ने पांच सालों से फरार चल रहे एक आरोपी को सेक्टर-62 गोल चक्कर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। इसको पकड़ने के लिए पुलिस ने कई बार दबिश दे चुकी थी। लेकिन हर बार ये अपना ठिकाना बदलकर फरार हो जाता था। एक कंपनी में काम करते हुए इसने 88 लाख का गबन किया था।

इसकी पहचान समीर कुमार मिश्रा पुत्र अरविन्द मिश्रा हुई है। इसके तीन पते है। पहला दिल्ली स्थित टी.650ए तृतीय तल, बलजीत नगर कॉलोनी, पटेल नगर नई दिल्ली दूसरा इसका मूल पता ग्राम पिन्डारुच, थाना कमतोल, जिला दरभंगा व तीसरा पता 3282ए, हाउसिंग बार्ड कॉलोनी, सेक्टर.3, फरीदाबाद है। पुलिस की नजर तीनों पर ही रही। इसके बाद भी ये अपने ठिकाने बदल पुलिस की नजर से बचता रहा। पुलिस ने बताया कि एक जुलाई 2017 को थाना फेस-3 में एक मुकदमा दर्ज कराया गया। ये मुकदमा नीरज जैन पुत्र योगेश जैन निवासी सेक्टर-65 ने दर्ज कराया। जिसमें उन्होंने शिकायत की थी कि समीर कुमार मिश्रा उनकी श्रीजी इंडस्ट्रीज, एटी इंटरनेशनल बी.94 सेक्टर.65 में में सीनियर अकाउंटेंट के पद पर था।

# गुर्जर महोत्सव 23 से, दिखेगी संस्कृति और इतिहास की विरासत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● कश्मीर, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक समेत कई प्रदेश के आएंगे कलाकार

गुर्जर आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की ओर से गुर्जर महोत्सव-2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसे सामाजिक सरसता और सांस्कृतिक विरासत की झलक नाम दिया गया है। आयोजन 23-24 दिसंबर को फरीदाबाद के सूरज कुंड मेला ग्राउंड में होगा। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी होगी।

मेले में गुर्जर संस्कृति के सभी आयामों को दिखाया जाएगा। गुर्जर आर्ट कल्चरल ट्रस्ट का अध्यक्ष दिवाकर विधूड़ी यहां कश्मीर से कर्नाटक तक गुर्जर समाज के लोक गीत, लोक नृत्य, रहन सहन, खानपान परिधान और आभूषण से भी परिचित कराया जाएगा। इस दौरान गुर्जर जाति की समृद्ध संस्कृति, इतिहास कला और विरासत के बारे में भी झांकी और प्रदर्शनी के जरिए जानकारी दी जाएगी। महोत्सव के दौरान चार प्रमुख विशेष आकर्षण गुर्जर सांस्कृति प्रदर्शनी, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरवशाली इतिहास, हमारे लोक नृत्य संगीत और कला और हमारे शुद्ध देसी व्यंजन होंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं की होगी।

जो अब आगे आकर गुर्जर जाति का विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक साल इस तरह का आयोजन किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आप व भाजपा का एक-दूसरे पर पार्षदों की खरीद-फरोख्त का आरोप

## नगर निगम में भाजपा की नवनिर्वाचित पार्षद मोनिका पंत ने एसीबी में दर्ज कराई शिकायत



संजय सिंह



शिकायत दर्ज करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता।



प्रेस वार्ता के भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव का परिणाम आने के महज तीन दिन बाद आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। दोनों दल एक-दूसरे पर पार्षदों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को आप पर अपने नवनिर्वाचित पार्षदों को खरीदने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप का एक नया मॉडल पार्षदों के लिए प्रलोभन सामने आया है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक एजेंट भाजपा पार्षदों को आप में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। पार्षदों की खरीद-फरोख्त के पुख्ता सबूत हैं। वहीं नवनिर्वाचित पार्षद मोनिका पंत ने आम आदमी पार्टी नेता शिखा गर्ग के खिलाफ एसीबी में राजनीतिक लोभ प्रलोभन देने की शिकायत दर्ज कराई है।

इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्सभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आप की सरकार बन गई है। इसके बाद भाजपा ने आप के पार्षदों को धमकी और प्रलोभन से खरीदने की कोशिश शुरू कर दी है। 30 सीटें कम आने के बावजूद विपक्षी पार्टी खुलकर अपना मेयर बनाने की बाते कर रही है। उन्होंने दावा किया कि ये आप के चुने हुए पार्षद हैं। बिकने वाले नहीं हैं। उन्होंने पुलिस आयुक्त से मांग है कि उन सभी को गिरफ्तार किया जाए जो पैसे और धमकी के जरिए पार्षदों की खरीद-फरोख्त का प्रयास शुरू कर चुके हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इसमें चुनाव आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती है।

आयोग को इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। शहजाद पूनावाला, प्रदेश प्रवक्ता हरीश खुराना और आनंद विहार से भाजपा निगम पार्षद डॉ. मोनिका पंत की मौजूदगी में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी की नई साजिश का खुलासा करते हुए कहा कि चुनाव से पहले केजरीवाल पैसे दो टिकट लो की नीति अपनाए हुए थे और चुनाव जीतने के बाद केजरीवाल का एजेंट और केजरीवाल का संदेश वाली पॉलिसी अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर राज्यों में अपनी जमानत जब्त कराने वाली आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल कागजों पर दावे करके आते हैं की उनकी सरकार बनने वाली है और एमसीडी में भाजपा को 30 सीटें मिलेंगी उन सब दावों और झूठे वादों को दिल्ली वालों ने नाकाम कर दिया है। सभी राज्यों में दिल्ली मॉडल फेल साबित होने के बाद केजरीवाल ने एक नया मॉडल पेश किया है प्रलोभन फॉर पार्षद।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सरकार केजरीवाल का पार्षद जब हवा हवाई हो गया तो अब नया नारा चला है केजरीवाल का एजेंट। केजरीवाल का एजेंट गली-गली घूमकर खरीद-फरोख्त करने का काम कर रहा है। अब धीरे-धीरे केजरीवाल का एजेंट संदेश लेकर भाजपा के पार्षदों के पास तोड़ने के लिए जा रहा है लेकिन भाजपा के पार्षद कट्टर राष्ट्रवादी और ईमानदार हैं वह कभी भी केजरीवाल के इस तरह के प्रलोभन में नहीं आने वाले हैं। डॉ. मोनिका पंत ने कहा कि केजरीवाल के एजेंट शिखा गर्ग है और वह केजरीवाल की सबसे करीबी लोगों में से एक मानी जाती है। कल शाम गर्ग का उनके पास फोन आया था।

उन्होंने कहा कि आपसे मिलकर कुछ बातें करनी है जब फोन पर ही बात करने को कहा तो उनका जवाब था कि बहुत जरूरी है इसलिए मिलकर बात करेंगे। इसके तुरंत 10 से 15 मिनट बाद वह मेरे पास आ गई और उन्होंने मुझे कई तरह के प्रलोभन देकर आप को समर्थन करने की बात कही। डॉ पंत ने कहा कि जब उन्होंने इनकार किया तो उनका कहना था कि वह क्षेत्र फंड के साथ एक्स्ट्रा फंड भी देंगी इसके बाद भी मना कर दिया।

हरीश खुराना ने केजरीवाल को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन लोटस की बात करने वाले केजरीवाल आज तक एक भी प्रमाण नहीं दे सके लेकिन आज उनका ऑपरेशन झाड़ू पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। उन्होंने आरोप के सबूत दिखाते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह से जिम्मेदारी पूर्वक जो कहती है वह सबूत के साथ करती है और आज केजरीवाल की करीबी शिखा गर्ग का सीसीटीवी फुटेज भी एसीबी को सौंप दिया है।

संजय सिंह ने पार्षद डॉ. रुनाक्षी शर्मा के पिता पिंटू शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि योगेश चंदोलिया ने फोन कर कहा कि आदेश गुप्ता उनके बात करेंगे। आदेश ने कहा कि आपको कैसे भी करके 10 पार्षद इकट्ठा करना है, 10 करोड़ प्रति पार्षद का बजट है।

वॉर्ड 166 के पार्षद अरुण नावरिया ने कहा कि चुनाव के दौरान मेरा सहयोग करने वालों को धमकाया जा रहा है। वॉर्ड 207 की पार्षद ज्योति रानी के पति सुभाष चंद्र ने कहा कि उनके एक दोस्त ने कहा कि तुम्हारे लिए एक ऑफर आया है। तुम्हें क्रॉस वोटिंग करनी है जिसके लिए 50 लाख मिलेंगे।

क्रॉस वोटिंग से किसी को पता नहीं चलेगा कि किसने किसे वोट किया है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा देश में भारतीय खोखा पार्टी के नाम से मशहूर है।

## हंगामे के बाद कांग्रेस में लौटीं दोनों बागी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अली मेंहदी व दो नवनिर्वाचित महिला पार्षदों ने कांग्रेस छोड़ गत शुक्रवार शाम आम आदमी पार्टी का हाथ थाम लिया था। इसके बाद उन्होंने माफी मांगते हुए फिर से कांग्रेस में घर वापसी कर ली है।

महज 24 घंटों में हुए इस उलटफेर को लेकर मेंहदी ने राहुल गांधी और कांग्रेस आलाकमान से माफी मांगी है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा की मुझसे गलती हुई है। इससे पहले इन लोगों के खिलाफ शुक्रवार रात को मुस्तफाबाद में स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। इन कांग्रेस नेताओं के पुतले जलाए और रात तक सड़कों पर उतर विरोध प्रदर्शन करते रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के नवनिर्वाचित निगम पार्षदों का परिचय कराते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में जनता के फैसले का सम्मान करते हैं। लेकिन आम नागरिक, दलित, अल्पसंख्यक और वंचित वर्ग के जिन अधिकारों के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ने निगम चुनाव लड़ा, कांग्रेस पार्षद सदन में दिल्ली के विकास, जनता के हितों, अधिकारों और जन-कल्याण के मुद्दों पर लोगों की आवाज बनकर काम करेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष अली मेहंदी और नव-निर्वाचित पार्षदों में निहाल विहार वार्ड से मंदीप सिंह, आया नगर वार्ड से शीतल, अबुल फजल एन्कलेव वार्ड से अरीबा खान, जाकिर नगर वार्ड से नाजिया दानिश, चौहान बांगर वार्ड से शगुफ्ता चौधरी, कबीर नगर वार्ड से जरीफ, शास्त्री पार्क वार्ड से समीर अहमद, मुस्तफाबाद वार्ड से सबीला बेगम और बृजपुरी वार्ड से नाजिया खातून मौजूद थी।

अनिल कुमार ने कहा कि निगम चुनावों में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने धन बल का प्रयोग करके कांग्रेस के प्रचार को दबाने की हर संभव कोशिश की गई लेकिन दिल्ली की जनता ने शीला दीक्षित की मेरी चमकती दिल्ली अभियान को सराहा और भाजपा के भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाकर दिल्ली को भाजपा मुक्त बना दिया। दोनों पार्टियों में सत्ता बल, धन बल का प्रयोग करके निगम चुनावों में कांग्रेस की आवाज को दबाया जिसके कारण आम आदमी पार्टी ने निगम में सत्ता हासिल करने का आंकड़ा पाया परंतु दिल्ली की जनता अरविन्द केजरीवाल के 230 वार्डों पर जीत के दावे की हवा निकालते हुए आम आदमी पार्टी के प्रभुत्व को पूरी तरह नकार दिया है। केजरीवाल के विज्ञापन जाल में आकर दिल्ली की जनता ने निगम की सत्ता दी है, परंतु यह साफ हो गया है कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे को पूरी तरह नकार दिया है और अरविन्द केजरीवाल को चेताया है कि अब वे दिल्ली की जनता की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं कर सकते है और उनका निगम में फंड का रोने का बहाना भी नहीं चलेगा।

इससे पहले शुक्रवार रात उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद विधानसभा अंतर्गत आने वाले बृजपुरी वार्ड से कांग्रेस की टिकट पर जीत दर्ज करने वाली नाजिया और मुस्तफाबाद से सबीला बेगम ने आम आदमी पार्टी के नगर निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था, जिससे इलाके के लोग खासे नाराज थे। इससे इन कांग्रेस नेताओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया था।

विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को वोट दिया था, ऐसे में नवनिर्वाचित पार्षदों का पार्टी बदलना मतदाताओं के साथ धोखा है। जिसके बाद देर रात प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अली मेहंदी और दोनो महिला महिला पार्षद देर रात वापिस कांग्रेस में लौट आए।

## ब्लू लाइन पर आज मेट्रो सेवा रहेगी प्रभावित



- डीएमआरसी ने रखरखाव के चलते लिए फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की व्यस्त मानी जाने वाली ब्लू लाइन के एक हिस्से पर नियोजित रख-रखाव कार्य के कारण मेट्रो रेल का परिचालन रविवार 11 दिसंबर को सुबह कुछ घंटों में आंशिक रूप से बंद रहेगा। इस कॉरिडोर पर रमेश नगर और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन के बीच ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

दिल्ली मेट्र रेल निगम के अनुसार, ब्लू लाइन यानी लाइन-3/4 (द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी/वैशाली) पर मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच निर्धारित ट्रैक के रख-रखाव कार्य के कारण 11 दिसंबर (रविवार) की सुबह ट्रेन सेवाएं बंद रहेंगी। रख-रखाव कार्य के कारण सुबह सात बजे तक रमेश नगर से कीर्ति नगर खंड तक ट्रेन सेवाएं निलंबित रहेंगी। इसलिए, ट्रेन सेवाओं को फिर से शुरू करने तक मोती नगर मेट्रो स्टेशन बंद रहेगा।

इस कॉरिडोर पर के शेष खंड यानी द्वारका सेक्टर-21 से रमेश नगर और कीर्ति नगर से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी/वैशाली खंड पर इस अवधि के दौरान सभी ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से बहाल रहेंगी। डीएमआरसी ने कहा कि इस अवधि के दौरान रमेश नगर और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशनों के बीच मुफ्त फीडर बस सेवा के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## जैस्मिन शाह मामले में सीएम और एलजी आमने सामने

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- उपराज्यपाल कार्यालय ने मामले में कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के समक्ष शिकायत दर्ज कराई

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन ऑफ दिल्ली (डीडीसीडी) के उपाध्यक्ष जस्मीन शाह को पद की जिम्मेदारियों को निभाने से रोकने के आदेश को रद्द करना निष्प्रभावी और असंवैधानिक है क्योंकि इस मामले को अंतिम निर्णय के लिए नवंबर में ही राष्ट्रपति को भेज दिया गया था।

उपराज्यपाल कार्यालय ने यह जानकारी दी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले महीने केजरीवाल को डीडीसीडी के उपाध्यक्ष पद से शाह को हटाने का निर्देश दिया था। उन्होंने यह कदम शाह द्वारा राजनीतिक उद्देश्य के लिए पद का दुरुपयोग करने के आरोपों की वजह से उठाया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बृहस्पतिवार (आठ नवंबर) को योजना विभाग को निर्देश दिया था कि वह शाह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों को निभाने से रोकने के आदेश को वापस ले। सूत्रों ने हालांकि, दावा किया कि सक्सेना ने अलग-अलग राय होने की वजह से 30 नवंबर को ही इस मामले को अंतिम फैसले के लिए राष्ट्रपति को भेज दिया था और साथ ही लिखित में इसकी औपचारिक जानकारी मुख्यमंत्री को दी थी।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 239 ए के तहत अगर मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल और उप राज्यपाल के बीच किसी मुद्दे पर अलग-अलग राय हो तो अंतिम फैसला राष्ट्रपति लेता है, जिसे मानना अनिवार्य होता है।

सूत्रों ने बताया कि जबतक राष्ट्रपति फैसला नहीं लेते तब तक ऐसे मामलों में कार्रवाई के लिए उप राज्यपाल सक्षम प्राधिकार हैं।

## केंद्र और दिल्ली सरकार को डीसीडब्ल्यू ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली। देश में अचानक मौत के बढ़ते मामलों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली महिला आयोग ने शनिवार को केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर इन मौतों की जांच के लिए गठित किसी भी समिति का ब्योरा मांगा है।

आयोग ने कहा, इन घटनाओं ने गंभीर चिंता पैदा की है और अनुमान है कि कहीं मौत के इन मामलों का संबंध कोविड-19 से तो नहीं है। आयोग के अनुसार, लखनऊमें अपने विवाह समारोह के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से एक दुल्हन की मृत्यु हो गई। इसी तरह, किशोर की क्रिकेट खेलते समय मौत हो गई और मध्य प्रदेश में मंदिर की परिक्रमा करते हुए एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## सीएम ने नवनिर्वाचित पार्षदों को दी नसीहत

- सभी 5 साल इतना शानदार काम करें कि लोगों का विश्वास और मजबूत हो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें नसीहत दी कि आजतक आम आदमी पार्टी ने जो कमाया, इस विश्वास को और आगे बढ़ाना है। आपका काम पूरे देश में फैलना चाहिए। ये हमारा मकसद है। सभी विधायक और पार्षद मिलकर चलना। विधायक को टिकट कटने का डर होता है। किसी की टिकट नहीं कटेगा। कई एमएलए को डर रहता है कि मेरी टिकट न कट जाए और काउंसलर बड़ा न बन जाए। आम आादमी पार्टी सर्वेक्षण पर टिकट देती है। अगर दोनों मिलकर चलेंगे तो काम दस गुना बढ़ेगा।


खूब काम होगा और सकारात्मक ऊर्जा फैलेगी। पॉजिटिविटी फैलेगी तो आपने आप सर्वे में एमएलए का नाम आ जाएगा। अगर आप लड़ाई करोगे तो एमएलए सोचेगा कि वह इसके काम न होने दूं। काउंसलर सोचेगा कि वह इसके काम न होने दे। जनप्रतिनिधियों को दुश्मन नहीं बनाना। बल्कि जितनी दुश्मनियां है वो भी खत्म करनी है।

हमारी दुश्मनी भ्रष्टाचार, कूड़े और समाज की कुरीतियों से है। सभी को दोस्त बना दो। सारे गीले शिकवे भूल कर सब लोग अब गले मिल लो। अब सबको मिलकर काम करना है और सबके काम करने हैं।

## प्रगति मैदान में 22 से 26 तक सजेगी किताबों की दुनिया

- 90 से अधिक प्रकाशक और विक्रेता प्रदर्शित करेंगे पुस्तकें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पढ़ाई-लिखाई के शौकीनों के लिए तीन साल के अंत में प्रगति मैदान में दिल्ली पुस्तक मेले का आगाज होगा।

22 से 26 दिसंबर तक चलते वाले इस साहित्यिक महाकुंभ में देश के नामचीन 90 से अधिक प्रकाशक और विक्रेताओं की किताबें आकर्षण का केंद्र होंगी। इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑरगेनाइजेशन 22-26 दिसंबर तक प्रगति मैदान के हॉल नंबर 3-4 में 26वें दिल्ली पुस्तक मेले का आयोजन कर रहा है। यह मेला छात्रों और शिक्षकों को एक ही छत के नीचे अपने विषयों में नवीनतम प्रकाशन प्रकाशित किताबें देखने व खरीदने का मौका मुहैया कराएगा। दिल्ली पुस्तक मेले के समवर्ती, आईटीपीओ आयोजन में आने वाले दर्शकों के लाभ के लिए स्टेशनरी, ऑफिस ऑटोमेशन और उपहार (गिफ्ट) मेले का आयोजन उसी स्थान पर करेगा। इसक के अलावा संगोष्ठियां (सेमिनार), लेखक संघ, छात्रों का प्रदर्शन, नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, और विभिन्न नामचीन प्रकाशनों, सरकारी क्षेत्र और अन्य अकादमियों की पुस्तकों सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण हैं।

गेट नंबर 10 (मेट्रो गेट) से हॉल नंबर 3 और 4 तक शटल सेवाओं की व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुस्तक मेला में आने वाले स्कूली बच्चों के लिए एफआईपी द्वारा बसों की व्यवस्था की गई है।

यह भारतीय प्रकाशक संघ (फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में प्रकाशन गृह सभी विषयों में अपनी पुस्तकों का प्रदर्शन और बिक्री करते हैं तथा बच्चों के साहित्य, उत्कृष्ट व कालजयी ग्रंथ (क्लासिक्स) और डिजिटल नवाचारों सहित प्रकाशनों की अन्य श्रेणियों के अतिरिक्त कथा-साहित्य और कथेतर साहित्य, अकादमिक पुस्तकों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करते हैं। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के संकाय और छात्रों को आमंत्रित करने के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं।

यह मेला बुद्धिजीवियों, विद्वानों, लेखकों, पुस्तकालयाध्यक्षों, शिक्षकों और छात्रों और भारतीय संस्कृति और साहित्य में गहरी रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए एक आदर्श मंच मुहैया कराता है। मेले का यह संस्करण पुन: मुद्रित और डिजिटल सामग्री के विषय में होगा। पढ़ने की समग्र संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ यह पुस्तक व्यापार के लिए एक अनुकूल वातावरण भी प्रदान करता है।

## खाली पड़े मैदान में प्लास्टिक के ढेर और झुग्गियों में आग लगी

नई दिल्ली। भलस्वा डेयरी गांव में बीती खाली जगह में पड़े प्लास्टिक की चीजों और कुछ झगिगयों मं अचानक आग लग गई। लोगों ने खुद ही आग बुझाने की कोशिश की थी,लेकिन आग ज्यादा भीषण होता देखकर दमकलकर्मियों का सहारा लेना पड़ा था। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ,लेकिन हजारों का नुकसान हो गया। करीब एक दर्जन परिवार बेघर हो गए। जिनका घरेलू सामान पूरी तरह से जल गया। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों का पता करने की कोशिश कर रही है। पुलिस को शक है कि किसी ने बीड़ी सिगरेट पी होगी। जिसकी चिंगारी से आग लग गई होगी। शुक्रवार रात एक बजकर 10 मिनट पर भलस्वा गांव की हरिजन बस्ती की एक झुग्गी में आग लग गई।

## संक्षिप्त समाचार



मानवाधिकार दिवस पर सुरक्षा समिति के पदाधिकारी।

### मानवाधिकार दिवस पर गरीबों को कंबल वितरित

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा समिति की ओर से यमुना विहार स्थित कार्यालय पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर आईएचआरपीसी के नेशनल चेयरमैन चौधरी जमशेद आलम ने कहा की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस समय मानव अधिकार हनन के मामले काफी बढ़ गए हैं, ऐसे में पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ उठ खड़े होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों के लिए सभी सरकारों को आगे आकर इस पर काम करना होगा तभी मानव जाति का कल्याण संभव है। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के धर्माचार्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हथियार के साथ घोषित बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। अमन विहार इलाके में चोरी की बाइक पर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने आए एक शातिर सुल्तानपुरी के घोषित बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चाकू,तीन दोपहिया और मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपी की पहचान सुल्तानपुरी के रहने वाले सूरज उर्फ रतन उर्फ ऋतिक के रूप में हुई है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद चार वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसएचओ उपेन्द्र कुमार ने बताया कि वाहनों की चैकिंग करते हुए आरोपी सूरज को बाइक पर संदिगध हालत में आता देखकर उसको रूकने का ईशारा किया था। आरोपी ने बाइक की रफ्तार तेज कर भागने की कोशिश की। जिसका काफी दूरी तक पीछा करने के बाद दबोच लिया। मौके पर से जब्त बाइक ख्याला इलाके से चोरी की गई थी। आरोपी की निशानदेही पर दो अन्य चोरी के वाहन,मोबाइल फोन जब्त किया। आरोपी पहले भी डकैती, झपटमारी व चोरी आदि के सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

### पुलिस के हत्थे चदा वाहन चोर

नई दिल्ली। चोरी के वाहनों को बेचकर अमीर बनने की चाह रखने वाले एक शातिर बदमाश को उत्तरी पश्चिमी जिला की एएटीएस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चार चोरी के दोपहिया वाहन और तीन मोबाइल फोन जब्त किये हैं। आरोपी की पहचान जहांगीरपुरी के रहने वाले तुषार उर्फ पाथेर के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से उसके बाकी नेटवर्क के बारे में जानने की कोशिश कर रही है। आरोपी तुषार के इलाके में चोरी की बाइक पर घूमकर किसी वारदात को अंजाम देने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने जहांगीरपुरी इलाके में घेराबंदी की। आरोपी को जब एक बाइक पर अपनी तरफ आते हुए देखा। उसको रूकने का इशारा किया। जिसने भागने की कोशिश की थी। मौके पर से जब्त बाइक जहांगीरपुरी इलाके से चोरी की थी।

### व्हाट्सग्रुप में महिला का नंबर साझा करने वाला पकड़ा

नई दिल्ली। अश्लील सामग्री साझा किए जाने वाले एक व्हाट्सग्रुप में एक महिला का मोबाइल नंबर साझा कर कथित रूप से उसे परेशान करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के हिम्मतपुर गांव के निवासी साजिम खान के रूप में हुई है जो नोएडा में एक निजी कंपनी में टेलर का काम करता है। पुलिस ने बताया कि साजिम खान ने इस ग्रुप में पीड़िता का मोबाइल नंबर साझा किया जिसके बाद उसे विभिन्न नंबरों से गैर जरूरी संदेश आने लगे। यह मामला तब सामने आया है जब पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक व्हाट्सग्रुप में उसका नंबर साझा कर दिया है और तब से उसके मोबाइल नंबर पर कई अज्ञात नंबरों से वीडियो आए।

# सभी सरपंच बिना भेदभाव के कराएं गांव में विकास : जरावता

## पटौदी के विधायक ने कहा, किसी भी गांव में नहीं रहने देंगे विकास की कमी

## गांव अलीमुदीनपुर के नवनियुक्त सरपंच जयपाल ने विधायक से मुलाकात की

संजय मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विधायक सत्यप्रकाश जरावता से मुलाकात करते सरपंच।

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता से गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल के साथ फरूखनगर ब्लॉक के गांव अलीमूदीनपुर के नवनियुक्त सरपंच जयपाल ने मुलाकात की। उन्होंने गांव की समस्याओं से अवगत करवाया।

इस मौके पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को सामान रुप से विकास करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं हैं, बस नवनिर्वाचित सरपंच बिना भेदभाव के दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने-अपने गांव का विकास करवाएं। किसी भी गांव में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश का विकास चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लोगों से सार्वजनिक कार्यों के करवाने पर जोर दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि विस क्षेत्र के गांवों के सरपंच अपने गांवों की समस्याओं से उन्हें व अधिकारियों को अवगत करवाएं, ताकि उनका समाधान करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस भी गांव में विकास कार्यों की जितनी जरूरत होगी, उसे पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच जयपाल को जीत की बधाई दी।

सरपंच जयपाल ने भी विधायक को आश्वासन दिया कि वे गांव का सामान विकास करवाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने विधायक सत्यप्रकश जरावता व सरकार से गांव के विकास के लिए विशेष ग्रांट मुहैया करवाने की अपील की, ताकि शहरों की तर्ज पर गांवों का भी चहुंमखी विकास हो सके। इस मौके पर गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने भी विधायक से विस क्षेत्र के गांवों के लिए विशेष पैकेज की मांग की। इस मौके पर गांव अलीमूदीन पुर के पूर्व सरपंच भूपसिंह मास्टर, रोहतास, कृष्ण यादव, संजय यादव एमडी फिल्बी रियल इस्टेट सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता घर बैठे कर सकेंगे वोटर आईडी को आधार कार्ड से लिंक्ड

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में एक अगस्त से सभी मतदान केंद्रों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर आधार नंबर को मतदाता सूची के साथ लिंक कराने का अभियान चलाया जा रहा है। आयोग द्वारा मतदाताओं को दी गयी नई सुविधा के तहत मतदाता अब स्वयं भी अपने मतदाता पहचान-पत्र को आधार नंबर से लिंक कर सकते हैं।

जिला में जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, वह ऑनलाइन माध्यम से फार्म संख्या छह-बी भरकर अपना आधार नंबर अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ लिंक करा सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि आयोग ने ऑनलाइन माध्यम से दी जा रही सेवाओं की दिशा में एक बड़ा व अहम कदम आगे बढ़ाते हुए मतदाताओं को भी अब यह सुविधा भी दे दी है कि वे अपने फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र संबंधी विभिन्न सुविधाएं आनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सेवा पोर्टल व एप की जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता को सबसे पहले वेबसाइट पर जाना होगा।

अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, वोटर आईडी नंबर का यूज कर स्वयं को रजिस्टर करना होगा। इसके बाद मनचाहा पासवर्ड डालकर अपना पर्सनल डिटेल भरनी होगी। इसके बाद अपने मोबाइल नंबर व पासवर्ड से वेबसाइट पर लॉग-इन करना होगा। उन्होंने बताया कि लॉग-इन करने के उपरांत स्क्रीन पर बाई तरफ आपको लाल रंग के बॉक्स में बने इन्फॉर्मेशन ऑफ आधार नंबर बाई एग्जिस्टिंग इलेक्टर्स ऑप्शन पर क्लिक करना है। उपरोक्त ऑप्शन पर क्लिक करने के बाद आपको मतदाता पंजीकरण के नाम से एक पेज दिखाई देगा, जिस पर आपको प्रारूप 6बी को सेलेक्ट करना है। एक बार स्क्रीन पर फॉर्म 6बी का पॉप अप पेज खुलने के बाद वहां अपना आधार कार्ड, आधार नंबर, वोटर आईडी नंबर, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और रजिस्टर्ड ईमेल पता भरें।

# गुरुग्राम में बिखरे तिब्बत, भूटान, लद्दाख, हिमाचल की लोक कलाओं के रंग



गुरुग्राम में भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

## भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से किया गया आयोजन

**गुरुग्राम।** भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा परम पावन दलाई लामा जी को मिले नोबल शांति पुरस्कार की 33वीं वर्षगांठ एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुत्रवधु एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय मंत्री नीरा शास्त्री शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल रहे। अपने संबोधन में प्रमोद गोयल ने बताया कि किस तरह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार जी ने विस्तारवादी चीन की धूर्त मंशा को लगभग 3 दशक पहले ही भांपकर सन 1999 में तिब्बत की आजादी, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और भारत की अखंडता और सुरक्षा के लिए इस मंच को स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि कदम दर कदम और प्रांत दर प्रांत इस मुहिम को जारी रख एक जनांदोलन में तब्दील करने का प्रयास जारी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन को उजागर कर हम सभी को एकजुट होकर तिब्बत के विस्थापित नागरिकों को उनका हक दिलाना है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भारत तिब्बत सहयोग मंच का उद्देश्य जानकर उनको एक नई प्रेरणा मिली है। वे स्वयं भी कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करने का कार्य करेंगे। विधायक ने लोगों को हर प्रकार की मदद का भरोसा भी दिलाया। सुधीर सिंगला ने इस भव्य आयोजन के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल और तिब्बती मार्केट के अध्यक्ष सोनम ज्ञालसेन को शुभकामनाएं दी।

भारत तिब्बत सहयोग मंच का मानना है कि परम पावन दलाई लामा किसी परिचय या पुरस्कार के आश्रित नहीं हैं, बल्कि ये पुरस्कार का सम्मान और सौभाग्य है कि वो दलाई लामा तक पहुंच सका। कार्यक्रम में लद्दाख स्टूडेंट यूनियन और नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट यूनियन के सदस्यों ने तिब्बती, भूटानी, लद्दाखी और हिमाचली लोक नृत्य की रंगारंग झलकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पार्षद कुलदीप वोहरा, मनीष वजीराबाद, पूर्व पार्षद अशोक यादव, भारत तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय मंत्री अलका दलाल, नवीन यादव, अजय जैन, उषा गुप्ता, सुनील तिवारी, दीपचंद फौजी, नवीन यादव, अशोक यादव, जयवीर, मनोज बोहरा, सुनील मेंबर, गिरीश सिंगला, राजपाल यादव वजीराबाद, सुनील तंवर व वजीराबाद और कन्हई गांव की सरदारी मौजूद रही।

# चिरायु हरियाणा से गुरुग्राम के 3.83 लाख लोगों को मिलेगी नि:शुल्क उपचार की सुविधा



चिरायु हरियाणा योजना के गोल्डन कार्ड वितरित करते विधायक सुधीर सिंगला।

## विधायकों ने तीन स्थानों वितरित किए गोल्डन कार्ड

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव में हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय के ध्येय पर आगे बढ़ते हुए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (एबी-पीएमजय) को विस्तार देते हुए चिरायु हरियाणा कार्यक्रम के तहत एक लाख 80 हजार आय वाले परिवारों को भी पांच लाख रुपए तक नि:शुल्क उपचार के कार्यक्रम में शामिल किया है। इस योजना के तहत जिला में लगभग 3 लाख 83 हजार गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 1 लाख 20 हजार गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं।

जिला में तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिनमें विधायकों की उपस्थिति में लाभार्थियों को गोल्डन काडज़् वितरित किए गए। गुरुग्राम के विकास सदन में यह कार्यक्रम विधायक सुधीर सिंगला की उपस्थिति में किया गया, जबकि फरूखनगर में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए। इसी प्रकार सोहना के विधायक संजय सिंह ने सोहना में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से देश-प्रदेश के लोगों की सेहत का जो ख्याल रखा जा रहा है, वह इतिहास में दर्ज हो गया है। प्रदेश के लोगों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना के रूप में दीर्घायु करने का काम किया है। फरूखनगर में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की सुरक्षा में देश की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। हरियाणा में इस योजना के विस्तार से लाखों की संख्या में जरूरतमंदों को लाभ मिला है। देश के स्वास्थ्य संसाधनों में समाज के अंतिम व्यक्ति की हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने से आमजन का आत्मविश्वास बढ़ा है।

**अब बीमारी में खर्चे की चिंता हुई खत्म :** एडीसी ने चिरायु हरियाणा कार्यक्रम के लाभार्थियों को इस योजना में शामिल होने की बधाई देते हुए कहा कि अब बीमारी में लोगों को इलाज पर होने वाले खचज़् की चिंता नहीं करनी होगी। इस योजना का उद्देश्य भी लोगो को निरोगी रखना है। सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

# पानी-पर्यावरण सुधारकर जीवन को बनाएं बेहतर

## नवीन गोयल ने अधिक पेड़ लगाने को किया प्रेरित

## नाइल सोसाइटी में हुई नाइल स्पोर्ट्स मीट-2022 में कहीं ये बातें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**यहां** सोहना रोड स्थित नाइल सोसाइटी में आयोजित नाइल स्पोर्ट्स मीट-2022 का आयोजन किया गयाा। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने सोसाइटी के प्रेसिडेंट दिनेश खरे और अन्य आयोजकों को इस बेहतरीन कार्य के लिए बधाई दी। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शारीरिक एक्टिविटी के स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शारीरिक गतिविधि करने से हमारा शरीर तो स्वस्थ रहता ही है, साथ यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। श्री गोयल ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। पानी का सीमित मात्रा में उपयोग करके, अधिक से अधिक पेड़ लगाकर और अपने घर के आस-पास के इलाके को स्वच्छ रखकर हम एक साफ-सुथरे और सुरक्षित परिवेश की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। उन्होंने हर आम और खास से आह्वान किया कि आइए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर अपने पर्यावरण को बचाएं। स्वच्छता के मामले में गुरुग्राम को देश के टॉप 10 शहरों में लेकर आएं। हमें अपने वर्तमान और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अभी से ही जल की बचत, पर्यावरण में सुधार करने की शुरुआत करनी चाहिए। कल पर अगर किसी काम को छोड़ते हैं तो वह कल कभी नहीं आता और काम पूरा नहीं हो सकता।

खुद भी और दूसरों को भी ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नागरिक अगर इस तरह से सकारात्मक सोच के साथ काम करने लगे तो पूरा समाज इन विषयों के प्रति जागृत होगा। इस अवसर पर विशाल तलुस, श्वेता जैन (ज्वाइंट सेक्रेटरी), अभिनव त्रिवेदी, अनुराधा राणा, डॉ. आरके गोयल, विजय शर्मा उपस्थित रहे।

# नागरिक अस्पताल में रक्त कोष की कल से होगी शुरुआत

## घायलों, स्पाइनल संबंधी 2 से 25 प्रकार के ऑपरेशन की मिलने लगेगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के नागरिक अस्पताल में स्थित लैब।

**नागरिक** अस्पताल में सोमवार से रक्त कोष को शुरू किया जाएगा। रक्त को शुरु होने के साथ ही स्थानीय अस्पताल में सड़क हादसों में घायल होने वाले नागरिकों से लेकर प्रस्तुति या हार्निया जैसी बीमारियों के ऑपरेशन होने लगेंगे।

सोहना के नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों को बहुत ही जल्द आम लोगों को बहत्तर चिकित्सा सुविधा मिलने लगेगी। सड़क हादसों में घायल होने वाले रोगियों से लेकर सपाइनल से संबंधित 20 से 25 प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा मिलने लगेगी। इन सब सुविधाओं के लिए किसी भी अस्पताल में रक्त कोष या बैंक का होना अति आवश्यक होता है। स्थानीय अस्पताल में सोमवार से रक्त स्टोर का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन हलका विधायक संजय सिंह द्वारा किया जाना है।

**घट जाएगी रोगियों को रेफर करने की संख्या :** नागरिक अस्पताल में सड़क हादसों से लेकर गर्भवती महिलाओं को प्रस्तुति के दौरान होने वाली बच्चा जन्म देने में परेशानी को लेकर गुरुग्राम, नूंह के नल्लहड़, फरीदाबाद या पलवल के अस्पतालामें जाने की जरुरत नहीं होगी। अभी स्थानीय अस्पताल में किसी भी प्रकार का ऑपरेशन न होने से डॉक्टर रोगी को अन्य अस्पताल के लिए रेफर करते रहे है। लेकिन रक्त स्टोर की सुविधा होने से छोटे से छोटा और छाती के नीचे वाले शरीर के हिस्सा का ऑपरेशन आसानी से हो सकेंगें। इसके अलावा स्थानीय अस्पताल में आने वाले रोगियों को रक्त की आवश्यकता होने पर उपलब्ध किया जाएगा।

> स्थानीय अस्पताल में रक्त स्टोर शुरु होने से रोगी को आवश्यकता पड़ने पर 30 से 35 प्रकार के ऑपरेशन हो सकेंगे। स्थानीय नागरिकों को अब हर्निया, हाइड्रोशील, वैरीकोशील एपेंडिस्क और सड़क हादसों में घायल होने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी।
>
> **डॉ. दशरथ राव (एसएमओ नागरिक अस्पताल)**

# अवैध हॉर्डिंग को लेकर रविंद्र जैन ने फिर उठाई आवाज तो बनी कमेटी

**गुरुग्राम।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सदस्य रविंद्र जैन ने एक बार फिर से शहर में अवैध हॉर्डिंग का मुद्दा उठाया। बैठक ले रहे मंत्री जेपी दलाल को उन्होंने साफ कहा कि अवैध विज्ञापनों से नगर निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। इस पर संज्ञान लिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सामने भी यह मुद्दा उन्होंने उठाया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने आदेश भी दिया था कि बिना नगर निगम की अनुमति के कोई विज्ञापन नहीं लगना चाहिए। स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अनेक विज्ञापन आज भी लग रहे हैं। उनके आग्रह पर मंत्री जेपी दलाल ने पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर इस विषय पर कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के संयुक्त आयुक्त को इन अवैध हॉर्डिंग की फोटो तुरंत भेंजें। कार्यवाही होगी।

# नागरिक अस्पताल में विधायक ने सीएम स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना शुरू की



शनिवार को सोहना के नागरिक अस्पताल में विधायक संजय सिह आयुष्मान लाभार्थियों को कार्ड वितरण करते हुए।

**सोहना।** सोहना विधायक संजय सिंह ने शनिवार को नागरिक अस्पताल में प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 35 के लगभग आयुष्मान लाभार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए।

नागरिक अस्पताल में ई उपचार के तहत आम नागरिकों स्वास्थ्य की जांच शिविर चलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 29 नवंबर से लागू की गई मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना का शनिवार को शुरूआत की गई। इस अवसर पर सोहना के विधायक संजय सिंह ने प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया। उन्होने प्रदेश के नागरिकों को आयुष्मान स्वास्थ्य बिना योजना की जानकारी दी। सोहना विधायक संजय सिंह ने बताया कि निरोग स्वास्थ्य मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ा रत्न होता है। प्रदेश सरकार द्वारा मुफ्त उपचार योजना का नागरिकों को लाभ लेना चाहिए। क्योंकि वर्तमान के समय में बड़े अस्पतालों में उपचार कराना गरीब परिवार की जीवन में कमाई गई संपत्ति को उपचार में एक साथ दे देता है। प्रदेश मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य योजना के गरीब से गरीब परिवार को फ्री में लाभ देने के लिए 5 लाख रुपये तक उपचार फ्री में कराने की योजना को लागू किया है। जिसका आम नागरिकों को लाभ लेना चाहिए। विधायक ने कहा कि स्थानीय अस्पताल में बहुत ही जल्द 100 बेड वाले अस्पताल की सुविधाएं लागू होगी। जिसकी करीब एक साल पहले मुख्यमंत्री ने खंड के गांव सरमथला में की थी।

# खेल इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर होंगे खेलो हरियाणा यूथ गेम्स



खेलो हरियाणा यूथ गेम्स को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

## खेलो हरियाणा यूथ गेम्स में गुरुग्राम को मिली तीन खेलों की मेजबानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खेलो** इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर हरियाणा में 16 से 18 दिसंबर तक खेलो हरियाणा यूथ गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। जिनमें प्रदेशभर से 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों भाग लेंगे।

खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के तहत प्रदेश के 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के व लड़कियों के खेल मुकाबले प्रदेश में 9 जगहों पर होंगे। इसमें गुरुग्राम जिला को तीन खेलों नामत: जूडो, आरचरी यानी तीरंदाजी तथ फुटबॉल खेलों के मुकाबले करवाने की मेजबानी मिली है। इन तीन खेल स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाने के लिए प्रदेश भर के सभी 22 जिलों से 1144 खिलाड़ी 15 दिसंबर को ही गुरुग्राम पहुंच जाएंगे, जिनमें लड़के व लड़कियां दोनों शामिल होंगे। प्रदेशभर से गुरुग्राम आने वाले इन खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने से लेकर ठहरने और खानपान में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो, इसके लिए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों की एक बैठक लघु सचिवालय में बुलाई, जिसमें सभी को खेलों के आयोजन से संबंधित अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।

उपायुक्त यादव ने कहा कि प्रदेश के दूसरे जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रबंध अच्छे हों, ताकि वे यहां से सुखद अनुभव लेकर अपने घरों को जाएं। ये सभी खिलाड़ी 15 दिसंबर को गुरुग्राम में नेहरू स्टेडियम में रिपोर्ट करेंगे, जहां से इन्हें इनके ठहरने के स्थानों पर भेजा जाएगा। खेल विभाग को जुडो, आर्चरी और फुटबॉल के मुकाबले करवाने के लिए खेल मैदानों का चयन करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा वे खिलड़ियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करके जिला प्रशासन को बताएंगे और उसी अनुसार अगले एक-दो दिन में उन स्थानों पर ठहरने व खानपान आदि की व्यवस्था कर दी जाएगी। ठहरने के स्थानों पर व्यवस्था करने में गुरुग्राम नगर निगम तथा खानपान आदि व्यवस्थाओं में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी सहयोग करेंगे। इन खिलाड़ियों के ठहरने के लिए सामुदायिक केंद्रों तथा धर्मशालाओं आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। खिलाड़ियों को ठहरने के स्थान से खेल मैदान तक लाने व ले जाने के लिए बसों का प्रबंध किया जाएगा।

# स्वामित्व योजना ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने में कारगर




स्वामित्व योजना को लेकर बैठक में मौजूद अधिकारी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** हरियाणा के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए स्वामित्व योजना के लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने प्रधान सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग के उपरांत स्वामित्व योजना से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि जिला के सभी गांवों के लोगों को उनका मालिकाना हक दिए जाने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि प्रोपर्टी कार्ड से संबंधित शत-प्रतिशत कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना सरकार की प्राथमिकता है और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सरकार की मंशा के अनुसार ही काम करना है। सरकार के निर्देशों के अनुसार लंबित कार्यों में तेजी लाकर प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक मिले इसके लिए सक्रिय भूमिका अदा करते हुए कार्य करें। इस अवसर पर गुरुग्राम के एसडीएम रविंदर यादव, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जीएम सरसों को मंजूरी से भारतीय कृषि में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा

## डॉ. शिवेंद्र बजाज एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन ने कहा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जेनेटिक** इंजीनियरिंग एप्रेजल कमिटी (जीईएसी) द्वारा जीएम सरसों को बहुत दिनों से लंबित अनुमति मिलने से भारत को दो अच्छी खबरें मिली हैं। पहला, सरसों की अनुवांशिक रूप से संशोधित किस्म से देश में उत्पादन बढ़ाकर खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी। तो दूसरी ओर, इससे जेनेटिक इंजीनियरिंग द्वारा विकसित अन्य फसलों को मंजूरी दिलाने में मदद मिलेगी। इससे हमें खाद्य सुरक्षा और पोषण की सुरक्षा हासिल करने में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

जीईएसी के इस ऐतिहासिक निर्णय द्वारा पहली बार एक खाद्य फसल के वाणिज्यिक उपयोग की अनुमति मिली है। डॉ. शिवेंद्र बजाज, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशनके अनुसार अभी तक भारत में अखाद्य बीटी कपास की फसल के ही वाणिज्यिक उत्पादन की अनुमति थी। जीएम सरसों की किस्म, धारा मस्टर्ड हाईब्रिड (डीएमएच)-11 को पूरी तरह से अप्रमाणिक और अवैज्ञानिक आधारों पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। चूंकि जीएम सरसों को जीईएसी की तकनीकी निकाय से मंजूरी मिली है, जिससे साबित होता है कि यह खाद्य तेल मानवों द्वारा उपयोग किए जाने और पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। भारत सरकार भी जीएम सरसों के वाणिज्यिक उपयोग को लेकर काफी आशान्वित है। इसलिए नए और उच्च पैदावार वाले जीएम सरसों हाईब्रिड और बीजों को जल्द ही हरी झंडी मिलने की उम्मीद है।

जीएम सरसों खेल परिवर्तक बनने वाला है। यह ज्यादा पैदावार, पानी और उर्वरक के प्रभावशाली उपयोग, तेल की बेहतर गुणवत्ता और बीमारी की प्रतिरक्षा वाले हाईब्रिड का विकास करने का अवसर देता है। भारत में घरेलू तेल का उपयोग 1990 के बाद 2.5 गुना से 3 गुना बढ़ चुका है, जबकि इसके उत्पादन में मामूली बढ़त हुई है। इस वजह से हम घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अधिकांशत: आयात पर निर्भर हैं। 2020-21 में हमने लगभग 13.35 मिलियन टन खाद्य तेल का आयात किया। डॉ. शिवेंद्र बजाज, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशनके अनुसार सरसों का तेल भारत में बहुत ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाद्य तेल है। सरसों की औसत पैदावार 1,000 से 1,300 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की है, जो ऑस्ट्रेलिया, चीन, और कैनेडा जैसे देशों के मुकाबले बहुत कम है।

# खूनी सड़कें: 11 महीने में 533 हादसों में 226 मौत और 416 घायल

कविता। फरीदाबाद

प्रशासन के अधिकारी सड़क सुरक्षा के तहत शपथ ग्रहण करवा रहे है, लेकिन शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही हाइवे समेत तमाम रास्तों पर लोग नियम तोड़ते नजर आए। वहीं दूसरी तरफ जिले में खस्ता हाल सड़कों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में सैंकड़ों लोग अपनी जान गवां रहे हैं।

वर्ष 2022 में जनवरी से नवंबर यानी 11 माह में करीब 533 सड़क हादसों में 226 लोगों की मौत और 426 लोग घायल हो गए। पिछले चार वर्षों (2019 से 2022 नवंबर) में 2216 सड़क हादसों में 896 लोग अपनी जान

### चार साल में हुए 2216 सड़क हादसों में 896 की चली गई जान, 1895 हुए घायल

गवां चुके है और 1895 लोग घायल हुए हैं।

जगह-जगह दिशा सूचक पट्ट और अलर्ट बोर्ड लगाने के बावजूद पिछले चार सालों में शहर की अंदरूनी सड़कों पर हादसे बढ़ गए हैं। वर्ष 2019 में जिले में 689 हादसों में 264 मौत और 635 लोग घायल हुए। वर्ष 2020 में जिले में 489 सड़क हादसों में 195 मौत और 421 लोग घायल हुए। वर्ष 2021 में 505 सड़क दुर्घटनाओं में 211 लोगों की मौत और 423 लोग घायल हुए थे। वर्ष 2022 की बात की जाए तो पिछले 11 माह में 533 सड़क हादसों में 226 लोगों की मौत और 426 लोग घायल हो गए।



अजरौंदा में हाइवे पर नियम तोड़ कर रॉंग साइड चलते वाहन चालक।



एसके शर्मा।

**हाइवे पर कम हादसे :** नेशनल हाइवे पर पिछले चार वर्षों में सड़क हादसे कम हुए हैं। इसमें हाइवे पर वर्ष 2019 में 205 हादसों में 105 मौत और 164 घायल हुए हैं। अन्य सड़कों पर 484 हादसों में 159 मौत और 471 लोग घायल हुए। वर्ष 2020 में हाइवे पर 122 हादसों में 59 मौत और 99 लोग घायल हुए। अन्य सड़कों पर 377 हादसों में 136 मौत और 322 लोग घायल हो गए। 2021 में नेशनल हाईवे पर 119 हादसों में 61 मौत और 97 घायल हुए। अन्य सड़कों पर 386 हादसों में 150 मौत और 326 लोग घायल हो गए। वहीं वर्ष 2022 में नेशनल हाईवे पर 122 सड़क हादसे में 78 की मौत और 62 घायल हुए। अंदरुनी सड़कों पर 2022 में 411 हादसों में 148 की मौत और 354 घायल हुए।

**हादसों में कमी का प्रयास :** रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि सड़क हादसों के पॉइंट चिन्हित कर उनमें कमी लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सड़कों की खस्ता हालत के कारण थोड़ी परेशानी आ रही है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोग लगातार आगे आ रहे हैं।

# घरेलू सहायक युवती ने मकान मालिक पर वैश्यावृति का आरोप लगाकर काटा हंगामा

### पुलिस का कहना है कि वेतन के पैसे न मिलने पर युवती कर रही थी हंगामा

कविता। फरीदाबाद

सेक्टर 21डी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एसजीएम नगर एफ ब्लॉक में बीती रात चीख पुकार सुनकर लोग बाहर निकले तो वहां एक युवती रो रही थी। युवती सिर और हाथ पर चोट लगी हुई थी।

पूछताछ करने पर युवती ने लोगों को बताया कि यहां घरेलू नौकरानी का काम करती है। लेकिन मकान मालिक उससे वैश्यवृति का धंधा करवा रहे थे। वेतन के पैसे मांगने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है। उसने एक ऑटो चालक मदद से चोट पर पट्टी करवाई है। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस युवती को थाने ले गई। युवती द्वारा समाचार लिखे जाने तक शिकायत न दिये जने से पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि वेतन के पैसे न मिलने के कारण युवती ने हंगामा किया है। शिकायत के संदर्भ में सलाह मशवरा करने के लिए, युवती ने गुरुग्राम से अपनी सहेली को बुलाया है।



गली में हंगामा करते हुए युवती, पास खड़े लोग व पुलिसकर्मी।

**युवती का आरोप :** रात को ढ़ाई बजे युवती ने लोगों को बताया कि वह इस मकान में घरेलू नौकरानी का काम करती है। मकान मालिक ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और उसके पैसे नहीं दिए। वह उससे यहां वैश्यावृति का काम करवाता था। वह असम से उसे घरों में काम दिलवाने के लिए यहां लेकर आया था, लेकिन वह अपनी पत्नी के संग मिलकर उससे वैश्यावृति करवा रहा था। अब वह दुखी होकर अपने गांव जाने के लिए उससे पैसे मांगने लगी तो आरोपियों ने उसे मारपीट कर निकाल दिया और घर को ताला लगाकर गायब हो गया। ऑटो चालक के पूछने पर आरोपी ने कहा कि युवती के पैसे हैं उसके पास। उसने इतना कहकर फोन काट दिया। वहीं युवती ने कुछ पुलिस कर्मचारियों पर आरोपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है।

**पीआरओ का कथन :** पुलिस पीआरओ सूबेसिंह का कहना है कि युवती को एनआईटी थाना पुलिस लेकर आई है। युवती ने बताया कि वैश्यावृति की बात उसने झूठ कही है। उसके काम के पैसे नहीं। आरोपी उसे पैसे नहीं दे रहा था। जिस कारण वह हंगामा कर रही थी। वहीं उनसे जब मारपीट और युवती के घायल होने के विषय में पूछा तो उन्होंने बताया कि युवती का मालकिन से पैसों को लेकर झगड़ा हो गया था। वहीं पुलिस से आरोपी की मिलीभगत के विषय में उन्होंने बताया कि वह अब कुछ भी नहीं बता रही है। उसने अपनी सहेली को बुलवाया है। सहेली से सलाह मशविरा कर युवती पुलिस को शिकायत देगी। जिसके बाद पूरे मामले की जांच पड़ताल की जाएगी।

# 26 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास के घेराव की चेतावनी

फरीदाबाद। पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा में 2006 के बाद नियुक्त कर्मचारियों/ अधिकारियों के लिए 2018 से लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रही है इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र धारीवाल के नेतृत्व में संघर्ष समिति द्वारा प्रदेश में लगातार पेंशन आंदोलन चलाया जा रहा है जिला सचिवालय पर हजारों की संख्या में पहुंचे सभी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों ने पुरानी पेंशन नीति की बहाली के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता संघर्ष समिति के जिला प्रधान राजेश भाटी और मंच संचालन सुनील पाराशर व देवेन्द्र गौड़ ने किया।

जिला प्रधान राजेश भाटी ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति सम्बंधित नैशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रयास से चार राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और पंजाब में पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है और हिमाचल में पुरानी पेंशन नीति को बहाल ना करने पर कर्मचारियों ने संगठित हो सत्तासीन दल को सत्ता से बाहर करने का काम किया। संघर्ष समिति को समर्थन देने पहुंचे सभी संगठनों ने गठबंधन सरकार से प्रदेश में आगामी शीतकालीन सत्र में पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने की मांग की। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीतकालीन सत्र में गठबंधन सरकार पुरानी पेंशन बहाल नही करती तो संघर्ष समिति 26 फरवरी 2023 को बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। इस अवसर पर प्रदर्शन में पहुंचे बिजली विभाग से सियाराम, डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन से सुंदर घेराव कर आर पार के आंदोलन होगा।



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के बाहर पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

# वरिष्ठ समाजसेवी सीए तरुण गुप्ता ने दिलाई शपथ

फरीदाबाद। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शपथ ग्रहण का आयोजन सेक्टर 10 में स्थित जीटीके एंड कंपनी के डॉयरेक्टर वरिष्ठ समाजसेवी सीए तरुण गुप्ता ने अपने स्टॉफ के सभी सदस्यों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुए संकल्प लिया कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे। सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखेंगे।



सीए तरुण गुप्ता ने कहा कि वह खुद यातायात नियमों का हमेशा पालन करते हैं और दूसरों को प्रेरित करते हैं। इसलिए गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगानी चाहिए। यदि दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जब भी आप सड़क पर अपनी गाड़ी में चल रहे हैं तो एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहले रास्ता देना चाहिए। रास्ते में सड़क पर कोई दुर्घटना देखें तो पीड़ित की मदद करनी चाहिए।

# विश्व भारती शिक्षा केन्द्र में वार्षिकोत्सव पुरस्कार समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विश्व भारती शिक्षा केन्द्र, चावला कालोनी बल्लबगढ़ के महेश कौशिक स्मृति सभागार में वार्षिक पुरस्कार समारोह 2222-23 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा दस तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के चैयरमैन प्रख्यात शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. एसएन भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा केन्द्र देश और समाज को संस्कार युक्त मेधावी छात्र देता रहा है और भविष्य में भी ऐसा करने के लिए कृतसंकल्प है। सिविल सेवा से लेकर देश की अनेक उच्च और प्रतिष्ठित सेवाओं में केन्द्र के विद्यार्थी कार्य कर के विद्यालय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। शिक्षा केन्द्र की सचिव प्रख्यात शिक्षाविद प्रवीन भारद्वाज ने कोरोना काल में बेहतरीन कार्य करने के लिए विद्यालय के सभी स्टाफ मेम्बर्स का धन्यवाद किया तथा इस काल में विशेष तथा अथक परिश्रम से कार्य करने के लिए केंद्र के मुख्याध्यापक विष्णु कुमार शर्मा और अकाउन्ट्स विभाग की प्रमुख सुभद्रा मिश्रा को कोरोना योद्धा अवार्ड से सम्मानित कियाा। इस अवसर पर अनेक अभिभावक गण ने विद्यालय के विषय में अपने विचार रखें।

विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी ईश्वर खटाना और मूलचंद कटारिया ने कहा कि हमारी दूसरी पीढ़ी भी इसी विद्यालय में पढ़ रही है क्योंकि इस क्षेत्र में इस विद्यालय से श्रेष्ठ कोई दूसरा विद्यालय नहीं। विद्यालय की ओर से मुख्याध्यापक विष्णु कुमार शर्मा, उच्चविभाग के प्रमुख शैलेन्द्र मिश्र ने अपने विचार रखे। किड्स जोन प्री स्कूल की इन्चार्ज मंजु मित्तल ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की घोषणा की। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका मोहिता बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्रगण और नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमृता अस्पताल: इंडस्ट्रियल एक्सपो में लगाया स्टॉल

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

### केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने हास्पीटल के एडी स्वामी निजामृतानंद पुरी के साथ किया उद्घाटन

एचएसआईआईडीसी आईएमटी क्लब ग्राउंड में 10 से 12 दिसंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय आईएमटी इंडस्ट्रियल एक्सपो की शुरुआत हो चुकी है। इस एक्सपो में प्रदेश भर से औद्योगिक संस्थानों को आमंत्रित किया गया है।

ट्रेड फेयर का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अमृता अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामुतानंद पुरी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान आईएमटी इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रेजिडेंट प्रमोद राणा भी मौजूद रहे।



अमृता अस्पताल के स्टाल का अवलोकन करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने स्वामी निजामुतानंद के साथ अमृता अस्पताल के स्टॉल का मुआयना किया। अमृता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह और स्वामी जी ने राज्य मंत्री को अमृता अस्पताल के चिकित्सा विभाग और विशेषताओं के बारे में बताया। पिछले साल इस एक्सपो में करीब 220 उद्योगों ने भाग लिया था और 25 से 30 हजार विजिटर्स आए थे। इस साल भी लगभग 300 से ज्यादा औद्योगिक संस्थानों भाग लिया है और 25 हजार से ज्यादा विजिटर्स के आने की संभावना है। इस बार लगभग 5 हजार से ज्यादा औद्योगिक संस्थानों को ईमेल भेजकर आमंत्रित किया गया था। आम जनता के लिए ट्रेड फेयर का दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

# रावल अकादमी ने जीता पांच विकेट से मैच

फरीदाबाद। अंडर-14 प्रेक्टिस मैच रावल इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी और रॉयल क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। जिसमें रॉयल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

रॉयल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। जिसमें कबीर ने 118 गेंदों पर 77 रन बनाए। वहीं वरूण ने 31 गेंदों में 32 रन बनाए। रावल के गेंदबाज कुशाग्र पुरी ने 3 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य डागर और कर्तव्य भारद्वाज ने 2-2 विकेट लिए। वहीं रावल अकादमी के बल्लेबाजों ने 32 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 186 रन जीत लिए। जिसमें विराट त्यागी ने 41 गेंदों में 50 रन बनाए। देव भड़ाना ने 60 गेंदों में 49 रन बनाए। वहीं देव मुंजाल ने 38 गेंदों में 23 रन बनाए। रॉयल के गेंदबाज हर्ष और पियुष ने 1-1 विकेट लिए। अंत में यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ने 5 विकेट से मैच जीत लिया।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा महिला विरुद्ध अपराध में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व उनकी टीम ने एक आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शीशपाल है। जो फरीदाबाद के ओल्ड एरिया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ महिला थाना सेंट्रल में पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने पड़ोस में रहने वाली एक 12 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की। आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले 1 वर्ष से लड़की को परेशान कर रहा था गलत नियत से उसके साथ संपर्क में आने की कोशिश कर रहा था।

# रामबाण साबित होगी आयुष्मान कार्ड योजना : गुर्जर

### फरीदाबाद में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने हरियाणा चिरायु योजना के तहत वितरित किए गोल्डन कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सीएम को लाइव सुनते हुए जनता, मंत्री, विधायक, डीसी और सीएमओ व अन्य चिकित्सक

भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने शनिवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल बीके में हरियाणा चिर आयु योजना के तहत गोल्डन कार्ड वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में चिर आयु स्वास्थ्य योजना गरीब परिवारों के लिए रामबाण साबित हो रही है। हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य देश में जरूरतमंद व वंचितों को स्वास्थ्य सुविधाएं देना था। हरियाणा में भी एसईसीसी सूची के अनुसार पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। देश में मोदी जी और प्रदेश में मनोहर जी की सरकार है और दोनों ने हमेशा यही कहा है कि हमारी सरकार देश को समर्पित सरकार है। मोदी और मनोहर की योजना में गरीब व्यक्ति सबसे पहले आता है।

भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में चिर आयु स्वास्थ्य योजना अंत्योदय परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिला फरीदाबाद में 141000 से अधिक परिवारों के 562000 से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इन सभी लोगों का साल में दो बार फ्री में स्वास्थ्य हेल्थ चेकअप किया जाएगा। जरुरत पड़ने पर इलाज भी फ्री में किया जाएगा।

पंडित दीनदयाल का अंतोदय का सपना कि समाज में अंतिम पायदान में खड़ा हुआ व्यक्ति का उत्थान हो वह भी आगे बढ़े उस सपने को साकार भाजपा सरकार कर रही है। जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को हम समाज की मुख्यधारा में नहीं रहेंगे तब तक भारत देश कभी भी विकसित देश नहीं बन सकता। इसलिए मुफ्त में गैस सिलेंडर करोणा काल के 2 साल में 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज पहली बार गर्भवती हुई बहनों को खुराक के लिए रुपये 5000 देने की बात मुफ्त में वैक्सीनेशन कराना गरीबों को अलग से 10 प्रतिशत का आरक्षण देना ऐसी अनेकों योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### समारोह में खेड़ी गुजरान कॉलेज ने मारी बाजी



फरीदाबाद। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित फरीदाबाद-झज्जर जॉन के क्षेत्रीय युवा समारोह में राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, तथा कॉलेज का परचम लहराया। इस समारोह में फरीदाबाद झज्जर तथा पलवल के 35 कॉलेजों ने हिस्सा लिया। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान के छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कई पुरस्कार प्राप्त किए। भारती को क्ले मॉडलिंग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समनूर को उर्दू कविता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। माधव झा को संस्कृत श्लोक उच्चारण में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पूनम को रंगोली में तथा निशा को पोस्टर मेकिंग में स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता मलिक ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया। सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉक्टर सुनील शर्मा ने बताया के विजेता विद्यार्थी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में जनवरी माह के दौरान होने वाले अंतर क्षेत्रीय युवा समारोह में भाग लेने जाएंगे।

### 17 सूत्रीय मांगों के लागू होने से जीवन स्तर में होगा सुधार



फरीदाबाद। प्रदेश के लोगों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर 17 सूत्रीय मांगों को लागू कराने के लिए पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कवायद शुरु कर दी है। जिसके लिए पूर्व मंत्री ने लोगों के साथ बैठक का सिलसिला भी शुरु कर दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को करतार सिंह भड़ाना के निमंत्रण पर फिरोजपुर झिरका के लगभग 30 गांवों के पंच, सरपंच व नंबरदार सूरजकुंड रोड स्थित अनंगपुर कार्यालय पर पहुंचे। पंच, सरपंच, नंबरदारों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि 17 सूत्रीय मांगों से वे लोगों को एक अच्छा व खुशहाल जीवन देना चाहते हैं। रोटी, कपड़ा, मकान, स्कूल व अस्पताल आम लोगों के लिए अति आवश्यक है। जोकि हर नागरिक को मिलना भी चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज के युग में व्यक्ति जो भी काम करता है, उसके पीछे कुछ-न-कुछ लालच छिपा रहता है। लालच तो उन्हें भी है, वह चाहते हैं की अपने प्रदेश के लिए कुछ ऐसा कर जाएं की बाद में भी लोगों के बीच जिंदा रह जाएं।

### वार्षिक खेल उत्सव का किया आयोजन




फरीदाबाद। आदर्श विद्या निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 19, फरीदाबाद के प्रांगण में 9 और 10 दिसंबर 2022 को दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव एवनाथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरबीर सिंह अधाना, एडइओ फरीदाबाद तथा डॉक्टर सुखपाल सिंह सचिव ऑल इंडिया कबड्डी फेडरेशन, विद्यालय प्रबंधक दीपक गुप्ता, शैक्षिक प्रबंधक पुष्पलता, संचालिका इशिता जैन, प्राचार्य सुनीता खुल्लर की उपस्थिति में खेल उत्सव की मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दो दिवसीय इस उत्सव में मार्च पास्ट, शपथ ग्रहण, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एकाग्रता, धैर्य और मनोबल से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभाएं देख अति प्रसन्न दिखे। अतिथिगण और प्राचार्या ने छात्रों के मनोबल और आत्मविश्वास की अत्यंत सराहना करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेडल तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन



फरीदाबाद। शिक्षा निदेशालय हरियाणा सरकार के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में दिनांक 9 दिसंबर 2022 को आयोजित एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम के बीएससी फिजिक्स ऑनर्स तृतीय वर्ष के दोनो छात्रों मनविंदर और एकांश ने चुंबकीय कण त्वरण पर आधारित भौतिकी मॉडल प्रस्तुत किया। जिसके लिए टीम को 1000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह मॉडल असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निशा गिल की देखरेख में मॉडल प्रस्तुत किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने दोनों छात्रों को बधाई दी है और उनकी मेहनत की सराहना की है। प्राचार्य महोदय ने इसके लिए डॉ. संजीव गुप्ता और भौतिकी विभाग के अन्य सदस्यों को शुभकामनायें दीं।

### ब्राह्मण सम्मेलन में सभी जातियों के वकील सम्मिलित होंगे



फरीदाबाद। ब्राह्मण सम्मेलन में सर्वधर्म सम्भाव के दर्शन होंगे। वकील समुदाय भी के सम्मेलन में भागीदारी कर सामाजिक समरसता का संदेश देते दिखाई दे सकते हैं। इस सम्मेलन की सफलता के शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व अन्य अधिवक्तागण जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। हरियाणा प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र करनाल में 11 दिसंबर को होने वाला भगवान परशुराम महाकुंभ खास होने जा रहा है। प्रदेश में यह पहला ब्राह्मण सम्मेलन हो रहा है। फरीदाबाद से सैकड़ों वकील रवाना होंगे, आप लोग वहां पर ताकत दिखाओगे। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव चौधरी, जोगिंदर, जोगिंदर, भारत भूषण, सर्वेश कौशिक, अनुज शर्मा, विभिन्न यादव, कुलदीप जोशी, विजय यादव, बॉबी रावत, महेश यादव, आशीष कौशिक, रवि भाटी और मंजेश भड़ाना, रोहित चपराना, आसिफ रोहित अपर्णा और आशीष कौशिक, रवि भाटी व सैकड़ों वकील मौजूद रहे।

### गुलाब क्रिकेट अकेडमी ने 97 रन से जीता मैच

फरीदाबाद। सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया। यह लीग मैच गुलाब क्रिकेट अकेडमी और शिव नादर स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। इस मैच में गुलाब क्रिकेट अकेडमी ने शिव नादर स्पोर्ट्स को 97 रन से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच श्री धर्मेंद्र फागना जी ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और गुलाब क्रिकेट अकैडमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। गुलाब क्रिकेट अकैडमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 247 रन का लक्ष्य रखा। गुलाब क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रांशु ने 63 गेंदों पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से सर्वाधिक 61 रन, तन्मय ढींगरा ने 61 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 52 रन, अरिन बघेल ने 44 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 32 रन का योगदान दिया। शिव नादर स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए हिंसंश ने 6 ओवर 34 रन देकर 3विकेट , अंशुल ने 8 ओवर में 48 रन देकर 3 विकेट, अभिषेक और गुरतेज ने 1/1 विकेट हासिल किया।

# कानून-व्यवस्था पर फोकस, 85 पुलिसकर्मी इधर-उधर

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले में कानून** व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पिछले 36 घंटों में, बड़े पैमाने पर 56 पुलिस आरक्षियों, एक प्रभारी निरीक्षक एवं 28 उपनिरीक्षकों सहित कुल 85 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए।

पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए फतेहगढ़ पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार बिंद को फतेहगढ़ न्यायालय सुरक्षा पद पर तैनात किया। फर्रुखाबाद रेलवे रोड चौकी प्रभारी दिनेश यादव को फर्रुखाबाद कोतवाली से सम्बद्ध किया गया। आईटीआई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मोहम्मद सरताज को कंपिल थाना भेजा गया। फर्रुखाबाद पल्ला चौकी उपनिरीक्षक उदयवीर को अमृतपुर थाना स्थानांतरित किया गया। फतेहगढ़ कर्नलगज चौकी इंचार्ज रहमत खांन को मीडिया सेल प्रभारी बनाया गया और मीडिया सेल प्रभारी से उप निरीक्षक हेमंत कुमार को कर्नलगंज चौकी इंचार्ज बनाया गया। इसी क्रम में फतेहगढ़ याकूतगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक, प्रशांत कुमार को कमालगंज थाना भेजा गया। सेंट्रल जेल चौकी इंचार्ज सोहेल खांन को मऊदरवाजा थाना में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया।

फतेहगढ़ सिविल लाइन चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह को फतेहगढ़ कोतवाली से सम्बद्ध किया गया। यहां की मेडिकल कॉलेज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार यादव को कायमगंज कोतवाली भेजा गया। मऊदरवाजा थाना की बीवीगंज चौकी इचार्ज उपनिरीक्षक मुनीर खांन को नवाबगंज थाना भेजा गया। पखना चौकी इंचार्ज एसआई, किरण पाल नागर बीबीगंज चौकी इंचार्ज पद पर भेजा गया। अमृतपुर थाना की महिला उपनिरीक्षक सुधा पाल को फतेहगढ़ सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज बनाया गया।

कंपिल थाना के उपनिरीक्षक दीपक द्विवेदी फर्रुखाबाद रेलवे रोड चौकी इंचार्ज पद पर भेजा गया। थाना कमालगंज के उपनिरीक्षक अनिल कुमार प्रजापति को याकूतगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पद पर भेजा गया। मऊदरवाजा थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगदीश वर्मा को सेंट्रल जेल पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया। कायमगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार कश्यप को कायमगंज मंडी चौकी इंचार्ज बनाया गया। कायमगंज मंडी चौकी के उपनिरीक्षक अमित कुमार शर्मा को फर्रुखाबाद पांचालघाट चौकी इंचार्ज बनाया गया। इसके साथ ही फर्रुखाबाद पांचालघाट चौकी से योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव को पल्ला चौकी इंचार्ज बनाया गया।फतेहगढ़ कोतवाली के एसआई दिलीप कुमार को फर्रुखाबाद बजरिया चौकी इंचार्ज बनाया गया । अमृतपुर थाना के उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव को नवाबगंज थाना भेजा गया और नवाबगंज थाने के एसआई नरसिंह को थाना अमृतपुर भेजा गया। फतेहगढ़ सेशन हवालात के एसआई विवेक कुमार का तबादला नवाबगंज थाने के लिए हुआ। जोनल रिजर्व के एसआई सुनील कुमार यादव को फर्रुखाबाद कोतवाली भेजा गया। फतेहगढ़ पुलिस लाइन में एसआई सुरेश सिंह की तैनाती जोनल, रिजर्व में की गई। इसी क्रम में यूपी 112 के एसआई आदित्य कुमार को फतेहगढ़ सेशन हवालात के पद पर भेजा गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से 8 दिसंबर 2022 को पुलिस अधीक्षक ने फर्रुखाबाद-फतेहगढ़- राजेपुर-कमालगंज-कायमगंज-मेरापुर, थानों के साथ ही कंप्यूटर ऑपरेटर परिवाहन शाखा पुलिस लाइन मोहम्मदाबाद सहित 56 पुलिस आरक्षियों को स्थानांतरित किया गया था।

## गैंगस्टर में वांछित, पंद्रह हजार रुपए का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर में वांछित ,पंद्रह हजार रुपए का पुरुस्कार घोषित अपराधी राजू उर्फ दादो ऊर्फ दादा पुत्र स्व सियाराम पहलवान उम्र लगभग पैंतीस वर्ष निवासी तलेया फजल इमाम को एस ओ जी प्रभारी बलराज भाटी की टीम एवम् कोतवाली निरीक्षक अपराध अशोक कुमार सिंह ने हमराह के साथ सुबह बस स्टैंड शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर कोतवाली एवम् थाना मऊदरवाजा में विभिन्न धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त को न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा जा रहा है।

## रोड पर खड़े ट्रैक्टर के रोटावेटर से टकराई दो बाइक, चार घायल

**बछरावां रायबरेली।** बांदा बहराइच हाइवे पर जिलेदार गेस्ट हाउस के पास ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर से दो बाइके टकरा गई । हादसे में बाइको पर सवार चार युवक घायल हो गए । प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।

शुक्रवार रात लगभग दस बजे जिलेदार गेस्ट हाउस में एक शादी समारोह का आयोजन चल रहा था । गेस्ट हाउस के पास ही ट्रैक्टर रोटावेटर के साथ हाइवे किनारे खड़ा हुआ था । वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइको से रामबाबू (22) पुत्र गुरुप्रसाद , रोहित (21) पुत्र श्रीकृष्ण , अजय (23) पुत्र रामकुमार, लवकुश (22) पुत्र रज्जन निवासीगण किला मोहल्ला बछरावां चारों जैसे ही वापस आने के लिए निकले पास ही हाइवे किनारे खड़े टैक्टर में लगे रोटावेटर से टकरा गए । जिससे चारों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए । स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल अजय की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि मामले की सूचना मिली है । तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सिलेंडर में लीकेज होने से घर में लगी आग , वृद्धा झुलसी

**बछरावां रायबरेली।** देवीखेड़ा मजरे राघवपुर में सिलेंडर बदलते समय लीकेज होने से घर में आग लग गई । जिसमें वृद्ध महिला झुलस गई। जिसे प्राथमिक उपचत के बाद हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया है।शुक्रवार शाम लगभग आठ बजे देवी खेड़ा के रहने वाले ओमप्रकाश (25) पुत्र दिगपाल घर की रसोई में सिलेंडर की गैस खत्म हो जाने पर भरे हुए सिलेंडर को चूल्हे में लगा रहा था । जैसे ही सिलेंडर के ऊपर सील पैक का ढक्कन को खोला । तो अचानक तेजी से गैस का रिसाव होने लगा । घर की छत तक गैस फोर्स के साथ ऊपर जाने लगी । पास ही चूल्हे में उनकी मां चंद्रावती (62) खाना बना रही थी ।

## क्विक न्यूज

### गड्ढे में उतराता मिला युवक का शव

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव गांव बाहर गड्ढे में उतराता मिला है, जिसकी पंहिचान गांव बरौली निवासी सुरेश संखवार के पुत्र सरवन उर्फबिपिन चंद्र ( 27 ) के रुप में हुई है पिता सुरेश ने बताया कि बिपिन बीते शुक्रवार को सबेरे घर से निकला था लेकिन शांम को घर नही लौटा और आज सवेरे जब उसकी तलाश की गयी तो गांव के पूर्ब करीब एक कि0 मी0 दूर नाले के पास गडढ़े में पड़ मिला। उधर परिजनों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे और घटना के बावत पूछतांछ की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्य वाही की जायेगी।

### ओशो के जन्मदिन पर तीन दिवसीय शिविर

**रायबरेली ।** शहर के मनिका रोड स्थित फलक उत्सव लॉन में ओशो प्रेमियों के लिए दिनांक 9 दिसंबर से एक ध्यान शिविर चल रहा है। ओशो को देश और दुनिया के विभिन्न स्थानों पर उनकी अनोखी सोच और ध्यान के तरीकों के कारण प्रतिष्ठा मिली हुई है। रायबरेली जनपद में भी उनके अनुयायी हैं जिन्होंने इस वर्ष एक ध्यान शिविर का आयोजन किया है। शिविर में चेक गणराज्य से हेलेना और माल्टा से जेनिस भी आयी हुई है। हेलेना पिछले दो दशकों से दुनियाभर में ओशो के ध्यान शिविरों का आयोजन करती आ रही है। जेनिस का कहना हैं कि इस तरह के आयोजन मन-मस्तिष्क का सर्वांगीण विकास करने और प्रसन्न रहने में मदद करते हैं। आयोजन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त उपमहानिरीक्षक डॉ तहसीलदार सिंह ने किया।

### फर्रुखाबाद में ट्रेन से कटकर अधेड़ ग्रामीण की मौत

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ग्रामीण की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कमालगंज थाना क्षेत्र के हाजी नगला निवासी राकेश चंद्र कठेरिया उम्र करीब 55 वर्ष शनिवार तड़के घर से टहलने के लिए निकला। इसके बाद यह ग्रामीण पूर्वोत्तर रेलवे की श्रृंगीरामपुर रेलवे स्टेशन समीपवर्ती रेलवे ट्रैक को जब पार कर रहा था। तभी अचानक किसी ट्रेन के आने से उसकी कटकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अधेड़ ग्रामीण पिछले करीब एक साल से बीमार चल रहा था। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### युवक ने पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**सलोन।** पूरे शिवदीन गांव निवासी एक 22 वर्षीय युवक ने गांव से बाहर गिरे हुए पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के पूरे शिवदीन गांव निवासी मोहित कुमार स्वर्गीय सुरेश कुमार उम्र 22 वर्ष संदिग्ध कारणों से शनिवार की सुबह गिरे आम के पेड़ से चमड़े के बेल्ट से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह शौच के लिए जब गांव के लोग बाहर निकले तो आम के पेड़ से शव लटका हुआ देखा तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। मौके पर उसके परिजन पहुंचकर शव को पेड़ से बाहर उतारा तथा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी इस घटना की मिली सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। तथा शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### नेत्र शिविर में 35 मरीज मोतियाबिंद के आपरेशन के लिये हुए चिन्हित

**लालगंज रायबरेली।** आदर्श मेडिकल सेंटर ऊंचगाव उन्नाव के सौजन्य से क्षेत्र के शाहपुर में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 महेंद्र सिंह व डा0 देवेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ मिलकर 105 नेत्र रोगियो का परीक्षण किया। जिसमें 35 मरीजो को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। नेत्र शिविर के संयोजक संतबहादुर सिंह ने बताया कि शिविर में आपरेशन के लिये चिन्हित सभी मरीजो को बक्सर रोड ऊंचगाव में आदर्श मेडिकर सेंटर में निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा। जिसका खर्च संस्था स्वयं वहन करेगी। शिविर के व्यवस्थापक सतेंद्र बहादुर सिह ने बताया कि शिविर में 45 रोगियो को निःशुल्क चश्में प्रदान करने के साथ दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में उमड़ी भीड़ को देखते हुए आयोजको ने जल्द ही फिर नेत्र शिविर के आयोजन का आश्वासन नेत्र रोगियो को दिया है।

### थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**फतेहपुर।** शनिवार को संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली सदर में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें एक-एक कर फरियादियो की समस्याओ को सुनते हुए निस्तारण करने के साथ मौजूद सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया। सदर कोतवाली में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए राजस्व/पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम मौके का मुआयना करते हुए दोनों पक्षों के सामने सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराये। डीएम ने कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाये।

### भंडारा में भक्तों की उमड़ी भीड़

**फतेहपुर।** सिद्ध पीठ श्री तांबेश्वर मन्दिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं के अलावा राहगीरों ने उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को शहर के वीआईपी रोड स्थित सिद्ध पीठ श्री तांबेश्वर मन्दिर में भंडारे का आयोजन भक्त कैलाश चन्द्र द्वारा किया गया। इस दौरान मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ आस पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओ ने पूड़ी सब्ज़ी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।

### चलती बस में लगी आग



**बाँदा** 10दिसम्बर रोडवेज की बस न्90ज्1060 बांदा से बबेरू जा रही थी जब रोडवेज की बस कोतवाली देहात के जौराही गांव में पहुची तभी बस के इंजन में अचानक आग लग गई। बस के इंजन में अचानक आग लगने से बस के अंदर अफरा.तफरी मच गई लेकिन ड्राइवर ने समझदारी से काम लेते हुए बस को सड़क के किनारे लगा दिया। बस में सवार सभी 29 यात्रियों को सुरक्षित गाड़ी से बाहर निकाल दिया और फोन करके दमकल की गाड़ी को बुलाया। इसी बीच पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई और साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर रोडवेज में लगी आग पर काबू पाया इसी बीच बबेरू क्षेत्र से बांदा की ओर लौट रहे कांग्रेस के नेता मुमताज अली थी यहीं से गुजरे उन्होंने ही बस में आग लगी देखकर गाड़ी को रोक दिया और बस में यात्रियों की मदद करने के लिए पहुंच गए। फिलहाल रोडवेज बस में लगी आग पर काबू पाया जा चुका है और सभी 29 यात्री सुरक्षित हैअंबुजा त्रिवेदी सीओ सिटी बाँदाने घटना कि पुष्टि कि है

# स्मार्टफोन पाकर चहकीं छात्राएं

**फतेहपुर।** श्रीमती रामा अग्रहरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 395 छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मोबाइल फोन वितरित किया गया। देवीगंज स्थित श्रीमती रामा अग्रहरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता एवं विधायक विकास गुप्ता द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को 395 स्मार्टफोन वितरित किए गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास गुप्ता ने कहाकि केंद्र एव प्रदेश सरकार द्वारा युवाओ के विकास के लिये लगातार कार्य किये जा रहे है छात्राओं को पढ़ाई के साथ कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से स्वालंबी बनाया जा रहा है उन्हें हुनरमंद बनाकर रोज़गार एव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे है। उन्होंने कहाकि स्मार्टफोन के ज़रिए छात्राये इंटनेट से जुड़ सकेगीं और अपनी पढाई सम्बन्धी ज़रूरतों को इंटरनेट के ज़रिए अधिक जानकारी से जुड़ सकेगी व बेहतर तरीके से समस्याओ का समाधान कर सकेगी। उन्होंने योजना के लिये सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते हुए उनके प्रयासों की जमकर सराहना की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सचान ज्ञानू, भाजपा जिला प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल, भाजपा महिला मोर्चा उर्मिला लोधी, सभासद दिनेश तिवारी, कौण्डर प्रधान पीके गुप्ता, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, रंजना शुक्ला, राजेश गुप्ता, छोटे लाल कुशवाहा, प्रकाश चंद्र गुप्ता, पूजा गुप्ता, प्यारेलाल, नीरज गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय स्टाफके सदस्य उपस्थित रहे।

# जीएसटी टीम के नगर में होने की अफवाह से मचा हड़कंप

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** शनिवार को कायमगंज नगर में जीएसटी टीम होने की अफवाह तेजी से फैल गई, जिसके कारण नगर के व्यापारियों एवं कारोबारियों में हलचल मची रही,एक दूसरे से संपर्क कर जीएसटी टीम के बारे में पता करने का लगातार प्रयास करते दिखाई दिए।

आपको बताते चलें कि कायमगंज नगर में जीएसटी टीम होने की अफवाह शनिवार को पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही,दुकानदार अपनी दुकाने बंद कर इधर-उधर टहलते हुए नजर आने लगे आपको जानकारी देते चले पिछले काफी समय से कायमगंज नगर में लगातार कई बार जीएसटी टीम की छापामार कार्यवाही जारी रही है।

आए दिन कोई न कोई व्यापारी टीम की पकड़ में आकर टैक्स चोरी के मामले में फंसा हुआ नजर आया है,पिछले कुछ दिनों में जिला फर्रुखाबाद, कमालगंज, मोहम्मदाबाद में जीएसटी टीमों ने कई दुकानों आरा मशीनों, मोरम गिट्टी, कपड़ा, बर्तन, आभूषण आदि के यहां छापामार कार्यवाही कर टीम ने लाखों रुपए की कर चोरी का खुलासा करते हुए लाखों रुपया टैक्स के रूप में वसूल भी किया। इसी को लेकर कायमगंज में भी शनिवार को टीम आने की अफवाह फैल गई, इसी अफरा-तफरी के बीच पूरे कायमगंज नगर के दुकानदारों ने अपनीअपनी दुकानें बंद कर मौके से इधर- उधर होना ही उचित समझा, पूरे मार्केट में जगह-जगह लोग थोड़ी बहुत संख्या में एक साथ जमा होकर इसी बात पर आपस में चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे थे।

**छापामार टीम की** आने की खबर जैसे ही तीनों व्यापार मंडल गुटों को लगी,वैसे ही व्यापारी गण एवं व्यापारी नेता पूरे मार्केट में घूमते नजर आए,उनका कहना था कि जिस तरह टीम छापामार कार्यवाही कर रही है।

उससे तो व्यापारियों में काम करने की इच्छा खत्म हो जाएगी,इसके अलावा अगर टीम को छापा मारना ही है तो वह जीएसटी नंबर वाले के यहां मारे,जिन लोगों का जीएसटी नंबर नहीं लिया गया है,उन लोगों को जीएसटी टीम नंबर देने के लिए प्रेरित करें,और जीएसटी नंबर दिलवाए।

इस तरह से छपा मार कार्यवाही करना ठीक नहीं है,टीम आगमन की अफवाह पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज कौशल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री एवं नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, अमित सेठ,सुबोध कुमार गुप्ता उर्फ मंसाराम,पिंटू राठौर सहित सभी गुटों के अधिकांश व्यापार मंडल पदाधिकारी छापामार कार्यवाही का विरोध व्यक्त करते हुए बाजार की सड़कों पर उपस्थित दिखाई दिए।

# बंजर भूमि पर मकान का निर्माण जारी

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**अवैध निर्माण** और बंजर भूमि पर निर्माण पर तत्काल सक्रियता दिखाने वाले लेखपाल शिवम सिंह राठौर की नजर तहसील मार्ग पर बंजर भूमि गाटा संख्या 5400 पर न पड़ना व उस पर बिना किसी रोकटोक के निर्माण हो जाना किसी चमत्कार से कम नही है तहसील डलमऊ में बंजर भूमि के आंशिक भाग पर निर्माण को क्या नाम देंगे जब एक ही गाटा संख्या पर निर्मित भवनों में एक पर धारा 67 की कार्यवाही माननीय तहसीलदार न्यायालय में लंबित है और उसी गाटा संख्या के आंशिक भाग पर एक और मकान बिना किसी कार्यवाही के बनकर खड़ा हो जाता है जिस पर मौजूदा लेखपाल शिवम सिंह राठौर का कितना चढावा चढ़ा होगा इसका अंदाजा बड़े आराम से लगाया जा सकता है जबकि उक्त भूमि के बंजर होने की सम्पूर्ण जानकारी से लेखपाल डलमऊ भली भांति परिचित है मामला डलमऊ मुस्तकि़ल के गाटा संख्या 5400 का है जो अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है जिस बंजर भूमि पर पूर्व लेखपाल रामसरन यादव द्वारा बगल स्थित भू स्वामी पर वाद स्थापित किया था जिसका वाद संख्या 2759/2021 व कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या ज्202110580502759 गांव सभा बनाम पुरुषोत्तम प्रसाद उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 का लंबित है उसी भूमि के आंशिक भाग पर बन रहे दूसरे मकान पर डलमऊ लेखपाल की विशेष कृपा बनी हुई है जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही व विघ्न राजस्व विभाग व लेखपाल की ओर से नही डाला गया जिससे बंजर भूमि का आंशिक भाग पर भूमि स्वामी द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण करा लिया गया है शेष बंजर भूमि कहाँ है और कितनी शेष बची है इसकी जानकारी राजस्व विभाग को बिल्कुल भी नही है.इस प्रकरण पर उपजिलाधिकारी आशाराम ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी दोष सिद्ध होने पर कार्यवाही की जाएगी।

# घर मे घुसकर दलित महिला से छेड़खानी, मारपीट

## हैंडपंप से पानी भरने को लेकर हुआ विवाद, कोर्ट के आदेश पर 5 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बांदा।** बांदा में एक दलित महिला से घर मे घुसकर छेड़खानी और हैंडपंप से पानी भरने के बाद हैंडपंप न धुलने के विवाद में मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया हैए जहां एक महिला ने पुलिस से न्याय न मिलने के बाद कोर्ट की शरण ली हैए जिस पर कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने कर विवेचना किये जाने का आदेश पारित किया है। जिस पर पुलिस नें ब् ज् सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है। मामला मटौंध थाना इलाके के एक गांव का है। जहां की रहने वाली पीड़ित महिला ने शिकायत के दौरान बताया कि वह अनुसूचित जाति की महिला है और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। 31 अक्टूबर 2022 को शाम में घर पर अकेली थीए उसी दौरान गांव का एक व्यक्ति जबरन आ गयाए टीवी देखने लगाए महिला ने मना तो उसने बुरी नियत से पकड़ लिया और अश्लीलता करने लगाए महिला के विरोध करनेपर देख लेने की धमकी देते हुए चला गया। उसी दौरान 3 नवम्बर 2022 को सुबह महिला घर के पास में लगे हैंडपंप से पानी भर रही थीए उसी दौरान वही युवक अपने कई साथियों के साथ आ धमका और गंदी गंदी जातिसूचक गालियां देते हुए कहने लगा कि ष्तुमने हैंडपंप छू लियाए हमे पानी भरना हैए हैंडपंप धूलोष्ण् उसी दौरान महिला ने धुलने से मना किया तो दबंगो ने गंदी गंदी गालियां देते हुए जवानी उतारने की धमकी दे दी और घेरकर मारपीट कर दी। शोर मचाने पर बचाने आए लोगो के साथ भी इन लोगो ने मारपीट की। साथ ही घटना की शिकायत करने पर गांव में न रहने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित महिला ने यह भी आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नही हुई। इसलिए पीड़ित महिला ने पुलिस से न्याय न मिलने पर कोर्ट की शरण ली और कोर्ट के आदेश पर 5 लोगो के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

अभिनंदन ने मामले में बताया कि ष् कल एक 156ध्3 न्यायालय के निर्देश पर एक एफआईआर दर्ज हुई है जिसमे 354ए 147ए 323 ब् ज् धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। इसमे महिला जब पानी भरने जाती थी तो कुछ लोग उसके साथ अभद्र व्यवहार करते थेए जिसकी वजह से महिला ने कोर्ट में एप्लिकेशन डाली थीए उसी में केस दर्ज किया गया हैए आगे की विवेचना की जा रही है।

डपंप से पानी भरने के बाद न धुलने के कारण हुए विवाद के सवाल पर बताया कि देखिये ये विवेचना का विषय हैए उन्होंने जो एप्लिकेशन न्यायालय में डाली थीए उनके आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया हैए आगे की जो कार्यवाही है विवेचना में सामने आएगी।

# घरेलू उपचार से ही कोरोना जैसी महामारी को हराया: स्वप्निल

- **स्वप्निल वरुण ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के महाविद्यालय द्वारा किये गये आयोजन की सराहना की**

संवाददाता। घाटमपुर



**श्री शक्ति डिग्री** कालेज शाखाहारी एंव विद्या भारती उच्य शिक्षा संस्थान के संयुक्त रुप से महाविद्यालय परिसर में बिज्ञान शिक्षा की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों का बिकास बिषय पर आयोजित 15 दिवशीय कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कानपुर नगर श्रीमती स्वप्निल वरुण एंव उप शिक्षा निदेशक एस0एन0सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, इस अवसर पर अपने संवोधन में श्रीमती स्वप्निल ने कहा कि बेसिक साइंस का ज्ञान और उपयोग प्राचीन काल से ही हमार गांवों में होता चला आ रहा है, जिसका उदाहरण है कि जब पूरी दुनियां कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब भी हमारे ग्रामीण जीवन में घरेलू उपचार पद्वति में प्रयोग होने वाली गिलोय/गूरिच तथा काढ़ा से करोणों लोगों की जान बचाई गयी है। श्रीमती स्वप्निल वरुण ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के महाविद्यालय द्वारा किये गये आयोजन की सराहना की। उप शिक्षा निदेशक एस0एन0 सिंह ने अपने संवोधन में कहा कि बिज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये महाविद्यालयों, इन्अर कालेजों और प्राथमिक विद्यालयों को एक जुट होकर कार्य करना होगा, जबकि पूर्ब प्राचार्य डा0 नरेंन्द्र मोहन ने तालाबों में पायी जाने बाली काई के महतव के बार में जानकारी दी। परिसर मे आयोजित बिाान मेला में आईआईटी कानपुर के प्रो0 एचसी बर्मा घरा संचालित शिक्षा सोपान संस्था से आये अमित बाजपेयी और उनके साथियों ने बिज्ञान के जटिल सिद्वान्तों को खेल कूद-जादू जैसे रोचक माध्यम से छात्र/छात्राओं को समझाया। वहीं बिज्ञान मेला में आयोजित प्रतियोगिता में जगरानी पब्लिक इन्टर कालेज आश्रम तागा के छात्र बिमल, राजू और शिवांन्सू को प्रथम सिन मिला वहीं बी0एस0बी0बी0 विद्यालय घाटमपुर के छात्र मोहम्मद अफसर को द्वितीय स्थान मिला एंव यही की छात्र जोत्शना को तृतीय स्थान मिला, राजकीय उच्यतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ीपुर- फतेहपुर, शिवाजी इन्अर कालेज भदवारा, आस्तिक मुनि इन्अर काजेज कोरियां, मथुरा प्रसादआर्दश इन्टर कालेज रवाईपुर आदि बिद्यालयों के छात्रों व शिक्षकों को मुख्य अतिथि श्रीमती वरुण और महाविद्यालय के संस्थापक एंव पूर्ब निदेशक बैंक आफ बडौदा रमेश चंद्र त्रिवेदी द्वारा स्मृति चिन्ह एंव प्रमाण पत्र देकर संम्मरनित किया गया, कार्यक्रम में आये अतिथियोंका स्वागत महाविद्यालय के प्रबन्धक बिनय त्रिवेदी द्वारा किया गया तथा धन्यवाद लेप्टिनेंट विवेक त्रिवेदी द्वारा दिया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रार्चाय डा0 प्रभाकांत मिश्रा, डा0 देवेश द्विवेदी सुभाष सिंह, जय किशोर, सत्येंन्द्र अग्निहोत्री, शिव शरण बर्मा, डा0 संध्या सचान, रंजना सिंह, डा0 ज्योत्सना अवस्थी व रमा कांत साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रायें श्वेता उत्तम व तनू ने किया गया।

# प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**फतेहपुर।** महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध महाविद्यालयो की युवा महोत्सव के तहत अंतर कक्षा व महाविद्यालयी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्रकार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रथम पुरस्कार विजेताओं को विश्वविद्यालय स्तरीय/मण्डलीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में जनपद के प्रतिनिधित्व करने की बधाई व जीत की शुभकामनाएं दी गयी।

शनिवार को शहर के शांतिनगर स्थित महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा महोत्सव के तहत अंतर कक्षा व महाविद्यालयी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे प्रतियोगिताओं स्पॉट पेंटिंग (चित्रकला), पोस्टर निर्माण, कोलॉज, कार्टूनिंग, रंगोली और मेंहदी में जनपद फतेहपुर के विभिन्न महाविद्यालयों के कुल चौदह प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। स्पॉट पेंटिंग (चित्रकला) प्रतियोगिता में महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र चांदबाबू तथा कोलॉज प्रतियोगिता में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा अम्बर इदरीस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विजय बहादुर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गुलिस्ता ने श्रेष्ठता क्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि रंगोली में डॉ0 भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मीना पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भी डॉ0 भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तनिष्का सिंह ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की ओर से निर्णायक मंडल में डा0 ओंकार नाथ द्विवेदी, डा0 अपूर्व सेन राज, प्रो0 अनुप शुक्ल, डा0 राम प्रवेश सिंह, डा0 उत्तम कुमार शुक्ल, डा0 सुशील कुमार, डा0 श्रवण गुप्ता, डा0 रागिनी श्रीवास्तव तथा डा0 अंकित श्रीवास्तव की टीम द्वारा अन्तरमहाविद्यालय /जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों का चयन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी छह प्रतियोगिताओं में एक-एक विजेता प्रतिभाग का चयन किया गया है। सभी विजेता प्रतिभागी आगामी विश्वविद्यालय स्तरीय/मण्डलस्तरीय प्रतियोगिताओं में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। मीडिया प्रभारी मुजाहिद रजा ने बताया कि प्राचार्य डॉ0 बृजेन्द्र सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त महाविद्यालय में सास्कृतिक व खेलकूद विधाओं के आयोजन का अवसर मिला है विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्स में 20 विधाओं में महाविद्यालय को 12 विभिन्न विधाओं का जिला स्तर पर आयोजन व नेतृत्व करने का अवसर मिला है जोकि महाविद्यालय के लिये गर्व का विषय है।


## निकल गयी हेकड़ी

साइकिल वाली पार्टी के एक बयानवीर प्रवक्ता का सारा दुस्साहस एक ही झटके में चकनाचूर हो चुका है। हालत यह है कि अब कानून के फंदे से बचने के लिए वह भागे-भागे फिर रहे हैं। प्रवक्ता, उनका परिवार और रिश्तेदार तो इस प्रकरण के बाद से परेशान हैं ही खाकी महकमा का भी सुकून छिना हुआ है। दरअसल पिछले दिनों बयानवीर प्रवक्ता एक टीवी डिबेट के दौरान भगवा सरकार के मुखिया के गुरुजी के बारे में विवादित टिप्पणी कर बैठे। पहले भी अक्सर डिबेट में वह इसी प्रकार का आचरण पेश कर चुके थे लेकिन इस बार उन्हें ऐसा करना भारी पड़ा। इस टिप्पणी के बाद आक्रोशित भगवा दल के एक नेता ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। जिसके बाद से वह फरार हैं। पुलिस की परेशानी की वजह यह है कि उच्च स्तर से उस पर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का लगातार दबाव है। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने अब अपना अंतिम दांव चलते हुए उनके आवास पर कुर्की की नोटिस चस्पा की है। इस कार्रवाई के बाद से उनकी सास और साइकिल वाले दल से ही दो बार सांसद रह चुकी महिला नेता बचाव में उतर पड़ी हैं। उनकी दलील है कि यह घर उनका है तो फिर पुलिस उनके दामाद के नाम की नोटिस कैसे चस्पा कर सकती है? इसके साथ ही उन्होंने भगवा सरकार के मुखिया से मार्मिक अपील की है कि मैं भी उनके ही जिले की बेटी हूं। पूर्वांचल में लोगों की जुबान फिसलती रहती है। ऐसे में एक बहन के नाते हमारे दामाद को क्षमा कर दीजिए। अब देखना यह है कि जुबान फिसलने का खामियाजा बयानवीर प्रवक्ता को जेल जाकर भुगतना पड़ता है या फिर बड़े महाराज वाकई में उन्हें माफ कर देंगे।



## अधूरे ख्वाब

यूपी में निवेश लाने के लिए सरकार के अफसरों और मंत्रियों की टीम विभिन्न देशों के दौरे पर गई हुई है। उत्तर प्रदेश का एक बड़ा विभाग जो जनता को साफ सफाई के साथ कई अन्य सुविधाएं मुहैया कराता है उस विभाग के प्रमुख अधिकारी बड़े मायूस हैं और वह रह रह के विदेश दौरे का ख्वाब देख रहे हैं। दरअसल उनका नाम विदेश दौरे पर जाने वाले अधिकारियों की सूची में था लेकिन उनका नाम काटकर एक बड़े अधिकारी का नाम जोड़ दिया गया जो इस समय विदेश दौरे पर हैं। जिन अधिकारी का नाम जोड़ा गया उनके पास काफी लंबा अनुभव है इस प्रकार के निवेश सम्मेलन कराने का। पिछली सरकार में भी उनके पास काफी अनुभव था। उनके लिए इस प्रकार का आयोजन कराना एक खेल के समान है क्योंकि प्रमुख विपक्षी दल की जब सरकार थी तब भी उनके पास इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित कराने का काफी अनुभव था और उसको उन्होंने बखूबी निभाया। अब यह बात तो हुई अफसर की। एक माननीय जो कि पिछली सरकार में इसी विभाग के मंत्री थे लेकिन अब सिर्फ विधायक हैं उनको सरकार दौरे पर ले जाने के लिए तैयार हो गई है क्योंकि उनकी वाकपटुता को सब कोई जानता है। मजेदार बात है कि विभाग के जो मंत्री हैं उनको कोई पूछ ही नहीं रहा है। मंत्री के विभाग के एसीएस विदेश दौरे पर हैं। चीफ साहब विदेश दौरे पर हैं लेकिन मंत्री जी लखनऊ में यात्रा का ख्वाब देख रहे हैं।




## कैसे बेचूं घर

विभागीय अधिकारियों को फ्लैट्स के खरीददार दिया लेकर ढूंढने से भी नहीं मिल रहे। एलडीए के नए सिपहसालार के आदेश पर एलडीए ने भी आवास विकास की भांति ग्रुप आवेदन पर 25 प्रतिशत की छूट देने का ऐलान किया है। पहले एक मुश्त राशि जमा करने पर सिंगल फ्लैट पर 5 प्रतिशत का ढिंढोरा पीटा। प्रचार प्रसार भी छोटे साहब ने कर डाला लेकिन हाय रे किस्मत। यहां भी गच्चा खा गए। फ्लैटों को बेचने का भागीरथ प्रयास भी काम न आया। कुछ बिके, पर फ्लैट हजारों की संख्या में अभी भी खाली पड़े हैं। आलम यह है कि फ्लैटों के बेचने के लिए नया तिकड़म फिर कर डाला। अगर 50 लोग एक साथ फ्लैट खरीदेंगे तो 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अचानक 25 प्रतिशत की छूट के ऐलान पर कई समूहों ने संपर्क भी किया। साहब को यह खबर सुनकर अच्छा भी लगा। उत्साहित साहब ने जमकर इसका भी प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। गाहे बगाहे लोगों ने चर्चा भी किया और कहने लगे वाह क्या स्कीम है। मन बढ़े मातहत भी छोटे साहब के मनोविज्ञान को समझ कर खूब कान भरने लगे। लेकिन जब लोगा को पता चला की पूरा पैसा दो महीने में देना है तो सारा उत्साह ठंडा हो गया है। लोग यह कहते फिर रहे हैं कि लॉक डाउन ने तो कमर तोड़ दी है। अब एक साथ इतना धन कहां से लाएं। बैंकों की औपचारिकता और बिजनेस मंदा होने से जेबें खाली हैं। उत्साह से भरे साहब कोई खास चमत्कार नहीं कर सके।

## प्रमोशन में रोड़ा

सरकारी डाक्टरों के लिए नई सेवा नियमावली प्रमोशन में रोड़ा बन गई है जिसके चलते डॉक्टरों में खुन्नस है। नई नियमावली के तहत विशेषज्ञ को लेवल टू पर भर्ती करने के नियम है जबकि एक लेवल से दूसरे लेवल पर पदोन्नति के लिए निर्धारित सेवा अवधि अनिवार्य कर दी गई है। पहले नौकरी में कुल सेवा को भी जोड़ा जाता था ताकि अगर प्रमोशन में देर हो तो उसे नुकसान न हो। कुल मिलाकर पहले कुल सेवा के आधार पर प्रमोशन होता था और वो भी क्रम से। अब विशेषज्ञ डायरेक्ट लेवल टू में। ऐसे में लेवल वन में भर्ती पाने वाले डॉक्टरों को प्रमोशन के लिये लम्बी प्रतीक्षा करनी होगी। हालांकि नई नियमावली को लेकर अभी डॉक्टरों के नेताजी की तरफ से कोई बयान नही आया है पर खुन्नस जरूर भरी है। अब देखना है कि कोई विरोध के स्वर फूटते हैं या नही।



## क्या पाएंगे चाचा

समाजवाद के चाचा भोले हैं। सच्चे हैं लेकिन राजनीति के कच्चे हैं। पांच साल के वनवास के बाद हंसी खुशी घर वापसी हुई है। देखा जाए तो चाचा के लिए घर वापसी कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी है विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट की लालच में चाचा ने अपनी टीम को दरकिनार कर अनौपचारिक रूप से घर वापसी की थी। उस दौरान भी इनकी प्रगति करने वाली टीम को बड़ा कष्ट हुआ था। आज चाचा ने घर वापसी तो ले ली है लेकिन चाचा की टीम आज फिर बेसहारा सी हो गई। इस बार उस टीम के सामने बड़ा संकट है क्योंकि चाचा ने भावुकता दिखाते हुए अपनी पांच साल की बनाई हुई नींव को खोद कर पड़ोसी को दान कर दिया। ऐसी स्थिति में प्रगति की टीम के सामने फिर वही संकट खड़ा हो गया है कि आखिर वह जाए तो कहां जाए। चलो कोई बात नहीं। चाचा तो घर वापसी को लेकर संतुष्ट हैं। अब देखना यह है कि चाचा को वह चीज कितनी मिलती है जिसके लिए वह घर छोड़ कर गए थे।

# प्रदेश के हर शहर-हर कस्बे का मनाया जाएगा जन्मदिन

## अनूठी पहल करते हुए मुख्यमंत्री ने दिए नगर सृजन दिवस मनाए जाने के निर्देश

● **शहर की स्थापना से जुड़े साक्ष्य जुटाने की तैयारी प्रारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश का हर नगर, हर कस्बा अपना जन्मदिन मनाएगा। स्थानीय नागरिक हों या कि जनप्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन के अधिकारीख सब मिल जुलकर अपने शहर का जन्मदिन मनाएंगे। नगरों की विशिष्ट विशेषताओं को उद्घाटित करते हुए देश में उनकी अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक अनूठी पहल करते हुए नगर सृजन दिवस मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद नगरों के अस्तित्व में आने के संबंध में प्रमाणिक तिथि जन्म दिवस तलाशने की तैयारी शुरू हो गई है।

नगर विकास विभाग द्वारा जारी इस विशेष कार्रवाई के दौरान न केवल शहर से जुड़ी न केवल ऐतिहासिक घटनाओं को तिथिवार लिपिबद्ध किया जाएगा बल्कि ऐतिहासिक, पौराणिक, विरासत स्थल, पार्कों को सूचीबद्ध करने, नगर के महापुरुषों से संबंधित प्रेरक प्रसंगों को संकलित करने, नगर के आर्थिक विकास के परिचायक उत्पादों, उद्योगों की नगर की पहचान की मुख्य अवयवों में समाहित करने, नगर के पर्यावरण पारिस्थितिकी के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं उत्सव के दौरान नगर की स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण के लिए कार्ययोजना भी तैयार है। नगर सृजन दिवस मनाए जाने के पीछे सीएम योगी की मंशा नगर के इतिहास, संस्कृति एवं सभ्यता के प्रति नागरिकों के अन्दर गौरव की अनुभूति जागृत करने तथा नगर के विशिष्ट पहचान सुनिश्चित करने की है। प्रामाणिक तिथि तय होने के बाद धूमधाम से हर साल विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। नगर के जन्म दिवस पर शहर के ऐतिहासिक स्थलों, पार्कों इत्यादि पर राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के साथ ध्वजारोरण भी किया जाएगा। यही नहीं उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ लोककला, साहित्य, संस्कृति से जुड़े लोगों के साथ-साथ स्वतन्त्रता सेनानी, भूतपूर्व सैनिक, महत्वपूर्ण खिलाड़ी, बुद्धिजीवियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। योजना है कि इस खास कार्यक्रम में नगर के ऐतिहासिक तथ्यों, महापुरूषों से संबंधित प्रेरक प्रसंगों को भी समाहित किया जाए। एक सप्ताह तक निकाय में इनकी फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। नगर सृजन दिवस पर शहर के अतीत से जुड़े पन्ने तो पढ़े ही जाएंगे संबंधित निकाय द्वारा बीते वर्ष नागरिक सुविधाओं के लिए किये गये प्रमुख कार्यों तथा आगामी वर्ष में किये जाने वाले प्रमुख कार्यों से संबंधित तथ्यों को भी रेखांकित किया जाएगा। यहां नागरिक सुविधाओं के कैंप भी लगाए जाएंगे। साथ ही नगर की आर्थिक विकास के विशिष्ट पहचान वाले उद्योगों, उत्पादों को नगर की पहचान के मुख्य अवयव के रूप में ब्रांडिंग की भी योजना है। स्वच्छ-हरित शहर के संकल्प से आम जन को जोड़ते हुए इस कार्यक्रम में नगर के पर्यावरण परिस्थितिकी को संरक्षित करने के विषय में भी कार्यक्रम होंगे तथा इनके किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# स्थाई व लचीली स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण के लिए करें प्रयासः राज्यपाल





● **वाराणसी में आयोजित कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कांफ्रेंस में राजभवन से वर्चुअली शामिल हुईं राज्यपाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन से वाराणसी स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस में ऑनलाइन हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विश्व कल्याण की शुरूआत जन कल्याण से होती है और स्वास्थ्य उसकी महत्वपूर्ण इकाई है। इसलिए यूनिवर्सल हेल्थ भारत के लिए बहुत बड़ी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने कहा कि हम देश और दुनिया में 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' की ओर बढ़ने वाली प्रगति को स्वीकार करें और सभी के लिए उच्च गुणवत्ता, सस्ती व जन केन्द्रित आजीवन भागीदारी, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने वाली एक स्थायी और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हमारा देश 'सर्वे भवन्तु सुखनः, सर्वे सन्तु निरामया' अर्थात विश्व कल्याण की भावना में विश्वास रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी भावना को ध्यान में रखते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अन्तिम छोर पर बैठे उस व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। ऐसे राज्यों जिन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, उन राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सम्मानित किए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं देने की दिशा में प्रगति कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि अब तक भारत सरकार द्वारा 1,50,000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र स्थापित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 1,33,000 केन्द्र क्रियाशील हैं। उन्होंने ई संजीवनी के माध्यम से उपचार की व्यवस्था अत्यधिक प्रभावी बनाये जाने पर बल देते हुए कहा कि इस माध्यम से किसी भी गरीब एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आवासित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सलाह प्राप्त हो सकती है और उनकी स्क्रीनिंग के पश्चात पहले से ही किसी भी असाध्य रोग की जानकारी रोगी को मिलने से मरीज का जीवन बच सकता है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल हेल्थ केयर कवरेज डे के उद्देश्य को हम सभी को मिलकर प्राप्त करना है। प्रधानमंत्री के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि राजभवन में 3 से 5 वर्ष की आयु के जो बच्चे आंगनबाड़ी में आते हैं उन्हें पौष्टिक भोजन युक्त एक किट प्रदान की जाती है, जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के लगभग 3,000 केन्द्रों को अब तक जनभागीदारी की मदद से आच्छादित किया जा चुका है।

# भाजपा राज में सड़कों की दुर्दशा में कोई बदलाव नहीं आयाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने झूठे वादे करने में रिकार्ड कायम कर लिया है। मुख्यमंत्री के बयान का कहीं कोई असर अफसरानों पर नज़र नहीं आता है। देश में सड़कों को गड्ढामुक्त करने की कई तारीखें तय हुई पर हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक में भाजपा सरकार के दावे में कोई दम नहीं दिखता है।

अखिलेश ने कहा कि समझ में नहीं आता है कि गड्ढा मुक्त करने की मुहिम में करोड़ों रुपए कहां खर्च हो गए, भाजपा राज में सड़कों की दुर्दशा में कोई बदलाव नहीं आया है। खुद सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है। आए दिन सड़क के गड्ढों में फंसकर गाड़ियां पलट रहीं और और दुर्घटनाओं में रोज सैकड़ों लोग घायल हो रहे हैं या उनकी मौतें हो रही है। विडम्बना तो यह है कि विक्रमादित्य मार्ग जिस पर रोज मंत्रियों, बड़े अफसरों का आना-जाना रहता है, की सड़क ऐसी ऊंची-नीची बना दी गई है जो सफर में झूला झूलने का अनुभव कराती है। हो सकता है बदले की भावना से ऐसी गड़बड़ सड़क बनाई गई होए क्योंकि इसी मार्ग पर समाजवादी पार्टी का प्रदेश मुख्यालय भी है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा नेता अपने विकास का खूब ढिंढोरा पीटते नहीं अघाते लेकिन पूछने पर विकास के चार काम भी नहीं गिना पाते हैं। जो सड़कें और एक्सप्रेस-वे भाजपा सरकार में बने हैं वे सभी घटिया निर्माण साबित हुए हैं। कहीं सड़क धंस गई, कहीं उद्घाटन के बाद ही सड़क उखड़ने लगी।

# आज बाराबंकी से शुरू होगी अवध प्रांत की प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा

● **कांग्रेस ने प्रदेश में छह यात्राओं के जरिए 2200 किलोमीटर पदयात्रा का लिया संकल्प**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि उनके प्रभार क्षेत्र (अवध प्रांत) के अंतर्गत बाराबंकी में 11 दिसंबर 2022 से शुरू होने वाली प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा 12 दिसंबर को लखनऊ, 13 दिसंबर को श्रावस्ती, 14 दिसंबर को बलरामपुर, 15 दिसंबर को गोंडा, 16 दिसंबर को बहराइच, 17 दिसंबर को रायबरेली, 18 दिसंबर को उन्नाव, 19 दिसंबर को लखीमपुर खीरी, 20 दिसंबर को सीतापुर से होते हुए 21 दिसंबर 2022 को हरदोई में समाप्त होगी।

नकुल दुबे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कन्या कुमारी से चलकर कश्मीर तक पहुंचने वाली भारत जोड़ो यात्रा जनवरी महीने में उत्तर प्रदेश पहुंचेगी। भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियां उत्तर प्रदेश में जोरों शोरों से शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में भारत जोड़ो यात्रा से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में राज्य के छह प्रांतीय अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक, वैचारिक, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी जुड़ी है। बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और नफ़रत के खिलाफ चलने वाली इस पदयात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। प्रादेशिक यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव गण, प्रांतीय अध्यक्ष के साथ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद हैं। इसमें उत्तर प्रदेश के नामचीन लोगों को न्योता भेजा गया है। हर ज़ोन की यात्रा में 500 व्यक्ति लगातार चलते रहेंगे और जिस भी जिले से यात्रा गुजरेगी वहां से नए यात्री जुड़ेंगे। यात्रा एक जिले से शुरू होती है और अगले जिले में रात कोए सभी यात्री शिविर में आराम करते हैं और पुन: अगले दिन यात्रा शुरू करते हैं।

### काफी संख्या में लोगों ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कन्हैया माधव पुर वार्ड के उपविजेता मो. सलीम खान, हामिद अली अंसारी, मोहम्मद फैजान, सतीश कुमार धानुक, मोहम्मद अकरम, राधे श्याम गौतम, मुस्ताक बेग, वारिस अली, हसरत अली, सुभाष अग्रवाल, नसीर अहमद, अब्दुल अजीज, मोहम्मद आसिफ के साथ काफी संख्या में आए लोगों ने प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में वार्ड तिवारी गंज की सामाजिक कार्यकर्ता रेशु सिंह के साथ भी लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुब ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है आप सभी आज से हमारे परिवार का हिस्सा है।

# विदेशों में टीम योगी के रोड शो को मिल रहा भरपूर समर्थन

## ऑन द स्पॉट हो रहे एमओयू, व्यापारिक समूहों के प्रतिनिधियों के साथ की जा रहीं वन टू वन बिजनेस मीटिंग

● **जर्मनी, कनाडा, मेक्सिको और यूके में किया गया रोड शो**

● **कानपुर में सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल खोलने की योजना'**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अगले** वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के जरिए 10 लाख करोड़ से अधिक निवेश का लक्ष्य तय कर चुकी योगी सरकार की इस मुहिम को विदेशों में भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। यूपीजीआईएस 2023 के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी कई टीमों को दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजा है। इन टीमों ने 9 दिसंबर को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट, यूके के लंदन, मेक्सको और कनाडा के टोरंटो में रोड शो का आयोजन किया। यहां विदेशी निवेशकों से उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की गई और उन्हें यहां व्यापार के अनुकूल माहौल, सुरक्षित निवेश और इंसेटिव्स को लेकर सरकार की सुगम नीतियों के बारे में बताया गया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस की संभावनाओं से भी उन्हें परिचित कराया गया। इस अवसर पर निवेशकों ने भी उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छा जाहिर की। वहीं कुछ निवेशकों ने तो ऑन द स्पॉट ही उत्तर प्रदेश में निवेश का एमओयू भी साइन कर दिया। प्रदेश सरकार के एक प्रतिनिधि मंडल ने कनाडा के टोरंटो में रोड शो किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता वाले इस प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों को उत्तर प्रदेश में सुरक्षित निवेश का भरोसा दिलाया और उनकी हर जानकारी का जवाब भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इंडो-कनाडा चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्यों का स्वागत किया और उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर हर तरह का सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर इंडो कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के 70 से 80 निवेशक उपस्थित रहे। इस दौरान इन्वेस्ट यूपी और कनाडा इंडिया फाउंडेशन सीआईएफ यूपीजीआईएस 2023 के प्रमोशन को लेकर हाथ मिलाए हैं। सीआईएफकनाडा में उत्तर प्रदेश के ब्रांड एंबैस्डर के तौर पर कार्य करेगा। रोड शो से पहले वन टू वन बिजनेस मीटिंग का भी आयोजन किया गया। इसी मीटिंग में कनाडा की कंपनी माय हेल्थ सेंटर के सीईओ सुरेश मदान ने कानपुर में मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज व मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ 2050 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने टोरंटो में इंडियन कांसुलेट द्वारा आयोजित डिनर में माय हेल्थ सेंटर, ओएमईआरएस, आईएमईसी, ओटीपीपी जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें यूपीजीआईएस के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर ये भी चर्चा की गई कि यूपी कैसे हेल्थकेयर, फूड प्रोसेसिंग व मीडिया जैसी कंपनियों में भागीदारी कर सकता है। दूसरी तरफ जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रोड शो के अवसर पर जर्मनी के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में आमंत्रित किया। उन्होंने निवेशकों को हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर जितिन प्रसाद व अन्य ऑफिशियल्स ने व्यापारिक संगठनों को यूपी में निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव खेल और युवा मामले नवनीत सहगल ने राज्य सरकार द्वारा निवेश के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया जिनमें इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार, नीतियों में बदलाव जैसी चीजें शामिल रहीं। प्रदेश में एमएसएमई के बड़े बेस और फूड बास्केट जैसी मजबूती को प्रेजेंट किया गया। इस अवसर पर निवेशकों के बीच सीएम योगी का एक वीडियो मैसेज भी प्ले किया गया, जिसमें उन्होंने व्यापारिक समुदाय को निवेश के लिए आमंत्रित किया। उधर उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिटेन के लंदन में रोड शो किया। इस रोड शो का उद्देश्य यूके-इंडिया 2030 रोडमैप के जरिए दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने का है। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने एडीएस ग्रुप लिमिटेड और यूके डिफेंस एंड सिक्योरिटी एक्सपोर्ट्स डिवीजन डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। मीटिंग के दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे यूके की डिफेंस इंडस्ट्रीज यूपी के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के पोटेंशियल को हासिल करने में योगदान दे सकती हैं। यह प्रतिनिधिमंडल बीएई सिस्टम्स के पॉल वेस्ट से भी मिला। इसी तरह डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल मेक्सिको पहुंचा है। यहां भी रोड शो का आयोजन किया गया जिसमें पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव रजनीश दुबे ने डेयरी सेक्टर में निवेश के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने यहां के व्यापारिक संगठनों को उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर यूपीआईजीएस में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया।

# विधवा हत्याकांड में नामजद हुआ कोई और, आरोपी जेल में बंद युवक निकला!

● इधर हत्या की और चोरी के मामले में अदालत से जेल चला गया

● जेल की सलाखों की पीछे जाने के बाद भी पुलिस से नहीं बच सका आरोपी

● उर्मिला देवी हत्याकांड का सदरपुर पुलिस ने किया सनसनी खेज खुलासा

● अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने खुलासे की दी जानकारी

संवाददाता। सीतापुर

**विधवा** हत्याकांड में नामजद कोई और आरोपी कोई और निकला। हैरत की बात यह है कि पुलिस ने विधवा हत्याकांड को अंजाम देने में जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है, वह हत्या के बाद खुद दूसरे मामले में अदालत से जेल पहुंच गया था। जेल की सलाखों के पीछे जाने के बाद भी विधवा की हत्या का आरोपी सीतापुर पुलिस की नजरों से बच नहीं सका। हत्या के दौरान की घटना स्थल की मौजूदगी की लोकेशन से पुलिस को सच सामने लाने में जहां मदद मिली, वहीं निर्दोष नामजद हत्यारोपियों को बड़ी राहत मिली। मामला सीतापुर के थाना सदरपुर इलाके के बनकटी मजरा अफसरिया हुसैनपुर गांव का है। 4/5 दिसंबर की रात विधवा उर्मिला देवी की हत्या कर दी जाती है। हत्या के मामले में मृतका के ससुर ने अपने भतीजे उमेश और उत्तम को नामजद कर दिया था। यही नहीं इस हत्याकांड का प्रत्यक्षदर्शी भी बना दिया था। नामजद हत्यारोपी मृतका के रिश्ते में जेठ व देवर लगते है। पुलिस ने केस दर्ज होने के बाद दोनों हत्यारोपियों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। लेकिन उनकी संलिप्तता का कोई साक्ष्य नहीं मिला। इस हत्याकांड के खुलासे के लिए एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने सदरपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और स्वाट एवं सर्विलांस टीम प्रभारी सत्येंद्र कुमार को भी लगाया। पुलिस को घटना स्थल पर रमाकांत पुत्र पिरथी निवासी बाबूपुर थाना महमूदाबाद की लोकेशन मिली जब गहराई से जांच पड़ताल की तो पता चला कि रमाकांत जेल में बंद है। पुलिस ने और गहराई में जांच शुरू की तो वारदात की कड़ियां जुड़ती चली गईं। महमूदाबाद कोतवाली इलाके में बाइक चोरी के एक मामले में पहले से ही योजना बनाकर रमाकांत न्यायालय में हाजिर होकर जेल चला गया है। पुलिस ने रमाकांत को जेल से निकालकर जब पूछताछ शुरू की तो उसमें अपना जुर्म कुबूल कर लिया। रमाकांत ने बताया कि मृतका से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था, एक दिन वह रक्षाबंधन पर राखी बेंचने गया था, तभी से उसका संपर्क हो गया। घटना वाली रात उसने मोबाइल से उर्मिला देवी को मिलने के बहाने बुलाया और जब उसने किसी दूसरे से बातचीत करने को लेकर कहा तो उसने उसे मारा जिसके बाद रमाकांत ने उर्मिला की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने रमाकांत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन, पर्स और ऊनी शाल बरामद कर लिया है। सीतापुर का यह पहला मामला नहीं है, जब पुलिस ने निर्दोष को हत्या जैसे संगीन अपराध में न सिर्फ जेल जाने से बचाया हो, बल्कि असली गुनहगार को जेल सलाखों के पीछे पहुंचाया। सदरपुर पुलिस से पहले हाल ही में महमूदाबाद पुलिस ने लल्ला सिंह हत्याकांड मामले में नामजद किए गए एक भाजपा नेता और एक व्यापारी को साक्ष्यों को अभाव में बरी करते हुए असल गुनहगार नौकर को जेल भेजकर वारदात का राजफाश किया था।

# हमारी शिक्षा व्यवस्था ने हिन्दू पूर्वजों के बलिदान को भुला दिया: हरिशंकर

● विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आयोजित किया भव्य शौर्य दिवस

संवाददाता। सीतापुर

**विश्व** हिन्दू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने अग्रसेन अतिथि भवन में शौर्य दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय सह मंत्री हरिशंकर रहे। उन्होंने कहा कि शौर्य का मतलब होता है पराक्रम। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी कर दी गई है जिसमें हिंदू पूर्वजों के बलिदान को भुला दिया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरुआती कक्षाओं से ही पृथ्वीराज चौहान, बिरसा मुंडा, अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे बलिदानियों की कहानियां पढ़ाई जाएं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष विपुल सिंह, जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, आशीष शास्त्री, महंत धर्मदास, उपकारशील शुक्ला, अभिनव मिश्रा एड., सुबोध एड., जिला संगठन मंत्री कमलेश सिंह, त्रिपुरेश, अनुज, सूरज, प्रशांत, दीपक, कुमुद, शुभम, प्रियांशु, साहिल ठाकुर, लाल जी, सुरेश, हरीश, कंचन, जितेंद्र, अशोक, संदीप, संजय, बबलू सहित बड़ी संख्या में बजरंगी मौजूद रहे। संचालन प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह ने किया। अध्यक्षता शुभम गुप्ता ने की। इसके बाद बजरंग दल का पथ संचलन नगर अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। अग्रसेन भवन से पथ संचलन की शुरुआत हुई। बजरंगी शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए लालबाग चौराहे पहुंचे। पथ संचलन का समापन लालबाग पार्क पहुंचकर हुआ।

बाबूजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर विशेष

# जनजागरण के 'हमराही'

● 1938 में हुआ था रामलाल राही का जन्म 1969 में जीता था पहला विधानसभा चुनाव

● मिश्रिख से कई बार चुने गए सांसद, संभाल चुके थे उपगृह मंत्री का दायित्व



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** की सरजमीं पर आज ही के दिन राजनीति का जो सूरज अस्त हुआ था उसने अपनी चमक की ऐसी रोशनी बिखेरी जिससे सीतापुर सदा रोशन रहेगा। हम बात कर रहे राजनीति के ऐसे पुरोधा की जिसने जमीन से आकाश सी ऊंची बुलंदियों का सफर तय करने के बाद भी अपने हमराहियों को याद रखा। जी हां बात श्रद्धेय बाबू जी की जिन्हे जमाना रामलाल राही के नाम से जानता और बाबूजी के नाम से पुकारता रहा है। इतिहास के पन्नों को पलटे और बीते दशकों पर गौर करें तो तकरीबन 84 बरस पहले 1938 को लहरपुर के ढखेरा निवासी ढोढ़े के दो बेटों में बड़े बेटे रामलाल राही घर के पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने स्कूल को भीतर से देखा। लेकिन कहते हैं न, घर का बड़ा बेटा पिता के फर्ज को निभाता है, तो भला बाबूजी कैसे पीछे रहते। पिता ढोढ़े के असमय निधन हो जाने से घर की सभी जिम्मेदारियों को बाबूजी ने पूरी शिद्दत से निभाया। बात अगर राजनीतिक सफरनामें की करें तो सन 1957 के विधानसभा क्षेत्र लहरपुर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हकीम वसीर अहमद के लिए बाबू जी ने वोट मांगे। बाबू जी की लोकप्रियता को देखते हुए 1969 में कांग्रेस ने हरगांव विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा और जीत दर्ज कर रामलाल राही ने विधानसभा में पहला कदम रखा। 1974 में दोबारा हरगांव से ही विधायक बने इसके बाद 1977 में मिश्रिख लोकसभा सीट से 6ठी, 7वीं, 9वी 10वीं लोकसभा के सदस्य चुने गए। 1980 के आम चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर फिर से सांसद बने। 1989 और 1991 में कांग्रेस के टिकट पर बाबूजी की जीत का सिलसिला जारी रहा। 21 जून 1991 की वो तारीख जो सीतापुर के राजनीति इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी गई। इसी दिन भारत सरकार ने बाबूजी को उप गृह मंत्री का दायित्व सौंपा। बाबूजी की कार्यकुशलता को देखते हुए 1994 में उन्हें गृहराज्य मंत्री का दर्जा मिला। 1996 में भी केन्द्रीय मंत्री परिषद में भी उनकी जगह बरकरार रही। बाबू जी की खासियत थी कि पार्टी प्रबंधन को लेकर बड़ी से बड़ी समस्या का पल भर में हल निकाल लेते थे। आज की राजनीति को आइना दिखाती उनकी स्वच्छ छवि की बात करें तो देश की किसी भी अदालत ने उन्हें एक रूपया जुर्माना और न ही एक दिन की सजा दी। महज कक्षा 8 तक की पढ़ाई करने वाले बाबूजी ने 8 देशो की यात्रा की थी। अपनी ही सरकार में जनसमस्या को लेकर उन्होंने जल सत्याग्रह किया। जिससे उन्हें पहले जल सत्याग्राही होने का गौरव मिला। सिर पर टोपी और हाथ में धोती उनकी पहचान थी। अगर बात सीतापुर के विकास में बाबूजी के योगदान की करें तो बाढ़ जैसी दैवीय और सीपेज जैसी मानवजनित विपदाओं से निजात खोजने कृषि उत्पादों में वृद्धि करने, सिचाई सुविधाएं बढ़ाने, नलकूप लगवाने, सीतापुर में विष्व बैंक सिंचाई नलकूप लाने, केन्द्रीय विद्यालय खुलवाने, स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने, रेल व्यवसथा का उच्चीकरण व आमान परिवर्तन कराने, विद्युत सुधार की दिषा में 132 केवी तथा 33 केवी ट्रांसमिशन की स्थापना और पर्यावरण प्रदूषण व नशा मुक्ति के लिए जन जागरण आदि शामिल हैं।

# सब बोलेंगे आई लव सीतापुर

**सीतापुर।** सीतापुर का हर बाशिन्दा आई लव सीतापुर कहता नजर आएगा। इसका कारण है कि नगर निकाय ने शहर की दीवारों को रंगरोगन करने का

● नगर पालिका ने शुरू किया रंग रोगन, बोल उठेंगी शहर की दीवारें, नेकी की दीवार पर लिखा लव यू सीतापुर

सिलसिला शुरू कर दिया है। जिससे दीवारें बोल उठी है। दीवारों पर आई लव सीतापुर नेकी की दीवार स्वच्छ शहर, सुन्दर शहर जैसे स्लोगन लिखे नजर आएंगे जोकि लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के साथ साथ फील गुड भी कराएंगे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की भारत जोड़ो यात्रा

संवाददाता। बरेली



**कांग्रेस पार्टी** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की बहुचर्चित 'भारत जोड़ो यात्रा' का बरेली में केंद्रीय राजनीति के बड़ा किरदार पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद साहब ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत जोड़ो यात्रा में बरेली मंडल के रामपुर मुरादाबाद शाहजहांपुर पीलीभीत बदायूं सहित लगभग 13 जिलों के पदाधिकारियों एवं हजारों लोगों ने भी भारत जोड़ो यात्रा में भय सहभागिता की। इससे पूर्व जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित एक बड़ी सभा को भी सलमान साहब ने संबोधित किया। यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित एवं उनकी पूरी टीम देर रात तक महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला के निवास पर बैठकर रणनीति तैयार करती रही ,जिसके फलस्वरूप आज एक सफल भारत जोड़ो यात्रा संपन्न हुई। भारत जोड़ो यात्रा का मार्ग पूरी तरह से तिरंगे झंडे से सजा हुआ था हर तरफराहुल गांधी कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के लोग नारे लगाते नजर आ रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा की बरेली के पूर्व डिप्टी मेयर व महानगर महापौर के सम्भव प्रत्याशी डा. मो. खालिद के यहॉ पहुचने पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं द्वारा जोरदार अभिनंदन किया। अंबेडकर पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी जी की बहुचर्चित भारत जोड़ो यात्रा ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की नींद हराम कर दी है । उन्होंने कहा कि इस यात्रा का ही परिणाम है कि हिमाचल प्रदेश में हमने भारी बहुमत से कामयाबी हासिल की है । 2024 का लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी का अंतिम चुनाव होगा और उसके बाद हमारे प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे और देश में राम राज्य की कल्पना को कांग्रेस पार्टी ही सरकार करेगी । प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक लाभ लेने के लिए हिंदुस्तान में डर और हिंसा का माहौल कायम रखना चाहती है । माननीय राहुल गांधी की कोशिशें हैं भारत में किसान मजदूर और छोटे तबके की बात हर कीमत पर सुनी जानी चाहिए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल जी की भारत जोड़ो यात्रा देश से महंगाई बेरोजगारी और भाजपा का डर साफ करने को लेकर की जा रही है । इसके अलावा प्रदेश के महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने की व संचालन जिला अध्यक्ष अशफाक सकलानी ने किया । कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह गंगवार, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, महेश पंडित योगेश जोहरी, पूर्व प्रत्याशी अलका सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# मंचा व कारतूस सहित पुलिस ने एक को पकड़ा




**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा अभियुक्त संदीप सिंह पुत्र सुखवन्त सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना कोतवाली सदर को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह, (चौकी प्रभारी सुन्दरवल) थाना फूलबेहड़, कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल कपिल कुमार व कांस्टेबल गुरविन्दर सिंह शामिल रहे।

# दवाई लेने जा रहे बुजुर्ग की बस अड्डे पर हार्टअटैक से हो गई मौत



**मैलानी-खीरी।** घर से दवा लेने जा रहे एक बुजुर्ग की बस अड्डे पर अचानक मौत हो गई। अचानक हुई मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। निकटवर्ती ग्राम सलामत नगर निवासी बाबूराम अपनी पत्नी सुनीता देवी भतीजे संजीव कुमार के साथ लखीमपुर दवाई लेने जा रहे थे। अचानक मैलानी बस अड्डे पर मौत हो गई। भतीजे संजीव ने बताया कि वह अपने मौसा और मौसी सुनीता देवी को गांव से बाइक पर बैठाकर लाया दोनों को बस अड्डे पर बैठाकर वह मैलानी में अपने घर पर बाइक खड़ी करने चला गया। इसी बीच करीब 11 बजे बाबूराम की तबीयत अचानक बिगड़ी और वह बसअड्डे पर ही लुढ़क गए। जब तक संजीव वापस लौटा तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक बाबूराम अपने पीछे तीन पुत्री जिसमें एक की शादी हो चुकी है दो पुत्री1 पुत्र प्रदीप कुमार को छोड़ गए हैं। उनका पुत्र प्रदीप कुमार विकलांग है परिजनों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। संजीव ने बताया कि बाबूराम लीवर की समस्या से पीड़ित थे। इलाज के लिए उन्हें लखीमपुर ले जा रहे थे। और घर से वह सही सलामत बस अड्डे तक आए उस समय तक वाह ठीक-ठाक थे। उधर अचानक हुई मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सपा नेता ने घर पहुंचाया शव

**बस** अड्डे पर अचानक हुई मौत के बाद बाबूराम के शव को ले जाने के लिए कोई रिक्शा और ई रिक्शा वालों को बुलाया लेकिन कोई भी शव को थोड़ी दूर करीब एक किलो मीटर स्थित गांव सलावत नगर तक ले जाने को तैयार नहीं हुआ यह खबर सुनकर संवेदनशीलता दिखाते हुए। सपा नेता नरेश यादव फौरन अपनी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और बाबूराम के शव को उन्होंने अपनी निजी गाड़ी से बाबूराम के शव को उनके घर तक पहुंचाया। परिजनों ने दी दुहाई।

# विद्यालय प्रबंध समिति के लिए ब्लॉकस्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**निघासन-खीरी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के निर्देशन में स्थानीय प्राधिकारी, ग्राम प्रधान, सचिव विद्यालय प्रबंध समिति के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी भवन रमियाबेहड के प्रांगण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निघासन विधायक शशांक वर्मा तथा धौरहरा विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड प्रीति तिवारी ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में प्रेषित धनराशि के सापेक्ष समस्त छात्रों को जूता। मोज़ा। यूनिफॉर्म तथा स्वेटर स्टेशनरी आदि ढंग से खरीदकर बच्चों को सुसज्जित किया जाए। उन्होंने शैक्षिक विकास की तमाम योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत वर्मा। मंत्री हरिओम अवस्थी। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उमेश चौरसिया। मंत्री ओमप्रकाश। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष रामगोपाल ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पटेल, मंत्री दानवीर यादव। जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष परशुराम सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# पेज एक का शेष

## सुक्खू होंगे...

में पूरी मेहनत से काम किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश करने वाली प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्हें कांग्रेस आलाकमान का फैसला स्वीकार है। शुक्ला ने बताया कि सभी 40 विधायकों ने सर्वसम्मति से सुक्खू को अपना नेता चुना। हुड्डा ने कहा कि शपथग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के लिए सभी प्रमुख नेताओं के खेमों की तरफ से पुरजोर लामबंदी की जा रही थी। शिमला में बीते शुक्रवार शाम को हुई बैठक में विधायकों ने आम सहमति से एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष को अधिकार दिया था कि वह पार्टी विधायक दल के नेता पर फैसला करें, जो हिमाचल प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री होगा। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि पार्टी पर्यवेक्षकों को पहाड़ी राज्य में भेजा गया है, जो सभी विधायकों के विचार उनसे व्यक्तिगत रूप से मांग रहे हैं और वे उन्हें उनकी राय से अवगत कराएंगे।

## जमीनी स्तर...

के महासचिव थे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एमए और एलएलबी की थी। जमीनी स्तर पर काम करते हुए वह दो बार शिमला नगर निगम के पार्षद चुने गए थे।

## भूपेंद्र पटेल...

जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इस बीच, नई सरकार में मंत्रियों के नामों को लेकर गहन विचार विमर्श चल रहा है। पटेल और गुजरात प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल शनिवार शाम को दिल्ली के लिए रवाना हुए और उम्मीद की जा रही है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श करेंगे। विधायक कनू देसाई, राघवजी पटेज, ऋषिकेश पटेल, हर्ष सांघवी, शंकर चौधरी, पुरनेश मोदी, मनीषा वकील और रमन पाटकर के मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा मंत्रियों को चुनने के दौरान जातिगत और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व में संतुलन स्थापित करने की कोशिश करेगी। भाजपा की गुजरात इकाई के मुख्यालय कमलम में विधायक दल की बैठक होने के बाद संवादाताओं से बातचीत करते हुए पटेल ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने सहित भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना उनकी सरकार की प्राथमिकता होगी।

## पंजाब में...

एजेंसियों के समन्वय से पंजाब पुलिस मामले की जांच करेगी। पुलिस ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शुक्रवार देर रात यह ग्रेनेड दागा, जो जिले में अमृतसर-बठिंडा राजमार्ग पर स्थित सरहाली पुलिस थाने से लगे सांझ केंद्र पर गिरा। सांझ केंद्र प्राथमिकी की प्रति, पासपोर्ट सत्यापन और अनापत्ति प्रमाणपत्र जैसी सेवाएं मुहैया कराता है। इससे पहले मई में मोहाली स्थित पंजाब पुलिस की खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी से हमला किया गया था। घटनास्थल पर मौजूद गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच के मुताबिक आरपीजी की मदद से ग्रेनेड को शुक्रवार रात 11 बजकर 22 मिनट पर राजमार्ग से दागा गया जो सरहाली पुलिस थाने के सुविधा केंद्र पर गिरा।

## विपक्षी दलों...

चुघ ने आरोप लगाया कि आप सरकार कानून व्यवस्था कायम रखने में पूरी तरह से असफल हुई है। आरपीजी हमले और हाल में जालंधर में कपड़ा व्यापारी की हत्या का संदर्भ देते हुए चुघ ने कहा कि मान को अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करने में नाकाम होने पर राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए। चुघ ने कहा कि अगर मान सीमावर्ती राज्य की कानून व्यवस्था को संभाल नहीं सकते तो अपने पद से इस्तीफा दे दें। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंद सिंह राजा वडिंग ने घटना को गंभीर करार दिया। उन्होंने कहा कि यह ग्रेनेड हमला अशुभ संकेत है और बहुत गंभीर मामला है।

## प्रतिबंधित देशों...

इशारा जमात-उद-दावा (जेयूडी) की तरफ था, जो खुद को एक परोपकारी संगठन बताता है, लेकिन उसे व्यापक स्तर पर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े अग्रिम संगठन के रूप में देखा जाता है। जमात और लश्कर द्वारा संचालित संस्था फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) द्वारा समर्थित अल रहमत ट्रस्ट भी पाकिस्तान में स्थित हैं। कंबोज ने कहा कि ये आतंकवादी संगठन धन जुटाने और लड़ाकों की भर्ती करने के लिए मानवीय सहायता के क्षेत्र में छूट का फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत 1267 (प्रतिबंध समिति) के तहत प्रतिबंधित उन संगठनों को मानवीय सहायता प्रदान करते समय उचित सावधानी बरतने का आह्वान करता है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा सार्वभौमिक रूप से आतंकवादी पनाहगाह के रूप में स्वीकार किए गए क्षेत्रों में सरकार के पूर्ण समर्थन के साथ फलते-फूलते हैं।

## पुर्तगाल को...

कैमरून ने 1990, सेनेगल ने 2002 और घाना ने 2010 में अंतिम आठ में बनाई लेकिन तीनों में से कोई भी टीम सेमीफाइनल तक नहीं पहुंची थी। टीम ने अब तक अपने अभियान के दौरान सिर्फ एक गोल गंवाया है और वह भी कनाडा के खिलाफ आत्मघाती गोल। पुर्तगाल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में भी टीम का डिफेंस अडिग रहा जिसकी अगुआई गोलकीपर यासिन बोनाउ ने की। सेमीफाइनल में अब मोरक्को की भिड़ंत 15 दिसंबर को पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और गत चैंपियन फ्रांस के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले के विजेता से होगी। पुर्तगाल की इस हार के बाद यह लगभग तय हो गया है कि पांच विश्व कप में गोल दागने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब विश्व कप ट्रॉफी कभी नहीं उठा पाएंगे। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी संभवत: अपना अंतिम विश्व कप खेल रहा था।

## कमजोर हुआ...

में कई पेड़ गिर गए हैं। हालांकि सभी जानवर सुरक्षित हैं और बाड़ों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वंडालूर चिड़ियाघर और गुंडी पार्क रखरखाव के काम के लिए आज बंद है। चक्रवात के कारण हवाई अड्डे का संचालन प्रभावित होने के चलते 30 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डे के रनवे को आज तड़के कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया। इसके अलावा तमिलनाडु से रवाना होने वालीं नौ उड़ान रद्द कर दी गईं। आने वाले 21 विमानों का मार्ग दूसरे शहरों की ओर मोड़ दिया गया।

## आईओए की...

पार्टी ने राज्यसभा के लिए नामित किया था। आईओए के खिलाड़ी आयोग की सदस्य दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने उषा को उनकी ऐतिहासिक नियुक्ति पर बधाई दी। सिंधू ने संवाददाताओं से कहा, सबसे पहले मैं मैम (उषा) को बधाई देना चाहूंगी। वह खुद एथलेटिक्स में एक दिग्गज हैं। वह अभी सांसद भी हैं और इसलिए मुझे लगता है कि अभी यह खेल के लिए कुछ नया है। वह निश्चित रूप से अच्छा करेंगी और मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा, यह वास्तव में एक अच्छी बात है (पहली बार एक महिला का आईओए अध्यक्ष बनना) क्योंकि वह अन्य खिलाड़ियों की जरूरतों को समझेंगी, इससे उन्हें मदद मिलेगी और वह इसे अलग स्तर पर ले जाएंगी। मैं बहुत खुश हूं और यकीन है कि खेल अगले स्तर पर जाएगा।

## इशान किशन...

शर्मा के 264 रन का विश्व रिकॉर्ड भी एक समय छोटा दिख रहा था। इशान ने पारी के बीच में कहा, जब मैं आउट हुआ था तब 15 ओवर (14.1 ओवर) बचे हुए थे। मेरे पास 300 रन बनाने का मौका था। इशान ने 126 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया जो इस प्रारूप का सबसे तेज दोहरा शतक है। इससे पहले पुरुष क्रिकेट में यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। उन्होंने 2015 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 138 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया था। इशान इस प्रारूप में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने 24 साल और 145 दिन की उम्र में दोहरा शतक पूरा किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था जिन्होंने 26 साल और 186 दिन की उम्र में अपना पहला दोहरा शतक (2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) लगाया था। एकदिवसीय में यह भारत का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। इशान और कोहली के आउट होने के बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम आखिरी 10 ओवर में सिर्फ 70 रन ही बना सकी। इशान ने 85 गेंद में एकदिवसीय प्रारूप का पहला शतक लगाने के बाद टी20 अंदाज में बल्लेबाजी की और चौके-छक्के की बौछार कर दी। उन्होंने अपनी पारी में 156 रन सिर्फ बाउंड्री से बनाए। झारखंड का यह बल्लेबाज वनडे में दोहरा शतक लगाने वाला भारत चौथ और कुल सातवां बल्लेबाज है।

# हर परिस्थिति से जूझने के लिए मन को रखें मजबूतः डा. आदर्श

● जीवन यात्रा में जो हार नहीं मानते उनके यश का होता गुणगानःडा. डी नाथ

● प्रतियोगिताओं में शामिल मेडिकल छात्र-छात्राओं को बांटे पुरस्कार

संवाददाता। उरई (जालौन)



प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ मंडलायुक्त — पायनियर

**मंडलायुक्त** झांसी मण्डल झांसी डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में राजकीय मेडिकल कॉलेज के आडोटोरियम में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मंडलायुक्त द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गान एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शित किया गया। डा. अरुण अहिरवार (सहायक आचार्य, एनेस्थीसिया विभाग) द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया गया।

राजकीय मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. डी. नाथ ने कहा कि हमारे बीच उपस्थित मुख्य अतिथि डा. आदर्श सिंह सभी के लिए प्रेरणा पुंज है जिन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में अपने ज्ञान एवं प्रशासनिक अनुभव का सदुपयोग करते हुए अनगिनत परिवारों एवं आमजनमानस तक सरकार की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाकर एवं जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए व्यापक स्तर पर जनसेवा की है। उन्होंने कहा कि इस जीवन यात्रा में जो हार नहीं मानते है उनके यश का ही सर्वत्र गुणगान होता है। इसके उपरान्त मंडलायुक्त नें उपस्थित समस्त प्रशासनिक पदाधिकारियों, चिकित्सा शिक्षकों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ छात्र एवं छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए। असफलता ही आपसे आपकी कमियों को पृथक करती है। उन्होनें कहा कि उन्हें भी जीवन में बहुत सी असफलताओं का सामना करना पड़ा था लेकिन उन्होनें कभी भी हार नहीं मानी। जिसका परिणाम है कि वे यूपीएससी की सबसे कठिन परीक्षा को पास कर आईएएस बन पाये। उन्होनें छात्र एवं छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए एक संक्षिप्त प्रेजेंटेसन भी प्रस्तुत किया जिसमें विभिन्न स्लाइड्स के माध्यम से उन्होनें कई सकारात्मक एवं प्रेरक प्रसंग की विस्तृत व्याख्या करते हुए छात्र एवं छात्राओं को मेडिकल फील्ड से जुड़ी हुई कई रोचक जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होनें छात्र एवं छात्राओं से कहा कि वे हर परिस्थिति से जूझनें के लिए अपने मन को मजबूत रखे। राष्ट्रनिर्माण के लिए मन का मजबूत होना जरूरी है। आप सभी भी सकारात्मक विचारों से मन को सबल बनायें तथा राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनें। इसके उपरान्त मेडिकल कालेज में बैच 2020 द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सृजन 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाली टीमों को, विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र एवं छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह वितरित किये गये। प्रधानाचार्य ने कहा कि वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को व्यक्त करने का सुनहरा अवसर मिलता है। उन्होनें कहा कि सभी टीमों एवं प्रतिभागियों का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। जिन छात्र एवं छात्राओं को आज प्रशस्ति पत्र प्राप्त नहीं हुआ है उन्हें निराश नहीं होना है। कार्यक्रम में डा. अभय कुमार श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, डा. एनडी शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य समस्त उच्च प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीनियर फैकल्टी सदस्यों में डा. जीएस चौधरी (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक), डा. विद्या चौधरी (सह आचार्य, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग), डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. चरक सांगवान, डा. रेनू सिंह, डा. मदन, डा. संजीव गुप्ता, डा. जितेन्द्र मिश्रा, डा. आफरीना नासिर, डा. सुनित सचान, डा. रवीन्द्र राजपूत डा. शिव राठौर सहित समस्त चिकित्सा शिक्षक, चिकित्सक, सीनियर रेजीडेन्ट्स, जूनियर रेजीडेन्ट्स, नर्सिंग स्टाफ इन्टर्न्स, छात्र एवं छात्रायें इत्यादि उपस्थित रहे।

# लोहा व्यापारी ने कालपी के यमुना पुल से लगायी मौत की छलांग

संवाददाता। उरई (जालौन)

**बीती मध्य** रात को नगर पालिका परिषद उरई के दामाद तथा लोहा कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद करके जांच शुरू कर दी है। कोतवाल उरई के अध्यक्ष अनिल बहुगुणा के दामाद सुदीप गुप्ता पुत्र रामसहाय गुप्ता कानपुर नगर के किदवई नगर में रहते हैं। तथा लोहे के बड़ा कारोबार करते हैं। उनके दो भाई उरई के तुलसीनगर में रहते हैं। शुक्रवार की रात को करीब 9 बजे सुदीप गुप्ता निजी लग्जरी कार नंबर यूपी 75 एसी 3003 से उरई से कानपुर के लिए रवाना हुए। यमुना नदी के पुल के ऊपर अपनी निजी कार को खड़ा कर दिया। समझा जाता है कि पुल के ऊपर से सुदीप गुप्ता ने यमुना नदी में छलांग लगा दी। रात करीब सुदीप के गायब होने की खबर सुर्खियों में बन गई। इसी दौरान मध्य रात करीब 1रू00 बजे यमुना के पुल पर हिंदी की कार के खड़े होने की खबर पुलिस को मिल गई। मामला यमुना नदी के पुल के कारण कानपुर देहात जालौन सीमा का पाया गया। इस दृष्टिकोण से कानपुर देहात की भोगनीपुर थाने की पुलिस भी सक्रिय हो गई। शनिवार की सुबह तलाश करने के बाद सुदीप की लाश यमुना नदी से गोताखोरों ने बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल कानपुर देहात का पाया गया इस वजह से थाना भोगनीपुर पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जालौन के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार भी शनिवार को कालपी में पहुंचे तथा घटना का के बारे में जानकारियां हासिल की। सुदीप की मौत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव घर के दरवाजे पर पड़ा मिला

**कोंच( जालौन )।** कस्बा नदीगांव में एक 25 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही घर के दरवाजे पर पड़ा हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगते ही सीओ ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। मृतक युवक के सिर व गले में चोट के निशान दिख रहे हैं।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा नदीगांव के वार्ड नं 3 चौपरा मुहाल में रहने वाला 25 वर्षीय युवक चौनू पुत्र झल्ली बाथम सब्जी बेचने का काम करता है। मृतक की पत्नी रूबी ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे पति चौनू सब्जी बेचकर घर आया जिसके बाद वह खाना खाकर घर से करीब साढ़े 8 बजे मुहल्ले में कही जाने की बात कहकर बाहर निकल गये।रूबी ने बताया कि करीब साढ़े 9 -10 बजे किसी ने उसके घर के दरवाजे की कुंडी बजाई। वह दरवाजा खोलकर बाहर देखी तो वहां कोई भी व्यक्ति नजर नहीं आया और नीचे जमीन पर पति चौनू डले हुए थे।आनन फानन में पति को सीएचसी केन्द्र लेकर गये जहां चिकित्सकों ने पति को मृत घोषित कर दिया। मृतक चैनू के सिर में आगे माथे की ओर चोट का निशान दिखाई दे रहा है जबकि गले में किसी रस्सी से बांधे जाने का निशान साफ तौर पर नजर आ रहा है। वहीं उक्त घटना की जानकारी लगते ही थानाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चंदुर्रा में फांसी पर झूला किसान

**कोंच( जालौन )।** ग्राम चंदुर्रा में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने फँसी पर झूल कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा निवासी 40 वर्षीय देवेंद्र अहिरवार उर्फ भोला पुत्र सदू अहिरवार ने शुक्रवारध्शनिवार की रात घर के ठीक पीछे लगे पेड़ से मफलर के सहारे फँसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।सुबह वहां से गुजरे ग्रामीणों ने पेड़ से शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक देवेंद्र अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। उसके माता पिता का पहले ही निधन हो चुका था।बताया जा रहा है कि उसके नाम करीब 5 एकड़ जमीन है और वह कर्ज में भी डूबा हुआ था।

### भक्तों ने छका भंडारा प्रसाद

**कोंच( जालौन )।** नगर के जवाहर नगर नई बस्ती में स्थित सिद्ध मंदिर जय माँ काली व वलीसाहब के स्थान पर हर माह की तरह शनिवार को भंडारा प्रसाद बांटा गया।माँ काली व वलीसाहब को भोग लगाकर कमिटी सदस्यों ने भंडारा प्रसाद बांटा। दोपहर से लेकर देर शाम तक सैकड़ों भक्तों ने वहां पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में कमिटी के मदन सीरौठिया, गोपाल श्रीवास्तव, मनोज बुधौलिया, रामकुमार अग्रवाल, आशीष चौहान, डंफ्ल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, कुक्कू श्रीवास्तव, जीतू गौतम, राकेश अग्रवाल, किशना कुशवाहा, मुकेश, विनीत सोनी, अंचल, हेमंत, पंकज, सूर्यकांत, संतोष आदि संलग्न रहे।

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने के आरोप में ईओ ने तीन पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कोंच( जालौन )।** नगर पालिका सीमा के भीतर सरकारी जमीन कब्जियाने के अलग अलग मामलों में ईओ नगर पालिका पवन किशोर मौर्य ने दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। इनमें एक मामला गोखले नगर तथा दूसरा कंजड़ बाबा का है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पवन किशोर मौर्य ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कंजड़ बाबा के समीप श्यामसुंदर ने अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसी प्रकार मोहल्ला गोखले नगर निवासी सगे भाइयों घनश्याम व रामसिंह ने सरकारी वंजर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 447 तथा 2/3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर दोनों मामलों की छानबीन शुरू कर दी है।

### थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

**कोंच( जालौन )।** महीने के दूसरे शनिवार को सर्किल के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिनमें आईं शिकायतों को लेकर अधिकारियों ने अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। सर्किल के तीन थानों में आठ शिकायतें दर्ज कराई गई जिनमें दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली में नायब तहसीलदार आलोक कुमार कटियार की अध्यक्षता और प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में पांच शिकायतें आईं जिनमें दो का तत्काल मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि तीन में टीमें बनाई गई हैं जो मौकों पर जाकर निस्तारण करेंगे। इंस्पेक्टर बीएल आजाद, दरोगा नरेंद्र सिंह सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी दो मामले मौके पर ही निपटाये

**कालपी( जालौन )।** शनिवार को कोतवाली कालपी में आयोजित थाना समाधान दिवस का पुलिस अधीक्षक डॉ. रवि कुमार ने औचक निरीक्षण किया तथा जिम्मेदार अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी राम सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके फरियादियों द्वारा 5 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। जिसमें दोनों प्रकरणों को निपटा दिया गया। कालपी कोतवाली के परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने औचक तरीके से पहुंच कर सम्बंधित रजिस्टर का निरीक्षण किया।

# मौसम में ठंडक का असर लेकिन राजनैतिक हल्कों में गर्माहट

**उरई ( जालौन )।** निकाय चुनाव की सरगर्मियों के बीच मौसम में भले ही सर्दी का ग्राफ बढ़ रहा हो लेकिन राजनैतिक हल्कों में गर्माहट का माहौल देखने को मिल रहा है। चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे दावेदार अब अपनी-अपनी पसंद की राजनैतिक पार्टी से टिकट की जुगाड़ लगाने के लिये उनके दरबार में हाजिरी लगाकर टिकट दिलाने की मनुहार लगा रहे हैं। अब चुनाव में पार्टी किस कार्यकर्ता को अपना प्रत्याशी घोषित करती है यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन जब तक प्रत्याशियों के नामों की अधिकृत रूप से घोषणा नहीं हो जाती तब तक यह प्रक्रिया चलती रहेगी। जनपद में चार नगर पालिका परिषदें व सात नगर पंचायतों में निकाय चुनाव को लेकर शासन व प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। पहले व दूसरे चरण में सभासदों व निकाय अध्यक्षों के पदों को लेकर परिसीमन घोषित किया गया है। अब चुनाव आयोग द्वारा निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाना है। चुनावी सरगर्मियों के बीच परिसीमन घोषित होने के बाद चुनावी अखाड़े में उतरने को बैचेन दावेदार किसी भी तरह से अपनी पसंद के राजनैतिक दलों के नेताओं से टिकट दिलाने की उम्मीद लगाये हुये हैं। राजनैतिक दलों के नेताओं को आवासों पर दावेदारों का जमावड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ना शुरू हो गया है। फिलहाल तो सबसे ज्यादा सभासद पद के दावेदार अपने-अपने साथ समर्थकों की भीड़ लेकर राजनैतिक दलों के अपने आकाओं के दरबार में हाजिरी लगाकर किसी भी तरह से टिकट पक्का कराने की जुगाड़ लगाने में ही पसीना बहाते देखे जा रहे हैं। यही कारण में मौसम में भले ही सर्दी का एहसास आम जनमानस को हो रहा है लेकिन राजनैतिक हल्कों में गर्माहट का माहौल देखा जा रहा है।

# ग्रामीणांचल में विद्युत आपूर्ति का समय बढ़ाने की उठायी गई मांग

संवाददाता। कोंच(जालौन)



**भारतीय** किसान यूनियन की मासिक पंचायत शनिवार को गल्ला मंडी परिसर स्थित किसान भवन पर भारत सिंह धनौरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें उपस्थित किसानों ने अपनी स्थानीय समस्याएं रखी। वहीं भाकियू पदाधिकारियों ने एसडीएम कृष्णकुमार सिंह से उन समस्याओं के अबिलम्ब निस्तारण की मांग की है।

पंचायत में किसानों ने कहा कि नहर विभाग की उदासीनता से माइनरों की खुदाई व सफाई कार्य न होने से क्योलारी मौजे में करीब 60 बीघा जमीन पर बोई गई फसल पानी ओवरफ्लो होने के चलते जलमग्न होकर नष्ट हो गई। नष्ट हुई फसलों के एवज में संबंधित किसानों को मुआवजा राशि दी जाये। वहीं कृषि कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के समय लगातार 10 घंटे विद्युत आपूर्ति दिए जाने, जनपद के सभी सरकारी केन्दों पर यूरिया और डीएपी खाद की समुचित उपलब्धता किये जाने, गत समय पूर्व अतिवृष्टि से नष्ट हुई खरीफ फसलों के एवज में फसल बीमा कम्पनी से शीघ्र ही लंबित राशि संबंधित किसानों के खातों में डलवाये जाने, कोंच नगर के अन्ना मवेशियों के सीमा से सटे गांवों में घुसने पर रोक लगाए जाने की मांग किसानों ने प्रमुखता से रखी।पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ सिमिरिया, डॉ दुजेन्द्र सिंह, बृजेश राजपूत, तहसील अध्यक्ष चतुरसिंह, महासचिव डॉ पीडी पचीपुरा, श्यामसुंदर, ददुआ कुँवरपुरा आदि किसान मौजूद रहे।

# मैनपुरी की जीत पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

**कोंच ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में सबसे चर्चित और प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट में शुमार मैनपुरी सीट पर पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद मुलायम सिंह यादव का निधन हो जाने पर हाल ही में सम्पन्न हुए उप चुनाव में मुलायम की बहू और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव की रिकॉर्ड मतों से जीत होने पर सपाई फूले नहीं समा रहे हैं और जश्न में डूबे हुए हैं। समाजवादी पार्टी के जालौन जनपद के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ धीरेन्द्र यादव ने अखिलेश यादव के सैफई स्थित घर पर पहुंचकर उनको इस जीत की बधाई देते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।वहीं अखिलेश और धीरेन्द्र ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।उधर, धीरेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार के निर्देशन में पुलिसिया दमन के बाद भी एकजुट समाजवादियों की मेहनत का नतीजा है कि मैनपुरी में जीत मिली है।

# महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा मिटाने को एकजुटता जरूरी:रानी

● जरूरत पड़े तो बेहिचक 'महिला हेल्प डेस्क' का लें सहयोग

संवाददाता। उरई (जालौन)




छात्राओं को अधिकारों के बारे में जानकारी देती अधिकारी — पायनियर

**महिला** कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय से अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस ''राष्ट्रीय जेंडर अभियान'' के तहत एसआर बालिका इंटर कॉलेज उरई में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कालेज की छात्राओं एवं जनमानस को महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर के द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, पोक्सो अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बाल अधिकारों आदि के विषय में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पुलिस परामर्श केंद्र प्रभारी रानी गुप्ता द्वारा छात्राओं को अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956, साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल व पुलिस थानों में कार्यरत ''महिला हेल्प डेस्क'' के बारे में जानकारी दी, साथ यह भी बताया गया कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा आगे बढ़ाना चाहिए बेटा बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए व लिंग भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा तथा भेदभाव को मिटाने हेतु हम सभी को एकजुट होकर मिलकर प्रयास करना होगा तथा सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112, 181, 1098 आदि के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया। महिला कल्याण अधिकारी ने छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक नीतू देवी द्वारा वन स्टॉप सेंटर में एक ही छत के नीचे मिल रही सुविधाओं जैसे पुलिस सुरक्षा, विधिक सहायता, चिकित्सीय सुविधा, परामर्श सुविधा आदि की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि यदि कोई महिला हिंसा का शिकार होती है तो वह सीधे वन स्टॉप सेंटर में आकर संपर्क कर सकती है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर, जिला समन्वयक नीतू, पुलिस विभाग परामर्श केंद्र प्रभारी रानी गुप्ता, पुलिस विभाग की टीम तथा कालेज की प्रधानाचार्या मंजू गुप्ता एवं कालेज समस्त स्टाफ छात्राएं उपस्थित रही।

# विश्व मानवाधिकार दिवस हर किसी के लिए बेहद अहमः डा. सोमेंद्र

**जालौन ( उरई )।** विश्व मानवाधिकार दिवस का उद्देश्य है कि व्यक्ति को उसके पसंद के अनुरूप जीवन जीने, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार मिले। इसी उद्देश्य के लिए बनाए रखने के लिए विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। यह बात जॉइन्ट स्टेट डायरेक्टर यूपी नेशनल क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो डॉ. सोमेंद्र श्रीवास्तव ने कही। विश्व मानवाधिकार दिवस पर डॉ. सोमेंद्र श्रीवास्तव के आवास पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जॉइन्ट स्टेट डायरेक्टर यूपी नेशनल क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो डॉ. सोमेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 10 दिसंबर मनाया जाने वाला विश्व मानवाधिकार दिवस हर किसी के लिए बेहद अहम है। भारत सहित दूसरे देशों में हर किसी के लिए अपने अधिकारों का महत्व है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1950 में की गई घोषणा के बाद से यह दिवस मनाया जाता है। कहा कि मानवाधिकार दिवस का उद्देश्य दुनिया का ध्यान मानवों के अधिकारों की ओर ध्यान आकर्षित कराना है। ताकि विश्व के सभी लोग सुरक्षित महसूस कर सकें और भेदभाव रहित स्वतंत्रतापूर्ण जीवन जी सकें। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक व शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। डॉ. ओसाफ अंसारी ने कहा कि भारत में 28 सितंबर 1993 को मानवाधिकार कानून को अमल में लाया गया था और 12 अक्टूबर, 1993 को 'राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग' का गठन किया गया था। मानवाधिकार भारतीय संविधान के भाग-3 में मूलभूत अधिकारों के नाम से उल्लेखित है। इन अधिकारों का उल्लंघन करने वाले या हनन करने वाले को कानून में सजा का प्रावधान भी है। मानवाधिकार वे मूलभूत नैसर्गिक अधिकार हैं जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित या प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक, और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है।

# व्यापारी जीएसटी टीम की पल पल की खबर लेते रहे

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर ने जीएसटी की टीम द्वारा किए जा रहे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के सर्वे के चलते शनिवार को बाजार होने के बावजूद नगर के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें और जीएसटी की टीम की कार्रवाही की पल पल की खबर लेते रहे। जीएसटी विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वे की कार्यप्रणाली से व्यापारियों में आक्रोश है। पिछले तीन दिनों से नगर में जीएसटी की टीम द्वारा नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सर्वे किया जा रहा है जिसको लेकर व्यापारियों में अच्छा खासा हड़कंप मचा हुआ है। शनिवार को बाजार का दिन होने के चलते नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह से ही खुल गए लेकिन व्यापारियों को जीएसटी की टीम के नगर में प्रवेश करने की भनक लगते ही अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए, हालांकि जीएसटी की टीम ने कई टिंबर मर्चेंटों समेत अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सर्वे किया। जीएसटी की टीम द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों का किया जा रहा सर्वे व्यापारियों के गले नहीं उतर रहा है।

# खुफिया रिपोर्ट के आधार पर ही प्रतिष्ठानों में हो रही छापेमारीः ज्वाइंट कमिश्नर

● चित्रकूटधाम मंडल में अब तक पचास व्यापारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई

संवाददाता। हमीरपुर

**जीएसटी** चोरी रोकने को लेकर सूबे में पहली मर्तबा की जा रही छापेमारी को लेकर अभी भी न केवल व्यापारियों में दहशत हैँ बल्कि पूरे प्रतिष्ठान बंद पड़े हुए है। चित्रकूट धाम मंडल के ज्वाइंट कमिश्नर(जेसी) एसआईबी ने दावा किया है कि अब तक चित्रकूटधाम मंडल में 50 व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर शासन से चिंहित प्रतिष्ठानों पर ही छापामारी की जा रही है, यह अभियान फिलहाल अनवरत जारी रहेगा। चित्रकूटधाम मंडल के ज्वाइंट कमिश्नर आरके गुप्ता ने बताया कि जीएसटी टीम हरेक दुकानदार के यहां जाकर छापामारी नही कर रही है,शासन से जांच के दायरे में आने वाले दुकानदारों की पहले से ही सूची तैयार की गयी है,यह सूची जिले की खुफिया बिभाग(इंटेलीजेंस) द्वारा तैयार की गयी ही। हरेक दुकानदार जीएसटी के दायरे में आ सकता है,क्योकि वह जो सामान विक्री करता है उसमें जीएसटी अदा करनी पड़ती है। जेसी ने बताया कि मंडल के 50 प्रतिष्ठानों से अभिलेख जब्त कर लिए गए हैं। इन्हीं प्रतिष्ठानों के खिलाफ शासन स्तर पर कार्रवाई, जुर्माना सुनिश्चित की जाएगा। उन्होंने दावा किया कि हर जनपद में स्थानीय टीम के साथ एक अन्य जनपद का अधिकारी जांच टीम में शामिल है। जो हर रोज शासन को रिपोर्ट भेज रहा है। शासन स्तर पर इस प्रकार की कार्रवाई पहली मर्तबा हो रही है। इसलिए क्या कार्रवाई होगी,कितना जुर्माना जमा कराया जायेगा इस पर कुछ नही कहा जा सकती है। शासन का यह कार्यक्रम की तिथि निश्चित नही है यह चलता रहेगा। उधर व्यापारियों का कहना है कि सेल टैक्स की स्थानीय टीम व्यापारियों को परेशान कर रही है। उन्हें शासनादेशों की कोई गाइड लाइन नहीं बताई जा रही है। जिससे शनिवार को जिले भर के चौथे दिन भी प्रतिष्ठान बंद रहे। शनिवार को भी जनपद में व्यापारियों ने जगह जगह धरना प्रदर्शन कर शासन की इस नीति का विरोध किया। हमीरपुर व्याापार मंडल के नगर अध्यक्ष धीरु गुप्ता ने जिलाधिकारी डा.चंद्रभूषण को बताया कि व्यापारियों में दहशत व्याप्त है। इस अभियान से सभी व्यापारी प्रभावित हो रहे है।

## व्यापारियों ने चाय पकौड़े बेचकर जताया जीएसटी का विरोध



राठ में पकौड़े बेंचकर जीएसटी का विरोध करते व्यापारी — पायनियर

**राठ ( हमीरपुर )।** राठ कस्बे में बीते चार दिनों से राज्य कर टीम की छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। व्यापारियों ने चाय, पकोड़े बेंचकर विरोध जताया। प्रदेश सरकार द्वारा जीएसटी में हो रही कर चोरी को लेकर राज्य कर टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है। पिछले चार दिनों से जीएसटी की छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिससे आक्रोशित व्यापारी संगठनों ने शनिवार को धरना प्रदर्शन कर चाय, पकोड़े बेंचकर विरोध जताया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के नेतृत्व में पुरानी तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी सर्वे टीम से व्यापारी हताश हो गए हैं। इसे तत्काल रोका जाए। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, काशी प्रसाद गुप्ता, प्रमोद बजाज, उमाशंकर गुप्ता, रहमत वेग, कैलाश चंद्र अग्रवाल, सुयश भानु शिवहरे, नौशे खान साबिर बेग, नौशे खान, उमाशंकर गुप्ता, रहमत बेग आदि मौजूद रहे। वहीं भारतीय उद्योग व्यापार संगठन ने व्यापारियों का साथ दिया। कोट बाजार पुरानी नगर पालिका के पास व्यापारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए चाय पकौड़े बेंचकर जीएसटी का विरोध जताया। जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता ने कहा की व्यापारियों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# यूएनएससी में मानवीय सहायता को प्रतिबंधों से परे रखने संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में उस प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें मानवीय सहायता को संयुक्त राष्ट्र के सभी तरह के प्रतिबंधों के दायरों से बाहर रखने का प्रावधान किया गया है। भारत ने जोर देकर कहा कि प्रतिबंधित आतंकी संगठनों ने इस तरह की छूट का भरपूर फायदा उठाया है और उन्हें वित्तीय मदद जुटाने तथा लड़ाकों की भर्ती करने में मदद मिली है।

पंद्रह सदस्ईय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता फिलहाल भारत के पास है। परिषद ने शुक्रवार को अमेरिका और आयरलैंड द्वारा पेश उस प्रस्ताव पर मतदान किया, जिसमें मानवीय सहायता को प्रतिबंधों के दायरे से बाहर रखने का प्रावधान किया गया है। वाशिंगटन ने जोर देकर कहा कि




अपनाए जाने के बाद यह प्रस्ताव अनगिनत जिंदगियों को बचाएगा। भारत मतदान से अनुपस्थित रहने वाला एकमात्र देश रहा, जबकि परिषद के बाकी 14 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मदतान किया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि समय पर मानवीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए धन, अन्य वित्तीय संपत्तियों, आर्थिक संसाधनों और वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति आवश्यक और अनुमत है तथा यह परिषद या इसकी प्रतिबंध समिति द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करती है। यूएनएससी की अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, हमारी चिंताएं आतंकवादी संगठनों द्वारा इस तरह की मानवीय छूट का भरपूर फायदा उठाने और 1267 प्रतिबंध समिति सहित अन्य प्रतिबंध समितियों का मजाक बनाने के स्पष्ट उदाहरणों से उत्पन्न हुई हैं। कंबोज ने पाकिस्तान और उसकी जमीन पर मौजूद आतंकी संगठनों का भी परोक्ष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमारे पड़ोस में कई आतंकवादी संगठनों द्वारा इन प्रतिबंधों से बचने के लिए खुद को मानवीय संगठनों और नागरिक समाज समूहों के रूप में पुनर्स्थापित किए जाने के कई मामले सामने आए हैं। इनमें परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठन भी शामिल हैं। कंबोज का इशारा जमात-उद-दावा (जेयूडी) की तरफ था, जो खुद को एक परोपकारी संगठन बताता है, लेकिन उसे व्यापक स्तर पर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े अग्रिम संगठन के रूप में देखा जाता है। जमात और लश्कर द्वारा संचालित संस्था फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) द्वारा समर्थित अल रहमत ट्रस्ट भी पाकिस्तान में स्थित हैं। कंबोज ने कहा, ए आतंकवादी संगठन धन जुटाने और लड़ाकों की भर्ती करने के लिए मानवीय सहायता के क्षेत्र में छूट का फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा, भारत 1267 (प्रतिबंध समिति) के तहत प्रतिबंधित उन संगठनों को मानवीय सहायता प्रदान करते समय उचित सावधानी बरतने का आह्वान करता है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा सार्वभौमिक रूप से आतंकवादी पनाहगाह के रूप में स्वीकार किए गए क्षेत्रों में सरकार के पूर्ण समर्थन के साथ फलते-फूलते हैं।

# छह साल पुराने मानहानि मामले में इमरान खान की याचिका खारिज

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान की** एक अदालत ने छह साल पुराने मानहानि के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिका खारिज कर दी है। पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान के खिलाफ 6.1 करोड़ डॉलर का मानहानि का यह मामला दर्ज कराया था। इमरान ने मामले में उन्हें जवाब देने के अधिकार से वंचित करने से संबंधित लाहौर की सत्र अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश चौधरी मुहम्मद इकबाल ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इमरान की याचिका खारिज कर दी और सत्र अदालत का फैसला बरकरार रखा। इससे पहले, सत्र अदालत ने कहा था कि 70 वर्षीय इमरान ने शहबाज द्वारा उठाई गईं आपत्तियों पर समय पर जवाब देने में नाकाम रहने के कारण जवाब देने या विरोध करने का अपना अधिकार खो दिया है। इमरान ने अप्रैल 2017 में आरोप लगाया था कि शहबाज ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में लंबित पनामा पेपर मामले को वापस लेने के लिए उन्हें (इमरान को) एक साझा मित्र के माध्यम से 6.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 10 अरब पाकिस्तानी रुपए) की पेशकश की थी।

इमरान ने उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया था, जिसने उन्हें शहबाज की तरफ से कथित तौर पर 6.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी। बाद में, शहबाज की ओर से दायर मानहानि याचिका में कहा गया था कि प्रतिवादी (इमरान) ने उनके खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए हैं। शहबाज ने आरोप लगाया था कि इमरान ने उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है।

## क्विक न्यूज

### जॉर्ज फ्लॉयड की पीठ को घुटने से दबाने वाले पूर्व पुलिस अधिकारी को साढ़े तीन साल की जेल

**मिनियापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका में अफ्रीकी मूल के जॉर्ज फ्लॉयड की पीठ को घुटने से दबाने वाले मिनियापोलिस के पूर्व पुलिस अधिकारी जे एलेक्जेंडर क्वेंग को शुक्रवार को साढ़े तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई। क्वेंग ने 25 मई 2020 को फ्लॉयड की पीठ को उस समय घुटने से दबाए रखा था, जब एक अन्य पुलिसकर्मी उसकी गर्दन पर अपना घुटना रखे हुए था। इस दौरान सांस लेने में तकलीफ होने और दम घुटने के कारण फ्लॉयड की मौत हो गई थी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद अमेरिका में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए थे। क्वेंग को अक्टूबर में सेकंड डिग्री हत्या के लिए उकसाने और उसमें सहयोग देने का दोषी करार दिया गया था। वह फ्लॉयड के नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए पहले ही संघीय सजा काट रहा है। उसे ओहायो की एक जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। गौरतलब है कि 25 मई 2020 को पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक शॉविन ने फ्लॉयड की गर्दन को करीब नौ मिनट तक अपने घुटने से दबाए रखा था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान क्वेंग ने स्वीकार किया था कि उसने फ्लॉयड की पीठ को कसकर पकड़ रखा था और वह अपने अनुभव और पुलिस प्रशिक्षण की बदौलत जानता था कि हथकड़ी लगे व्यक्ति को इस स्थिति में पकड़े रहना उसके जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

### घर में घुसकर सिख महिला की चाकू से कई बार वार करके हत्या

**टोरंटो।** कनाडा में 40 वर्षीय सिख महिला की उसके घर में घुसकर कई बार चाकू से वार करके हत्या कर दी गई और इस मामले में उसके पति को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। कनाडा की पुलिस ने यह जानकारी दी। सीबीसी न्यूज से शुक्रवार को मिली खबर के मुताबिक हरप्रीत कौर की उनके ब्रिटिश कोलंबिया के सरे स्थित घर में कई बार चाकू मारकर बुधवार रात को हत्या कर दी गई। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा कि उसे बुधवार रात साढ़े नौ बजे से थोड़ा पहले न्यूटाउन के निवासी ने कॉल करके चाकू से हमले की जानकारी दी। खबर के मुताबिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि महिला को गंभीर चोट लगी है और उन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन गंभीर चोट के कारण महिला की अस्पताल में मौत हो गई। कौर के 40 वर्षीय पति को भी संदेह के आधार पर मौके से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हे छोड़ दिया गया।

### पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी के शीर्ष अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के एक शीर्ष अधिकारी की कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने शनिवार को उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एफआईए के उप निदेशक इनामुल्लाह खान की दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे केपीके प्रांत के अशांत लक्की मरवत जिले के ताजजई इलाके में बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।आरंभिक सूचना के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नही हो पाया है कि अधिकारी की हत्या उनकी निजी दुश्मनी के चलते की गई है या यह लक्षित हत्या का मामला है। पुलिस ने हमलावरों को पकड़ने के लिए व्यापक स्तर पर तलाश अभियान शुरू किया है।

### बांग्लादेश: प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी दल बीएनपी की विशाल रैली

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य विपक्षी दल बीएनपी के हजारों समर्थकों ने शनिवार को यहां राजधानी में विशाल रैली कर प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और आम चुनाव कराने की मांग की। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सात सांसदों ने हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के विरोध में अपने-अपने इस्तीफे देने की घोषणा की। रैली स्थल ढाका के गोलपबाग इलाके में कड़ी सुरक्षा निगरानी की जा रही है। पार्टी के नेताओं ने राजधानी ढाका शहर के पूर्वी हिस्से में रैली को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने शेख हसीना वोट चोर है नारा लगाया। रैली के दौरान राजधानी के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग सुबह से ही सड़कों पर सार्वजनिक परिवहन का इंतजार करते नजर आए। बीएनपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि रैली में 10 लाख लोग आ सकते हैं। सत्तारूढ़ अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने भी कई सरकार समर्थक जुलूस निकाले। रैली में बीएनपी के सात सांसदों ने इस्तीफे की घोषणा की।

## अमेरिका ने उ. कोरियाई कंपनी के लिए काम करने पर भारतीय नागरिक पर प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरियाई सरकार द्वारा संचालित एनिमेशन स्टूडियो की ओर से काम करने और उसे सहयोग देने के लिए एक भारतीय नागरिक समेत दो लोगों और सात संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं।

अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या और अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी दिवस के मौके पर शुक्रवार को यह कार्वाई की। उसने दुनियाभर में मानवाधिकारों के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही तय करने के प्रयास के तौर पर यह कार्वाई की। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिका ने उत्तर कोरियाई सरकार द्वारा संचालित एनिमेशन स्टूडियो एसईके स्टूडियो की ओर से काम करने और उसे सहयोग मुहैया कराने के लिए दो लोगों तथा सात संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं।जिन लोगों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## रूस ने बखमुत शहर को नष्ट किया: जेलेंस्की

**कीव( एपी )।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के बखमुत शहर को नष्ट कर दिया है। यूक्रेनी सेना ने भी शनिवार को बताया कि रूस की ओर से देश के कई हिस्सों में मिसाइल, रॉकेट और हवाई हमले किए गए जिन्हें वह महीनों से जारी प्रतिरोध के बावजूद जीतने का प्रयास कर रहा है।

साढ़े नौ महीने से जारी इस युद्ध में रूस का ध्यान अब यूक्रेन के उन चार प्रांतों पर केंद्रित हो गया है जिन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गत सितंबर में कब्जे करने का दावा किया था। युद्ध से संकेत मिलता है कि रूस को उन क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि यूक्रेन इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने को लेकर अडिग है। जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क प्रांतों के कई अग्रिम पंक्ति के शहरों में हालात बहुत कठिन हैं।एक साथ ए प्रांत डोनबास क्षेत्र के तहत आते हैं, जो रूसी सीमा पर स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र है। पुतिन का ध्यान युद्ध की शुरुआत से ही इस क्षेत्र पर रहा जहां कि अलगवावादी वर्ष 2014 से ही लड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने रात में जारी अपने वीडियो में कहा, बखमुत, सोलेदर, मारयिंका, क्रेमिना। लंबे समय से इन क्षेत्रों की जमीन पर कोई जीवंत स्थान नहीं बचा है जहां कि रूसी गोलाबारी से नुकसान नहीं हुआ हो। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने असल में डोनबास क्षेत्र के एक और शहर बखमुत को नष्ट कर दिया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि नष्ट से उनका क्या अभिप्राय है क्योंकि कुछ इमारतें अब भी खड़ी हैं और बाशिंदे अब भी शहर की सड़कों पर घूम रहे हैं। यूक्रेनी सैन्य जनरल ने शुक्रवार और शनिवार के बीच रूस की ओर से 20 हवाई हमले और 60 से अधिक रॉकेट हमले के अलावा मिसाइल हमले किए जाने की जानकारी दी। प्रवक्ता अलेक्जेंडर शुतपुन ने कहा कि बखमुत जिले में सबसे सक्रिय लड़ाई हुई, जहां 20 से अधिक आबादी वाले स्थान गोलाबारी की चपेट में आ गए।

# पहले से हमला करने की अमेरिका की रणनीति अपना सकता है रूस: पुतिन

एपी। मॉस्को

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि मॉस्को दुश्मन से हमले के खतरे के जवाब में उस पर पहले हमला करने की अमेरिका की रणनीति अपना सकता है और उसके पास ऐसा करने के लिए काफी हथियार हैं। पुतिन ने पूर्व सोवियत देशों के आर्थिक गठबंधन के किर्गिस्तान में हुए सम्मेलन में अमेरिकी नीति का जिक्र करते हुए कहा, हम इसके बारे में सिर्फ सोच रहे हैं। वे पिछले कुछ वर्ष में इसके बारे में खुलकर बात करने से कतराते नहीं रहे हैं।

क्रेमलिन कई वर्षों से तथाकथित कन्वेंशनल प्रोम्प्ट ग्लोबल स्ट्राइक क्षमता विकसित करने के अमेरिका के प्रयासों को लेकर चिंता जताता रहा है जिसके तहत एक घंटे के भीतर ही दुनिया में कहीं भी पारंपरिक हथियारों



से सटीक निशाना लगाने की कल्पना की गई है।उन्होंने दावा किया कि रूस ने ऐसा हमला करने में सक्षम हाइपरसोनिक हथियारों को पहले ही तैनात कर दिया है जबकि अमेरिका ने अभी तक उन्हें तैनात नहीं किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अब रूस के पास ऐसी क्रूज मिसाइल हैं जो अमेरिका की क्रूज मिसाइलों से भी आगे की दूरी तय कर सकती हैं।पुतिन ने कहा कि अमेरिका ने पहले परमाणु हथियारों का प्रयोग करने की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, अगर संभावित शत्रु को लगता है कि वह हमले के खतरे की आड़ में हमला करने की नीति अपना सकता है और हम नहीं, तो यह हमें दूसरे देशों की रक्षात्मक मुद्रा में ऐसे विचारों से उत्पन्न खतरों के बारे में सोचने पर मजबूर करता है। इस बीच, अमेरिका के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि वाशिंगटन में राष्ट्रपति जो. बाइडन के सलाहकारों ने पुतिन की टिप्पणियों को युद्ध भड़काने वाली बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि बाइडन सामरिक परमाणु हथियार तैनात कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि रूसी सैन्य सिद्धांत लंबे समय यह रहा है कि मॉस्को के पास व्यापक सैन्य आक्रामकता के जवाब में परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल करने का अधिकार है।

## भारत में कोविड राहत कार्यों के लिए गैप वन को कॉरपोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गारमेंट विनिर्माता गैप वन को भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान राहत कार्यों के लिए कॉरपोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया है। अमेरिका के आर्थिक वृद्धि, ऊर्जा और पर्यावरण मंत्रालय के अवर सचिव जोस डब्ल्यू फर्नांडीज ने शुक्रवार को विदेश विभाग में आयोजित एक कार्यक्रम में गैप वन को यह पुरस्कार दिया। गैप वन को यह पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में श्रम प्रतिनिधियों के साथ जुड़कर करीब चार लाख परिधान श्रमिकों को छह करोड़ डॉलर से अधिक की आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए दिया गया। यह आर्थिक सहायता लॉकडाउन के दौरान श्रमिकों को वेतन की भरपाई के लिए दी गई।

## सरकार 197 जिलों में युवाओं के लिए प्रशिक्षुता मेला आयोजित करेगी

**दिल्ली।** सरकार कौशल भारत मिशन के तहत युवाओं के लिए करियर की संभावनाओं को बढ़ावा देने के मकसद से 12 दिसंबर (सोमवार) को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन करेगी। इन मेलों का आयोजन 25 राज्यों और केंद्र अधिकार प्रदेशों में 197 स्थानों पर किया जाएगा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि स्थानीय युवाओं को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के जरिए अपने करियर को आकार देने में मदद की जाएगी। बयान में कहा गया कि यह महत्वपूर्ण आयोजन विभिन्न क्षेत्रों की अनेक कंपनियों की पारस्परिक भागीदारी का साक्षी बनेगा। मेले में हिस्सा लेने वाली कंपनियों के पास एक ही मंच पर संभावित प्रशिक्षुओं से मिलने और आवेदकों को मौके पर ही चुनने तथा उन्हें अपने संगठन का हिस्सा बनाने का मौका मिलेगा।

# प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, वैश्विक निवेशक सम्मेलन पर इंदौर के लिए छह विशेष उड़ानें : सिंधिया

भाषा। इंदौर (मध्य प्रदेश)

**केंद्रीय नागरिक** उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि इंदौर में जनवरी 2023 के दौरान आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन और वैश्विक निवेशक सम्मेलन के मद्देनजर छह विशेष उड़ानें चलाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि ए उड़ानें मध्यप्रदेश के इस शहर का दक्षिण भारत से हवाई संपर्क मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की गुजारिश मंजूर करते हुए चलाई जाएंगी। सिंधिया ने दोनों अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की तैयारियों को लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ इंदौर में समीक्षा बैठक की। इसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया, प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन और वैश्विक निवेशक सम्मेलन को देखते हुए इंदौर के लिए छह विशेष उड़ानें चलाई जाएंगी। ए उड़ानें दोनों आयोजनों की अवधि में चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोच्चि और तिरुअनंतपुरम से इंदौर के



बीच चलेंगी। सिंधिया ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य जन प्रतिनिधियों ने उनका ध्यान इस ओर खींचा था कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन और वैश्विक निवेशक सम्मेलन के मद्देनजर दक्षिण भारत से इंदौर का हवाई संपर्क मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह भी बताया कि दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के चलते इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के साथ ही सजाया-संवारा जा रहा है। गौरतलब है कि इंदौर में अगले साल आठ से 10 जनवरी के बीच प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार इसके तत्काल बाद 10 और 11 जनवरी को वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट एमपी का आयोजन करेगी, ताकि अन्य निवेशकों के साथ ही प्रवासी भारतीय समुदाय के उद्योगपतियों को भी को राज्य में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके।

### दिल्ली हवाईअड्डे पर भीड़ से निपटने के लिए व्यस्त घंटों में उड़ानें कम करने पर विचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे पर भीड़ से निपटने के लिए व्यस्त घंटों में उड़ानें कम करने पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इस संबंध में नागरिक उड्डयन मंत्रालय घरेलू विमानन कंपनियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआईए) के टर्मिनल-3 (टी3) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अन्य पहलुओं के अलावा यात्रियों की आवाजाही और सामान जांच चौकियों का निरीक्षण किया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है, जिसके तीन टर्मिनल - टी।, टी2 और टी3 हैं। सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और कुछ घरेलू सेवाएं टी3 से संचालित होती हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीन टर्मिनलों पर व्यस्त घंटों के दौरान उड़ानों की संख्या कम करने के लिए एयरलाइंस के साथ भी चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि इन घंटों के दौरान टी3 पर 14, टी2 में 11 और टी। में आठ उड़ानें संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रस्ताव का पूरा ब्यौरा फिलहाल उपलब्ध नहीं हो सका है। आम तौर पर व्यस्त घंटे सुबह और शाम के समय होते हैं।

# लोगो, ब्रांड प्रचार से झारखंड पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: अधिकारी

● झारखंड में पर्यटकों की रुचि के कई स्थान हैं, लेकिन ब्रांडिंग एक मुद्दा रहा है

भाषा। रांची

**झारखंड सरकार** राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन स्थलों के प्रचार और यात्रियों की आवाजाही के अध्ययन संबंधी कई योजनाओं पर काम कर रही है। राज्य के पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने सोमवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पर्यटकों की रुचि वाले स्थानों का प्रचार करने और एक लोगो तैयार करने के लिए एक ब्रांड भागीदार का चयन किया है। कुमार ने बताया, झारखंड में पर्यटकों की रुचि के कई स्थान हैं, लेकिन ब्रांडिंग एक मुद्दा रहा है। टेलीविजन या अन्य मंच पर कोई उचित प्रचार कार्यक्रम नहीं संचालित होता है। आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए एक संदेश होना चाहिए, जिससे वे यहां आने के लिए आकर्षित हों। उन्होंने कहा कि हमने पर्यटकों की रुचि के स्थानों का प्रचार करने के लिए गोवा स्थित एक ब्रांडिंग भागीदार को नियुक्त किया है, जो झारखंड पर्यटन के लिए लोगो और स्मारिका तैयार करेगा। कुमार ने कहा कि एजेंसी ने झारखंड पर्यटन के लिए लोगो तैयार कर लिया है, लेकिन इसे अभी अंतिम मंजूरी नहीं दी गई है।

अधिकारी ने कहा कि विभाग एक एजेंसी के जरिए पर्यटकों की आवक और उनकी प्रतिक्रिया का अध्ययन भी कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना है और केंद्र ने इसके लिए लगभग एक दर्जन एजेंसियों को सूचीबद्ध किया है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Hammad Abdullah Chaudhary, S/o. Abdul Mannan Chaudhary, Resident of Patthar Deia, Siddharthnagar, UP, have declared that my name has been wrongly mentioned in my 10th & 12th class Certificate, issued from NIOS as Hammad Abdullah instead of Hammad Abdullah Chaudhary.

PD(90216)A

I, hitherto known as Manisha Paul Thottam (alias Manisha Thottam or Manisha Sachdeva) D/o Late Raj Kumar Sachdev (alias Late R. K. Sachdev) and W/o Sh. Paul Thottam residing at D-70, 3rd Floor, Saket, Delhi - 110017 have changed my name and shall hereafter be known as MANISHA SACHDEV.

PD(90217)A

## बीएमडब्ल्यू को अगले साल भी बिक्री की गति जारी रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** लक्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया को 2023 में भी बिक्री में मजबूती बनी रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, कंपनी इलेक्ट्रिक सेडान आई7 समेत कई उत्पादों की बिक्री की संभावना तलाश रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी के लिए यह साल बिक्री के मामले में सबसे अच्छा साल रहा है। कंपनी की देश में अगले आठ सप्ताह में आठ उत्पादों को पेश करने के लिए की योजना है। पावाह ने एक सवाल के जवाब में कहा, हमें विश्वास है कि बिक्री की गति निश्चित रूप से जारी रहेगी। हम अगले साल भी शानदार उत्पाद लाने वाले हैं। मैं बहुत सकारात्मक हूं क्योंकि हम आठ प्रमुख पेशकश के साथ शुरुआत कर रहे हैं, उनमें से तीन बहुत बड़े उत्पाद हैं। हम 2023 में भी बहुत मजबूत वृद्धि करेंगे।

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने ब्याज दरों में संशोधन किया

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने घरेलू, विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंकिंग) सावधि जमाओं पर ब्याज दरों में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया है। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईओबी ने एक बयान में कहा कि घरेलू, गैर-निवासी जमाकर्ताओं को 444 दिनों की अवधि वाली जमाओं पर 7.30 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। इसी तरह तीस साल और उससे अधिक अवधि वाली जमाओं पर 7.25 प्रतिशत तक ब्याज दिया जाएगा। विदेशी मुद्रा जमाकर्ताओं को बैंक के साथ एफसीएनआर (बी) सावधि जमा खाता खोलने पर 4.25 प्रतिशत तक ब्याज दिया जाएगा।



बीएमडब्ल्यू एमएस401 की लांचिंग के अवसर पर सीईओ विक्रम पाहवा कार के साथ

## जम्मू स्थित संगठनों ने आठ पारंपरिक वस्तुओं के जीआई टैग के लिए आवेदन किया

**जम्मू।** घरेलू और वैश्विक बाजारों में संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संगठनों ने जम्मू क्षेत्र की आठ अलग-अलग पारंपरिक वस्तुओं के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग हासिल करने की कवायद शुरू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित एक बैठक में इस संबंध में कार्य योजना तैयार की गई। जम्मू और कश्मीर के जीआई टैग के लिए आगे का रास्ता शीर्षक से आयोजित इस बैठक में केंद्र शासित प्रदेश के देशी और पारंपरिक सामानों की विशिष्टता को निर्धारण करने पर विचार किया गया। समूह ने आठ अलग-अलग वस्तुओं के लिए जीआई टैग का अनुरोध किया है, जिसमें राजौरी जिले के थानामंडी क्षेत्र से चिकरी लकड़ी के उत्पाद, रामबन से सुलाई शहद, उधमपुर से कलारी, रामबन से अनारदाना, डोडा से गुच्छी, भद्रवाह से राजमाश और पश्मीना शामिल हैं। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक उन्नत पंडित ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें जम्मू क्षेत्र से कुछ उत्पादों के जीआई-टैग के लिए आठ आवेदन मिले हैं। हम उनकी समीक्षा करेंगे।

## महाराष्ट्र: बीएमएस केंद्र की आर्थिक नीतियों के खिलाफ 28 दिसंबर को महा मोर्चा निकालेगा

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की विदर्भ प्रदेश इकाई केंद्र की निजीकरण की नीति और अन्य श्रम मुद्दों पर यहां 28 दिसंबर को विधान भवन तक विरोध मार्च निकालेगी। यह विरोध मार्च महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आयोजित किया जा रहा है। बीएमएस की विदर्भ प्रदेश इकाई ने दावा किया है कि महा मोर्चा में 20,000 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बीएमएस के प्रचार प्रमुख सुरेश चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विदर्भ प्रदेश की अध्यक्ष शिल्पा देशपांडे, महासचिव गजानन गटलेवार और अन्य लोगों की मौजूदगी में हुई बैठक में यह फैसला किया गया।

## पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने विस्तार किया

**मुंबई।** लोगों के अपने घर के सपने को पूरा करने में सक्षम बनाने और इसका समर्थन करने के पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस की दीर्घकालिक सोच के अनुरूप, कंपनी ने हाल ही में सस्ती गृह ऋण योजना , रोशनी की शुरुआत की। इस पहल के तहतए व्यक्ति 5 लाख रुपये से लेकर 30 लाख रुपये तक के ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। कंपनी ने चेन्नई, कोयम्बटूर, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर,उज्जैन, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे, राजकोट और वाराणसी में रोशनी केंद्रित शाखा स्थानों का उद्घाटन किया।

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Md. Anis Sabri had purchased a property khasra no.240 moja piran kaliyar pargana rudki distt. Haridwar in 1997 for charitable purpose and name of Md. Dilshad Sabri Begum Mussarat, Mh. Sharif Ahmad and Md. Hilal Ahamad were also include in sale deed for the said charitable purpose. Begum Mussarat and Md. Sharif expired in 2015 and 2019 subsequently. After their death their families and Md. Hilal moved to some unknown place and now not traceable. My client giving this notice for public purpose, if any member want to contact please contact with proof with in 15 days from the date of communication. After said period nothing will be considered and will not binding upon my client.

RITU RASTOGI-
Advocate
Ch. no. 239, Setalvad Block,
Supreme Court of India. 9958183999

# सीमा विवाद से संबंधित कर्नाटक के सीएम का बयान शाह का अपमान है: एमवीए

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना (उद्धव** बालासाहेब ठाकरे) ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पूर्व नियोजित तरीके से और विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह बयान दिया है कि महाराष्ट्र के सांसदों व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक से दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। शाह से मिलने वाले प्रतिनिधिनमंडल में शामिल शिवसेना (यूबीटी) के नेता और मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट से सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि शाह ने इस मुद्दे का गंभीरता से संज्ञान लिया था और आश्वासन दिया था कि वह दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएंगे।

सावंत ने कहा कि हालांकि बोम्मई के बयान से पता चलता है कि वह केंद्र सरकार का सम्मान नहीं करते। ऐसा लगता है कि ए टिप्पणियां अगले साल कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई हैं और केंद्र सरकार इनसे सहमत है। सावंत ने दावा किया, जब मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है, तो कर्नाटक ने आगे बढ़कर बेलगाम का नाम बदलकर बेलगावी क्यों कर दिया। इसने वहां एक विधान भवन का निर्माण किया और हर साल विधानसभा का सत्र आयोजित करता है। यह सब अवैध है। शिवसेना (यूटीबी) के साथ महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) में शामिल दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने बोम्मई की आलोचना करते हुए कहा, क्या कर्नाटक के मुख्यमंत्री का बयान केंद्रीय गृह मंत्री और हमारे देश के प्रति अपमानजनक नहीं है? एक राज्य का भाजपा का मुख्यमंत्री खुलेआम भारत के गृह मंत्री के बारे में पलटवार कर रहा है, जो खुद भाजपा से हैं। क्या हम यहां कुछ खोने जा रहे हैं? बोम्मई ने शुक्रवार को ट्वीट किया था कि उनके राज्य का रुख वैध है और शीर्ष अदालत में इसका मामला मजबूत है।बोम्मई ने शुक्रवार रात ट्वीट किया था, महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल के केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। महाराष्ट्र ने पहले भी ऐसा करने की कोशिश की है। मामला उच्चतम न्यायालय में है। उच्चतम न्यायालय में हमारा मामला वैध और मजबूत है। हमारी सरकार सीमा के मुद्दे पर समझौता नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच 1957 में भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद सीमा विवाद शुरू हुआ था। हाल के हफ्तों में सीमा को लेकर दोनों राज्यों के बीच तनाव में वृद्धि देखी गई। महाराष्ट्र और कर्नाटक में एक-दूसरे की बसों को निशाना बनाए जाने तथा बड़ी संख्या में कन्नड़ एवं मराठी समर्थक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने की खबरें सामने आई हैं।

## शाह की सबक सिखाने वाली टिप्पणी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं, निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा

**नई दिल्ली।** गुजरात में एक चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यह टिप्पणी कि 2002 की हिंसा के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाया गया था, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट पर गौर करने और कानूनी राय लेने के बाद निर्वाचन आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि उपद्रवियों के खिलाफ कार्वाई करने का जिक्र करना चुनाव संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं था। एक पूर्व नौकरशाह ने पिछले महीने खेड़ा जिले के महुधा में एक चुनावी रैली में शाह द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग का रूख किया था।



नई दिल्ली विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम के दौरान एनएचआरसी चेयरमैन जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए

## कांग्रेस ने झारखंड के लिए पीएसी गठित की, कई वरिष्ठ पदाधिकारी नियुक्त किए

**नई दिल्ली, भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को अपनी झारखंड इकाई के लिए 26 सदर्स्यय राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) का गठन किया और 11 उपाध्यक्षों समेत कई वरिष्ठ पदाकारियों की नियुक्ति की।पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए 11 उपाध्यक्षों, 35 महासचिवों और 82 सचिवों की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की।कांग्रेस ने झारखंड इकाई के लिए कार्य समिति भी गठित की है जिसमें विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सुखदेव भगत अजय कुमार और कई अन्य नेता शामिल हैं।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए गठित पीएसी में कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम, उरांव और कई अन्य नेता शामिल हैं।

## न्यायालय को महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर तत्काल सुनवाई करनी चाहिए: भाजपा नेता बावनकुले

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय को महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद मामले की तत्काल सुनवाई करनी चाहिए और जल्द फैसला सुनाना चाहिए क्योंकि दोनों राज्यों के बीच स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहर के दौरे से पहले यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने नागपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया, जिनका उद्घाटन रविवार को होगा और लोगों से नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करने की अपील की। महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा मुद्दे पर बावनकुले ने कहा कि एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपनी दलीलें मजबूती से रखी हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों द्वारा कोई भड़काऊ भाषण नहीं दिया जाना चाहिए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री क्या कहते हैं या हम क्या कहते हैं इसका कोई मतलब नहीं है। शीर्ष अदालत में मामले का नतीजा आने पर यह मुद्दा स्थाई रूप से हल हो जाएगा।महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों से हिंसा की घटनाओं की खबरों से एक बार फिर सुर्खियों में है।बावनकुले ने दावा किया कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस सहित महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के कुछ प्रमुख नेता राजनीतिक लाभ के लिए बार-बार माहौल को खराब कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से भी महाराष्ट्र के लोगों के हितों के खिलाफ बयान नहीं देने की अपील की।

### बीएस-चार और इससे कम के सभी सार्वजनिक वाहनों को हटाने के एनजीटी के आदेश पर न्यायालय की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें बीएस-चार (भारत चरण चार) और इससे कम के इंजन वाले सभी सार्वजनिक वाहनों को अगले छह महीनों में हटाने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने इस मामले में पक्षकारों को नोटिस जारी करके पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर याचिका पर उनसे जवाब मांगा है। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करें।

## सीमावर्ती गांवों की अन्य राज्यों में विलय की मांग महाराष्ट्र के हित में नहीं: आठवले

**भाषा।** ठाणे

**केंद्रीय मंत्री** रामदास आठवले ने कहा है कि महाराष्ट्र के कुछ सीमावर्ती गांवों का कर्नाटक सहित अन्य पड़ोसी राज्यों में विलय की मांग करना प्रदेश के हित में नहीं है।उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ए गांव राज्य का हिस्सा बने रहें और उनके बाशिंदों को सभी सुविधाएं हासिल हों। ठाणे जिले के कल्याण में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम से इतर आठवले ने संवाददाताओं से कहा कि वह सीमा विवाद पर चर्चा के लिए जल्द मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करेंगे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने कहा, सीमा विवाद नया नहीं है, क्योंकि यह राज्य के गठन से पहले मौजूद था। हालांकि, अब नौबत यह आ गई है कि महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित कुछ गांव राज्य से अलग होना चाहते हैं। यह राज्य के लिए हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कर्नाटक की सीमा से सटे महाराष्ट्र के गांवों के लोग ही असंतुष्ट नहीं हैं, बल्कि मध्य प्रदेश और गुजरात की सीमा के पास स्थित गांवों के लोग भी पड़ोसी राज्यों में विलय के इच्छुक हैं। आठवले ने कहा कि एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को इस मुद्दे को सुलझाना चाहिए।उन्होंने कहा, सीमा मुद्दा फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। लेकिन राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन सीमावर्ती गांवों को सभी सुविधाएं मिलें। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ए गांव राज्य का ही हिस्सा बने रहें। मैं इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जल्द शिंदे और फडणवीस से मिलूंगा।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला : ईडी ने मुख्यमंत्री की उपसचिव आईएएस अधिकारी, अन्य की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला लेवी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी समीर विश्नोई तथा अन्य आरोपियों की करोड़ों रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने शनिवार को कहा कि एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत शुक्रवार को कुछ चल और 91 अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक अस्थाई आदेश जारी किया। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुल 152.31 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियो मे कोयला व्यापारी और मामले मे मुख्य सरगना सूर्यकांत तिवारी की 65 संपत्ति, चौरसिया की 21 संपत्ति और विश्नोई की पांच संपत्ति शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एक अन्य कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल तथा कुछ और लोगो की संपत्तियां शामिल है। इसने कहा, संपत्तियो मे नकदी, आभूषण, फ्लैट, कोयला वाशरी और छत्तीसगढ़ मे स्थित प्लॉट शामिल है। ईडी इस मामले मे एक अन्य कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी (सूर्यकांत तिवारी के रिश्तेदार) के अलावा सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। धनशोधन का यह मामला आयकर विभाग की एक शिकायत से निकला है। एजेंसी ने कहा कि ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, कारोबारियों, नेताओं और बिचौलियों के एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रत्एक टन कोयले पर 25 रुपए की अवैध उगाही की जा रही थी।

### एनआईए ने पोस्टर लगा कर चार आतंकियों के बारे में जानकारी मांगी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कश्मीर के कई हिस्सों में पोस्टर लगाकर द रीजस्टिन्स फ्रंट (टीआरएफ) के चार आतंकवादियों के बारे में जानकारी मांगी है। यह लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। अधिकारियों ने बताया कि चार में से दो आतंकवादी पाकिस्तानी नागरिक है और वे भारत में हिंसा को अंजाम देने के लिए जम्मू कश्मीर के लोगों को कट्टर बनाने, भड़काने और भर्ती करने की साज़िश के मामले में वांछित है।उन्होंने बताया कि जांच एजेंसी ने चारों आतंकवादियों पर 10-10 लाख रुपए का इनाम पहले ही घोषित कर रखा है। अधिकारियों ने कहा कि पोस्टर में पाकिस्तान में सिंध के नवाब शाह का रहने वाला सलीम रहमानी उर्फ अबू साद और कसूर मे शांगमंगा का रहने वाला सैफुल्ला साजिद जट्ट और उनके स्थानीय सहयोगियों श्रीनगर निवासी सज्जाद गुल और कुलगाम के रेदवानी पाईन निवासी बासित अहमद डार के बारे में जानकारी मांगी गई है। एनआईए ने अपने ईमेल का पता, फोन नंबर और व्हाट्सएप व टेलीग्राम नंबर साझा कर लोगों से उनके बारे में जानकारी देने का आग्रह किया है। इसने लोगों को आश्वासन दिया है कि उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित करने होंगे: चैतन्य शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले सबसे युवा उम्मीदवार कांग्रेस के चैतन्य शर्मा (28) का कहना है कि राज्य के प्रतिभावान युवाओ को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने के रास्ते बनाने होंगे, ताकि उन्हें काम के लिए दूर न जाना पड़े। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव राकेश शर्मा के पुत्र शर्मा गगरेट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के मौजूदा विधायक राजेश ठाकुर को 15,685 मतों के अंतर से हराया। शर्मा ने शनिवार को यहां कहा, जिला परिषद के सदस्य के तौर पर मैने तीन प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए थे, जहां मूल रूप से लोगो को सॉफ्ट स्किल्स और कंप्यूटर स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाता था। हिमाचल के युवाओ मे काफी प्रतिभा और उत्साह है तथा वे स्थानीय स्तर पर रोजगार चाहते हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हम सभी जानते है, हिमाचल की शिक्षा बहुत अच्छे स्तर पर है और साक्षरता दर भी बहुत अधिक है। लेकिन हमारे युवाओ को किसी भी तरह के काम या नौकरी के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है। इसलिए, हमें स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की जरूरत है।

### जैश के आतंकी कमांडर आशिक नेंगरू का घर जम्मू कश्मीर में ध्वस्त किया गया

**श्रीनगर।** आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद के आतंकी कमांडर आशिक नेंगरू के आवास को जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अधिकारियो ने शनिवार को गिरा दिया। अधिकारियो ने इसकी जानकारी दी।अधिकारियो ने दावा किया कि उसका दो मंजिला घर राजपुरा के न्यू कॉलोनी मे सरकारी जमीन पर बना हुआ था। पुलिस की मौजूदगी मे जिला प्रशासन ने इस घर को ध्वस्त किया। नेंगरू जैश ए मोहम्मद का कमांडर है जिसकी पुलिस को तलाश है। वह पुलवामा मे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानो पर 2019 मे हुए हमले के मामले का आरोपी था, इस हमले मे 40 जवानो की मौत हो गई थी। इस साल अप्रैल मे केंद्र सरकार ने गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत नेंगरू को आतंकवादी करार दिया था।


गोवा में नए मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनकर तैयार, गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे उदघाटन

## पॉक्सो मामले के निस्तारण में औसतन 509 दिन लगता है: स्मृति ईरानी

**भाषा।** नई दिल्ली



**महिला एवं** बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) मामलों के निस्तारण में औसतन 509 दिन का समय लगता है। उन्होंने न्यायाधीशों से सुझाव मांगे कि बच्चों के मामले में तेजी के लिए आधारभूत ढांचे में क्या होना चाहिए।

पॉक्सो कानून 2012 का उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन दुर्व्यवहार, बाल अश्लीलता समेत अन्य अपराधों से बचाना है और ऐसे अपराधों के सुनवाई के लिए विशेष अदालतों की स्थापना का प्रावधान है।शनिवार को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण पर राष्ट्रीय हितधारक परामर्श के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, ईरानी ने कहा कि औसतन प्रत्एक सजा के तुलना में तीन निर्दोष करार दिए जाते हैं और पॉक्सो के सभी मामलों में से 56 प्रतिशत यौन उत्पीड़न के अपराधों से संबंधित हैं। मंत्री ने कहा कि पॉक्सो मामले के निस्तारण में औसतन 509 दिन लगते हैं। उन्होंने कहा, मेरा आज हितधारकों और माननीय न्यायाधीशों से अनुरोध है कि क्या आप हमें बता सकते हैं कि मंत्रालय द्वारा और क्या किया जा सकता है ताकि हम अपने बच्चों के मामलों के समाधान में तेजी लाने को लेकर न्याय प्रणाली के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। ईरानी ने कहा, मुझे आशा है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के मार्गदर्शन में, हम इन अंतरालों को भर सकते हैं ताकि ऐसे बच्चों में फिर से विश्वास की भावना पैदा हो।

### झारखंड में आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन का निरीक्षक घायल

**चाईबासा (झारखंड),।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक जंगल में शनिवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में शनिवार को कोबरा बटालियन का एक निरीक्षक घायल हो गया। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी।पुलिस उप महानिरीक्षक (कोल्हन) अजय लिंडा ने बताया कि यह घटना टोंटो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में हुई, जब सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिसकर्मियों की एक टीम संयुक्त अभियान चला रही थी।

## हानिकारक कचरे के निस्तारण में देरी भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के स्वास्थ्य के अधिकार का हनन

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय मानवाधिकार** आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा ने शनिवार को कहा कि 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के स्थल पर कई टन हानिकारक कचरा पड़ा है और इसके निस्तारण में देरी से भूजल तथा मृदा दूषित होती है जो पीड़ितों और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार का प्रत्यक्ष तौर पर हनन है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा यहां आयोजित मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि वैश्वीकरण का एक परिणाम अंतरराष्ट्रीय कंपनियों और कुछ देशों में धन का सकेंद्रण है। एनएचआरसी प्रमुख ने कहा, औद्योगिक आपदाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय उद्यमों की जिम्मेदारियां अच्छी तरह से परिभाषित करनी होगी। उन्होंने 1984 में भोपाल में एक वैश्विक कंपनी के संयंत्र में हुई गैस त्रासदी का हवाला दिया जिसे दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है। इस त्रासदी के बाद बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनियन कार्बाइड को वैश्विक आलोचना का सामना करना पड़ा था। मिश्रा ने कहा, तकरीबन 3,000 लोगों की मौत हुई। परिसर में करीब 336 टन हानिकारक कचरा अब भी पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, यह संपत्ति एक मालिक से दूसरे मालिक के पास चली गई। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी द्वारा ऐसे हानिकारक कचरे के निस्तारण में देरी से भूजल और मृदा दूषित हुई और यह पीड़ितों तथा इलाके के निवासियों के स्वास्थ्य के अधिकार का प्रत्यक्ष तौर पर हनन है।

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर नागपुर में 4,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती

**भाषा।** नागपुर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर शहर का दौरा करेंगे, जिसके मद्देनजर लगभग 4,000 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी के दौरे से पहले शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की।

अधिकारियों के मुताबिक, विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के जवानों की मौजूदगी में पुलिस शनिवार को यात्रा मार्ग का जायजा लेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने नई दिल्ली में एक बयान जारी कर बताया कि महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान मोदी 75,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। वह नागपुर से बिलासपुर के बीच चलाई जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और नागपुर मेट्रो के पहले चरण की शुरुआत करेंगे।

बयान के मुताबिक, मोदी नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखेंगे। वह नागपुर और शिरडी को जोड़ने वाले समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन करने के साथ ही नागपुर के मिहान क्षेत्र में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएमओ के अनुसार, विदर्भ में एक सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री।,500 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। स्थानीय प्रशासन की ओर से साझा संभावित यात्रा कार्यक्रम के मुताबिक, प्रधानमंत्री रविवार सुबह 9.40 बजे नई दिल्ली से नागपुर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचेंगे और फिर शहर के रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां वह वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार, गोवा रवाना होने से पहले मोदी दिन में शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।अधिकारियों ने बताया कि पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत लगभग 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्वरित प्रतिक्रिया दल, दंगा नियंत्रण पुलिस और होमगार्ड के जवान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में इन पुलिसकर्मियों की सहायता करेंगे।अधिकारियों ने बताया कि अकेले एम्स परिसर में करीब।,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में 11 दिसंबर को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वन हेल्थ की आधारशिला रखेंगे और हीमोग्लोबिनोपैथी के अनुसंधान, प्रबंधन और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि ये संस्थान स्वास्थ्य अनुसंधान में देश के प्रयासों को बढ़ाने में सहयोग करेंगे ताकि वंचित आबादी की सेवा की जा सके।

## बीएमसी बन गई थी कुछ लोगों की निजी संपत्ति पर हम उसे लौटा रहे हैं जनता को : फडणवीस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** उप मुख्य मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) कुछ लोगों की निजी संपत्ति बन गई थी, लेकिन मौजूदा राज्य सरकार ने इसे जनता को वापस सौंपने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अनियमितता को रोकने के वास्ते शहर में कंक्रीट की सड़कों के निर्माण की निगरानी उपग्रह के जरिए की जाएगी।उल्लेखनीय है कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गत 25 साल से बीएमसी पर काबिज है। फडणवीस शहर के पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में मुंबई सौंदईकरण योजना के तहत 500 योजनाओं को शुरू करने के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंद ने इन परियोजनाओं को अंधेरी स्थित अंधेरी क्रीडा संकुल से इन परियोजनाओं की शुरुआत की। शिंदे नीत सरकार को जन हितैषी करार देते हुए फडणवीस ने कहा, मौजूदा सरकार न तो नगर निगम को अपनी संपत्ति बनाना चाहती और न ही चाहती कि इससे कोई संपत्ति बनाई जाए। फडणवीस ने किसी का नाम लिए बिना कहा, मुंबई नगर निगम सार्वजनिक संपत्ति थी, जो कुछ लोगों के हाथ में चली गई थी। उनके लिए यह निजी संपत्ति बन गई थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री (शिंदे) और हमने फैसला किया है कि चूंकि यह जनता की है और इसे जनता के हाथों में होना चाहिए।

### केंद्र के प्रयास से पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई: केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने शनिवार को कहा कि इस साल पंजाब में पराली जलाए जाने की घटनाएं कम हो सकती हैं क्योंकि केंद्र सरकार ने कृषि प्रधान राज्य में कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत बायो-डिकंपोजर का छिड़काव करवाया है। आज तक की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री ने खेतों में पराली जलाए जाने की घटनाओं में कमी लाने को लेकर दोहरा रुख अपनाने के लिए दिल्ली और पंजाब की आप सरकार की आलोचना की। मंत्री ने कहा कि वे बायो-डिकंपोजर (धान के पुआल को अपघटित करने वाला माइक्रोबियल समाधान) का इस्तेमाल राजधानी में करते हैं, लेकिन इसका इस्तेमाल सीमावर्ती राज्य में नहीं करते। केंद्रीय मंत्री यादव ने सोमवार को ऐलान किया कि पराली जलाए जाने की घटनाओं में पंजाब में 30 प्रतिशत और हरियाणा में 48 प्रतिशत की कमी इस मौसम (15 सितंबर से 30 नवंबर) के दौरान आई है। वर्ष 2020 से दिल्ली सरकार राजधानी में पूसा बायो-डिकंपोजर का इस्तेमाल पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कर रही है।

# 300 रन बना सकता था: इशान किशन

भाषा। चटगांव

**आक्रामक** बल्लेबाजी करने वाले इशान किशन एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक बनाकर खुश हैं लेकिन उन्हें इस प्रारूप में पहला तिहरा शतक बनाने के सुनहरे अवसर से चूकने पर अफसोस जताया। इस 24 साल के खिलाड़ी ने अपने 10वें एकदिवसीय मैच में बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए 131 गेंद की पारी में 24 चौके और 10 छक्के की मदद से 210 रन बनाए। इशान ने 126 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया जो इस प्रारूप का सबसे तेज दोहरा शतक है। इससे पहले पुरुष क्रिकेट में यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। उन्होंने 2015 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 138 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया था। वह पारी के 36 वें ओवर में आउट हुए। उनकी इस आक्रामक पारी से भारत ने आठ विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इशान ने भारतीय पारी के बाद प्रसारणकर्ता सोनीलिव से कहा , जब मैं आउट हुआ था तब 15 ओवर (14.1 ओवर) बचे हुए थे। मेरे पास 300 रन बनाने का मौका था। झारखंड का यह बाएं हाथ का बल्लेबाज दोहरा शतक बनाने वाला चौथा भारतीय बल्लेबाज है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तीन बार इस कारनामे को किया है, जबकि सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग ने एक-एक बार दोहरा शतक लगाया है। ऐसे दिग्गजों के बीच अपना नाम सुनकर मैं खुश हूं। विकेट बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छा था। मेरा इरादा बहुत साफ था अगर गेंद कमजोर होगी तो मैं उस पर प्रहार करूंगा। इशान ने यह पारी भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली की क्रीज पर मौजूदी में खेली। इशान ने कहा कि शतक और दोहरे शतक के करीब पहुंचने पर विराट ने उनकी घबराहट को कम करने में मदद की थी। मैं विराट भाई के साथ बल्लेबाजी कर रहा था, और वह मुझे बता रहे थे कि किन गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए। जब मैं 95 रन पर था तो छक्के के साथ शतक पूरा करना चाहता था लेकिन उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला शतक है इसलिए जोखिम लिए बिना एक-दो रन लेकर इसे पूरा करूं। इशान सूर्यकुमार यादव के काफी करीब है और सूर्यकुमार ने मैच शुरू होने से पहले उन्हें बल्लेबाजी अभ्यास करने की सलाह दी थी। मैंने सूर्या भाई से बात की थी। उन्होंने बताया था कि मैच से पहले अगर आप बल्लेबाजी अभ्यास करते हैं तो क्रीज पर उतरने के बाद गेंद का ज्यादा अच्छे से देख पाते हैं। मैं ज्यादा दबाव लिए बिना मौके का फायदा उठाना चाहता था।



## चोटिल शमी की जगह उनादकट टेस्ट टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को चोटिल मोहम्मद शमी की जगह बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उनादकट ने हाल में सौराष्ट्र को विजय हजारे ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह अभी राजकोट में है और वीजा संबंधित औपचारिकताओं के पूरा होने का इंतजार कर रहे है। इसके बाद वह चट्टोग्राम में टीम से जुड़ जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने पीटीआई से इसकी पुष्टि की। शमी हाथ में चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। इक्तीस वर्ष के उनादकट ने अपना एकमात्र टेस्ट मैच 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेला था। इसके बाद उन्होंने भारत की तरफ से सात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट ने विजय हजारे ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लिए थे। उन्होंने 10 मैचों में 19 विकेट हासिल किए थे। उनादकट ने अभी तक 96 प्रथम श्रेणी मैच खेले है जिसमें उन्होंने 353 विकेट लिए है। भारतीय टीम अभी चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है। शमी के अलावा कप्तान रोहित शर्मा तथा तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और दीपक चाहर भी चोटिल होने के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए थे।

## इशान दो सौ गेंदों पर पावर हिटिंग और होटल कमरे में भी करते हैं अभ्यास: कोच

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा) भारतीय टीम इस साल जून में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए दिल्ली पहुंची तो क्रिकेट कोच उत्तम मजूमदार का फोन बजा और उनसे आईटीसी मौर्या होटल पहुंचने का निवेदन किया गया। फोन कॉल पर दूसरी तरफ उनके चहेते शिष्य इशान किशन थे। ग्रेटर नोएडा में अपनी क्रिकेट अकादमी चलाने वाले मजूमदार ने पीटीआई-भाषा से कहा, इशान चाहता था कि मैं हर दिन होटल जरूर आया करूं। जब वह मैदान मे अभ्यास सत्र का हिस्सा नही होता था तब वह एनरिच नोर्किया और कगिसो रबाड़ा जैसे गेंदबाजो की शॉर्ट पिच गेंद का सामना करने की तैयारी कर रहा था। वह अपने सिर को सही स्थिति में रखना चाहता था जिससे बाउंसर गेंदों पर कोई परेशानी ना हो। अपने शिष्य की रिकॉर्ड दोहरी शतकीय पारी पर गर्व जताते हुए उन्होंने कहा, इशान का होटल कमरा अभ्यास सत्र का विस्तारित हिस्सा बन गया था। मैच से चार से पांच दिन पहले वह पुल शॉट का अभ्यास करना शुरू कर दिया करता था। इसमें उनकी कोशिश मानसिकता को मजबूत करने की थी।

## इशान ने दोनों हाथों से मौके को लपका: राहुल

**चटगांव।** भारत के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज इशान किशन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने मौके को अच्छे तरह से भुनाया। राहुल ने कहा कि इस जीत से 14 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में शामिल हुए किशन ने 126 गेंद में दोहरा शतक पूरा कर नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने 131 गेंद की पारी में 210 रन बनाए। राहुल ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, हमारी टीम से यही उम्मीद थी। विराट (कोहली) और इशान ने हमारे लिए मंच तैयार किया। स्कोर यह नही बताते कि उन्होंने किस तरह से पारी की शुरुआत की थी। इशान ने इस मौके को दोनों हाथों से लपका। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। राहुल ने इशान के साथ 290 रन की साझेदारी के दौरान मार्गदर्शक की भूमिका निभाने वाले कोहली की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, विराट ने अपने अनुभव से शानदार तरीके से उसका मार्गदर्शन किया। राहुल का मानना है कि इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने कहा, मै टीम के इस प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। हम एक टीम के रूप में सीख रहे है। अभी भी बेहतर होने की कोशिश कर रहे है। हमारी किस्मत अच्छी नही थी कि पिछले दो मैचो के परिणाम हमारे पक्ष में नही रहे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी:** धवन पगबाधा मेहदी 03,किशन का लिटन बो तस्कीन 210, कोहली का मेहदी बो शाकिब 113,अय्यर का लिटन बो इबादत 03, राहुल बो इबादत 08, सुंदर बो शाकिब 37,अक्षर बो तस्कीन 20, ठाकुर का लिटन बो मुस्तफिजुर 03, यादव नाबाद 03, सिराज नाबाद 00, **अतिरिक्त:** (लेगबाई: 05, वाइड: 04), 09, कुल योग: (50 ओवर में आठ विकेट पर) 409 रन ,**विकेट पतन:** 1-15, 2-305, 3-320, 4-344 , 5-344 , 6-390, 7-405 , 8-409 ,**गेंदबाजी:** मुस्तफिजुर 10-0-66-1,तस्कीन 9-1-89-2,मेहदी 10-0-76-1, इबादत 9-0-80-2,शाकिब 10-0-68-2,अफिफ 1-0-14-0, महमुदुल्लाह 1-0-11-0

**बांग्लादेश पारी:** अनामुल का सिराज बो अक्षर 08, दास का शारदुल बो सिराज 29, हसन बो कुलदीप 43, रहीम बो अक्षर 07,अली पगबाधा बो उमरान 25, महमुदउल्लाह पगबाधा बो वॉशिंगटन 20, हुसैन का उमरान बो शारदुल 08, हसन का सिराज बो शारदुल 03,अहमद नाबाद 17, हुसैन पगबाधा बो शारदुल 00,रहमान बो उमरान 13,**अतिरिक्त**(बाई: 04, लेगबाई: 01, नोबॉल: 01, वाइड: 03) 09, **कुल योग:** (34 ओवर में सभी आउट) 182 रन,**विकेट पतन:** 1-33 , 2-47 , 3-73 , 4-107 , 5-124 , 6-143, 7-145, 8-148 , 9-149 ,**गेंदबाजी:** सिराज 5-0-27-1, शारदुल 5-0-30-3,अक्षर 5-0-22-2, उमरान 8-0-43-2, कुलदीप 10-1-53-1, वॉशिंगटन 1-0-2-1

# पीटी उषा: सही मायने में एक पथप्रदर्शक

भाषा। नई दिल्ली



**सीधे शब्दों** में कहें तो पीटी उषा अपने आप में एक पथप्रदर्शक हैं। ट्रैक स्पर्धाओं में अपने प्रदर्शन से 1980 के दशक में लगभग मरणासन्न भारतीय एथलेटिक्स को पुनर्जीवित करने से लेकर देश की शीर्ष खेल संस्था भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद पर काबिज होने तक इस दिग्गज ने लाखों लोगों को प्रेरित करना जारी रखा है। अधिकांश लोग उन्हें उनकी जीत के असंख्य लम्हों के लिए नहीं बल्कि खेल के सबसे भव्य मंच ओलंपिक में एक दिल तोड़ने वाली हार के लिए याद करते हैं। उन्होंने संन्यास लेने के 22 साल बाद आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बनकर फिर से इतिहास रचा। चौथी कक्षा में केरल के पय्योली में अपनी सीनियर स्कूल की फॉटा चैंपियन को हराने वाली दुबली-पतली छात्रा से लेकर 1980 में पाकिस्तान राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाली और फिर फिर 16 साल की उम्र में मॉस्को ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली उषा ने लंबा सफर तय किया है। लॉस एंजलिस 1984 खेलों में 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में मामूली अंतर से ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने से चूकने वाली उषा ने इस बार एक खेल प्रशासक के रूप में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। उषा का शीर्ष पद पर चुना जाना पिछले महीने ही तय हो गया था क्योंकि वह अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाली एकमात्र प्रत्याशी थी। किसी ने भी उषा का विरोध नहीं किया जिन्हें जुलाई में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा के लिए नामित किया था।वर्ष 2000 में संन्यास लेने के बाद उषा ने खेल प्रशासन की ओर कोई झुकाव नहीं दिखाया। हालांकि उन्होंने कोझीकोड के समीप अपने पैतृक स्थल पर अपनी अकादमी - उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स - में होनहार एथलीटों के मार्गदर्शक के रूप में ट्रैक एवं फील्ड के साथ अपना जुड़ाव जारी रखा।

## कभी नहीं सोचा था कि मैं आईओए अध्यक्ष बनूंगी: उषा

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड की दिग्गज खिलाड़ी पीटी उषा ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला प्रमुख चुने जाने के बाद कहा कि उन्होंने कभी नही सोचा था कि वह एक दिन आईओए अध्यक्ष बनेंगी। चुनाव के दौरान 58 वर्षीय उषा को आधिकारिक तौर पर शीर्ष पद के लिए चुना गया जिससे भारतीय खेल प्रशासन में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उषा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, अपने पूरे जीवन में मैंने खेलो के बिना सिर्फ 13 साल गुजारे है। अन्यथा मै एक खिलाड़ी, कोच और प्रशासक के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में खेल के साथ जुड़ी रही हूं।

## भारतीय सेलर आनंदी ने किंग्स कप रेगाटा में स्वर्ण पदक जीता

**मुंबई।** भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) आनंदी नंदन चंदावरकर ने 34वें किंग्स कप रेगाटा मे ओवरऑल ओपन स्किफ वर्ग मे स्वर्ण पदक जीता। मुंबई की रहने वाली 13 साल की यह खिलाड़ी पिछले तीन साल से ओपन स्किफ वर्ग में पाल नौकायन स्पर्धा मे शिरकत कर रही है। हाल ही मे उन्होंने फ्रेंच ओपन स्किफ राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भाग लिया था और अंडर-15 वर्ग में पांचवें स्थान पर रही।

## भारत के जूनियर वुशु विश्व चैंपियनशिप में आठ पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने इंडोनेशिया के तांगरंग मे आयोजित आठवी जूनियर वुशु विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक सहित आठ पदक हासिल किए। भारत ने शनिवार को समाप्त हुई प्रतियोगिता मे तीन स्वर्ण पदक के अलावा इतने ही रजत पदक और दो कांस्य पदक जीते। हरियाणा के आर्यन और ध्रुव ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला। पानीपत के समालखा के रहने वाले आर्यन ने लड़को के सब-जूनियर 42 किग्रा भार वर्ग में मिस्र के उमर मोहम्मद फथी को 2-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## जोशना ने 19वीं बार खिताब जीता, अभय सिंह पहली बार चैंपियन बने

**चेन्नई।** स्टार खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने शनिवार को यहां 78वी राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल मे दिल्ली की अनाहत सिंह को 11-8, 11-9, 11-9 से हराकर 19वी बार राष्ट्रीय खिताब जीता। पुरुष एकल मे शीर्ष वरीय अभय सिंह ने वेलावन सेंथिलकुमार के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए 11-13, 11-7, 11-6, 11-4 की जीत के साथ पहली बार राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया।

## बेलिहू कोलकाता 25के रन में जीत के दावेदार

**कोलकाता।** दो बार के दिल्ली हाफ मैराथन विजेता इथोपिया के अंडमलाक बेलिहू 18 दिसंबर को यहां टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किलोमीटर की दौड़ स्पर्धा) के सातवे संस्करण मे आकर्षण का केंद्र होंगे। बेलिहू ने 2018 और 2019 मे दिल्ली हाफ मैराथन जीती और 58 मिनट और 54 सेकंड के समय के साथ 2020 मे उपविजेता रहे।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के बेटे को एमपीसीए में शामिल किया गया

**इंदौर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 27 वर्षीय बेटे महानआर्यमन सिंधिया को आजीवन सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) में शामिल किया गया है। एमपीसीए के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल अप्रैल में ग्वालियर के संभागीय क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष बनाए गए महानआर्यमन, एमपीसीए में खासा रसूख रखने वाले पूर्व ग्वालियर राजवंश की तीसरी पीढ़ी के नुमाइंदे है जो अब औपचारिक तौर पर इस संगठन का हिस्सा हो गए है।

# अर्जेंटीना सेमीफाइनल में, नीदरलैंड की हार

## मेस्सी की विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदें बरकरार

भाषा। लुसैल

**अर्जेंटीना ने** दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद शुक्रवार को यहां नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित करके विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर लियोनेल मेस्सी के विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदों को पंख लगाए। मेस्सी ने शूटआउट में अपनी पेनल्टी गोल में बदली जबकि अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने नीदरलैंड के दो प्रयासों को विफल किया। अर्जेंटीना की तरफ से लुटारो मार्टिनेज ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल किया। मैच अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबरी पर था इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। मेस्सी ने मैच में एक गोल दागा जबकि इससे पहले एक गोल करने में मदद की। नीदरलैंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के 11वें मिनट में गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींचा। अर्जेंटीना मंगलवार को सेमीफाइनल में क्रोएशिया से भिड़ेगा, जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। मेस्सी मैच जीतने के लिए कितने बेताब थे इसका अंदाजा उनके आक्रामक रवैए से लगाया जा सकता है। वह अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों पर गुस्सा करते हुए दिखे और यहां तक कि उन्होंने रेफरी को भी नहीं बख्शा। मेस्सी की उपलब्धियों के अपार संग्रह में विश्वकप ट्रॉफी शामिल नहीं है। लुटारो मार्टिनेज ने पेनल्टी शूटआउट में जब निर्णायक गोल दागा तो मेस्सी इस स्ट्राइकर की तरफ नहीं भागे और उन्होंने तेजी से दौड़ लगाकर गोलकीपर को अपनी बाहों में भरा। मेस्सी ने बाद में कहा, हमें नुकसान पहुंचाया गया लेकिन आखिर में हम आगे बढ़ने में सफल रहे। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के व्यवहार में भी आक्रामकता देखने को मिली जिसके कारण कुल 17 पीले कार्ड दिखाए गए जो कि विश्वकप में रिकॉर्ड है। नीदरलैंड के डिफेंडर डेनजेल डम्फ्रीज को दो पीले कार्ड मिले जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर होना पड़ा। मेस्सी को भी एक पीला कार्ड मिला। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने मैच को बदसूरत करार दिया जबकि मेस्सी ने स्पेन के रेफरी एंटोनियो माटेउ की आलोचना की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि उनका काम मानदंडों पर खरा उतरता है। वह हमारे लिए नुकसानदायक रहे। मेस्सी का इस तरह का रवैया अमूमन कम देखने को मिलता है। मैच के बाद मैदान पर उन्हें नीदरलैंड की तरफ से दो गोल करने वाले वॉट वेगहार्स्ट पर चिल्लाते हुए भी देखा गया। मेस्सी और उनके साथी खेल खत्म होने के बाद 20 मिनट तक मैदान पर जश्न मनाते रहे।



### मार्टिनेज फिर बने शूटआउट के अर्जेंटीनी स्टार

लुसैल। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज फिर से पेनल्टी शूटआउट में अपने देश के स्टार बनकर उभरे। मार्टिनेज ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां वर्जिल वान डिज्क और स्टीवन बर्गुइस की पेनल्टी बचाकर अर्जेंटीना को 4-3 से जीत दिलाई। इससे पहले अतिरिक्त समय तक मैच 2-2 से बराबरी पर था। मार्टिनेज ने कहा, मैं पहले 90 मिनट में बचाव नहीं करके अपने साथियों के मदद नहीं कर पाया था लेकिन मुझे शूटआउट में उनकी मदद करनी थी। यह पहला अवसर नहीं है जबकि मार्टिनेज ने पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को जीत दिलाई। पिछले साल कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के खिलाफ उन्होंने डेविनसन सांचेज़, एरी मीना और एडविन कार्डोना के शॉट रोककर अर्जेंटीना को 3-2 से जीत दिलाई थी।

# नेमार ने पेले के रिकॉर्ड की बराबरी की, पर हार ने उन्हें रुला दिया

भाषा। अल रेयान



**नेमार ने** ब्राजील की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के पेले के रिकॉर्ड की बराबरी की लेकिन क्रोएशिया के हाथों पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद यह स्टार स्ट्राइकर अपने आंसू नहीं रोक पाया। पेनल्टी शूटआउट समाप्त होने के बाद नेमार मिडफील्ड में बैठकर रोने लगे। उन्होंने अपना चेहरा छुपा रखा था और अन्य खिलाड़ी उन्हें सांत्वना देने की कोशिश कर रहे थे। जब उन्होंने अपने साथी दानी एल्वेस के साथ मैदान छोड़ा तब भी उनके गालों पर आंसू लुढ़क रहे थे। नेमार को विश्वकप में फिर से निराशा हाथ लगी। एक बार फिर वह ब्राजील को सबसे बड़ा खिताब दिलाने में नाकाम रहे। विश्व कप में यह तीसरा अवसर है जबकि नेमार को असफलता हाथ लगी। राष्ट्रीय टीम के साथ उनकी सफलताओं में 2013 में कनफेडरेशन कप और 2016 में रियो डी जेनेरियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल करना है। तब ब्राजील ने ओलंपिक में पहली बार फुटबॉल में स्वर्ण पदक जीता था। नेमार ने कहा कि यह समय राष्ट्रीय टीम के साथ उनके भविष्य को लेकर बात करने का नहीं है। इमानदारी से कहूं तो मैं नहीं जानता कि आगे क्या होने वाला है।

## फुटबॉल पत्रकार ग्रांट वाहल का मैच के दौरान निधन

**लुसैल।** अमेरिका के मशहूर फुटबाल लेखकों में से एक ग्रांट वाहल का शनिवार को तड़के अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बीच विश्व कप क्वार्टर फाइनल का मैच कवर करते समय निधन हो गया। लुसैल आईकॉनिक स्टेडियम मे मैच मे जब अतिरिक्त समय का खेल हो रहा था तभी वाहल अचानक अपनी सीट मे लुढ़क गए। उनके पास बैठे हुए पत्रकारों ने इसके बाद सहायता के लिए गुहार लगाई। आपातकाल कर्मियो ने तुरंत वहां पहुंचकर सहायता पहुंचाई। पत्रकारों को बाद में बताया गया कि वाहल का निधन हो गया है। वाहल ने बुधवार को ट्वीट किया था कि वह अपना जन्मदिन मना रहे है। वाहल को जानने वाले अमेरिकी पत्रकारो के अनुसार वह 49 वर्ष के थे। वह अपना आठवां विश्वकप कवर कर रहे थे।

## पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण विश्व चैंपियनशिप में अचिंता श्युली का अभियान खत्म

भाषा। बोगोटा


**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैम्पियन भारोत्तोलक अचिंता श्युली को यहां पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम समय में विश्व चैंपियनशिप से हटना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की पुरुषों की 73 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप सी में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार पश्चिम बंगाल के इस भारोत्तोलक के बाएं पैर की मांसपेशियों में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा से ठीक पहले वार्म अप के दौरान खिंचाव आ गया। भारोत्तोलक जो उच्चतम प्रवेश भार दर्ज करते हैं उन्हें समूह ए में रखा जाता है, उसके बाद बी और फिर आगे के ग्रुप बनते हैं। मुख्य कोच विजय शर्मा ने शनिवार को पीटीआई को बताया, वजन करने के बाद वार्म अप के दौरान अचिंता की पैर की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। हम चोट को बढ़ाना नहीं चाहते थे इसलिए हमने अंतिम लम्हों में प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया। भारत ने टूर्नामेंट में एक पदक जीता है। मंगलवार को भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था।

## बोलैंड के तीन विकेट से ऑस्ट्रेलिया जीत के करीब

भाषा। एडीलेड

**तेज** गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने एक ओवर में तीन विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में वेस्टइंडीज को 214 रन पर आउट करके 297 रन की बढ़त हासिल की और फिर अंतिम सत्र की शुरुआत में दूसरी पारी छह विकेट पर 199 रन पर घोषित करके मेहमान टीम को 497 रन का लक्ष्य दिया। बोलैंड (नौ रन पर तीन विकेट) ने इसके बाद वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में छठे ओवर में बिना रन दिए तीन विकेट चटकाकर मेहमान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 15 रन कर दिया और दिन का खेल खत्म होने तक टीम चार विकेट पर 38 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। वेस्टइंडीज की टीम अभी जीत से 459 रन दूर है जबकि उसके सिर्फ छह विकेट शेष हैं। बोलैंड ने अपनी पहली गेंद पर कप्तानब्रेथवेट (03) को विकेट के पीछे कैच कराने के बाद ब्रूक्स (00) को दो गेंद बाद पगबाधा किया और फिर जरमेन (00) को गली में कैमरून ग्रीन के हाथों कैच कराया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क (11 रन पर एक विकेट) ने सलामी बल्लेबाज चंद्रपाल (28 गेंद में 17 रन) को विकेटकीपर एलेक्स के हाथों कैच कराया।

# विश्व कप से बाहर होने के बाद ब्राजील में पसरा सन्नाटा




भाषा। साओ पाउलो

**ब्राजील के** विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के हाथों हार के बाद फुटबॉल के दीवाने इस देश में सन्नाटा पसर गया। नेमार ने जब अतिरिक्त समय में गोल किया तो साओ पाउलो से लेकर रियो डी जनेरियो तक लोग जश्न में डूब गए। लेकिन उनकी खुशी कुछ मिनट तक की बनी रही क्योंकि क्रोएशिया ने बराबरी का गोल करने के बाद पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को हराकर बाहर कर दिया। साओ पाउलो के एक बार में बैठकर मैच देख रहे 34 वर्षीय इंजीनियर सर्जियो फारिया ने कहा कि जब पेनल्टी शूटआउट शुरू हुआ तो वह शांत चित्त होकर बैठे थे क्योंकि उन्हें विश्वास था कि सेमीफाइनल मुकाबला ब्राज़ील और अर्जेंटीना के बीच खेला जाएगा। यह अजीब तरह का अहसास है। क्रोएशिया ने गोल किए लेकिन ब्राजील ने कई मौके गंवाए। ब्राजील का विश्व कप से बाहर होने का यह सबसे अजीबोगरीब मामला है। इस फुटबाल प्रशंसक ने कहा,, मेरी अब भी समझ में नहीं आ रहा है कि हमारे कोच टिटे ने एंटोनी की जगह वीनिसीयस जूनियर को क्यों चुना। शूटआउट में नेमार को पहली पेनल्टी लेने के लिए क्यों नहीं भेजा गया। मुझे नहीं पता कि ब्राजील ने अधिक आक्रामक रवैया क्यों नहीं अपनाया। पेनल्टी शूटआउट में रोड्रिगो और मार्क्विनहोस अपने शॉट चूक गए जिस कारण नेमार की पेनल्टी लेने की बारी ही नहीं आई। छप्पन वर्षीय नेयला बर्ले मैच के बाद रोने लगी। ब्राज़ील फुटबॉल टीम की धुर प्रशंसक बर्ले मैच के बाद गुमसुम हो गई। वह विला मडालेना के एक फुटपाथ पर बैठी थी, जहां ब्राजील के सेमीफाइनल में पहुंचने पर सांबा संगीत में जश्न मनाने की तैयारियां की गई थी। हमें खिताब के लिए फिर से विदेशी कोच रखने की जरूरत है। हमें लगा कि टिटे हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ हैं लेकिन वह फिर से असफल रहे। मुझे लगता है कि जब हम सेमीफाइनल में पहुंचने से कुछ मिनट दूर थे तब हमें क्रोएशिया को गोल करने ही नहीं देना था।

## पेले ने नेमार के समर्थन में संदेश भेजा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अपने देश के विश्व कप से बाहर होने के बाद नेमार को राष्ट्रीय टीम की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के उनके रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए बधाई दी। पेले सांस संबंधी परेशानियो के कारण अस्पताल में भर्ती है। ब्राजील के क्वार्टर फाइनल मे क्रोएशिया के हाथो पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद पेले ने इंस्टाग्राम पर अपना संदेश पोस्ट किया। बयासी वर्षीय पेले ने नेमार के लिए अपने संदेश में कहा, मैंने आपको बड़े होते हुए देखा है और मैंने हर दिन आपके लिए जश्न मनाया है और अब मै आखिर मे ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के मेरे रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए आपको बधाई दे सकता हूं। हम दोनो जानते है कि इनका महत्व आंकड़ो से भी अधिक है। खिलाड़ी के रूप में हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य प्रेरित करना होता है। वर्तमान के हमारे साथियो, भावी पीढ़ी और इन से भी बढ़कर इस खेल के चाहने वालो को प्रेरित करना। दुर्भाग्य से आज हमारे लिए सबसे खुशी का दिन नही रहा। मैने अपना रिकॉर्ड लगभग 50 साल पहले बनाया था और अब तक उसके करीब कोई नही पहुंचा था। अब आप यहां तक पहुंचे हो जिससे पता चलता है यह कितनी बड़ी उपलब्धि है।

## यश ढुल दिल्ली के कप्तान बने, पहले दो रणजी मैच के लिए टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम को विश्व कप जिताने के एक साल से भी कम समय में 20 वर्षीय यश धुल को 100 टेस्ट का अनुभवी रखने वाले तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और आईपीएल स्टार नीतीश राणा की मौजूदगी के बावजूद दिल्ली की रणजी टीम का कप्तान बनाया गया है। धुल संभवत: दिल्ली की कप्तानी करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले साल रणजी ट्रॉफी में शानदार आगाज करने वाले धुल को अपने नौवें प्रथम श्रेणी मैच में ही टीम की अगुआई करने का मौका मिलेगा। अब तक खेले गए आठ मैच में उन्होंने 72 से अधिक की औसत से चार शतकों के साथ 820 रन बनाए हैं।

## तिवारी बंगाल के कप्तान बने

**कोलकाता।** अनुभवी मनोज तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों के लिए के लिए बंगाल के कप्तान के रूप में वापसी की है। नियमित कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन चोटिल रोहित शर्मा के कवर के रूप में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं। तिवारी को 13 से 16 दिसंबर और 20 से 23 दिसंबर तक कोलकाता में होने वाले क्रमश: उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहले दो मैचों के लिए कप्तान बनाया गया है।

# उप्र ने बालिका टीम इवेंट में जीता रजत

## जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप



**लखनऊ।** तमिलनाडु ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ बालिका वर्ग की टीम इवेंट की विजेता ट्राफी पर कब्जा बरकरार रखा। गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में तमिलनाडु ने मेजबान उत्तर प्रदेश की लड़कियों को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से मात दी। बालिका टीम इवेंट के फाइनल में पहला मुकाबला युगल वर्ग का खेला गया। इस मुकाबले में तमिलनाडु की सुष्मिता व नरमुगई ने यूपी की सासा कटियार व शक्ति मिश्रा को 3-1,2-4, 4-0, 4-2, 5-3 से हराया। टीम इवेंट के दूसरे एकल मुकाबले में तमिलनाडु की रागाश्री ने उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय को 3-2 ,1-4, 4-1 8-6, 7-9 से हराया। उत्तर प्रदेश की लड़कियों ने चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी और मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थीए मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय सिंह, एमएलसी अवनीश सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबलों की शुरुआत कराई।

## क्रिकेट एकेडमी आफ पठान अब लखनऊ में

**लखनऊ।** मलीहाबाद के सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में क्रिकेट एकेडमी आफ पठान (सीएपी) का उद्घाटन पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से क्रिकेट के अपने अनुभव साझा किए। हिटर पठान ने बताया कि यह एकेडमी शहर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां सीखाकर उन्हें आगे बढ़ने में मदद करेगा। सीएपी का यह 32वां सेंटर है। इसमें खिलाड़ियों को अच्छे मैचों में खेलने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर कई खिलाड़ी भी उपस्थित रहे। सीएपी के हरमीत भी मौजूद

## लखनऊ मंडल ने जीता राज्य सीनियर पुरुष हैंडबॉल खिताब



**लखनऊ।** लखनऊ मंडल की पुरुष हैंडबॉल टीम ने आजमगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गत सात से 10 दिसंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप के फाइनल में लखनऊ ने अयोध्या को 31-20 गोल से हराया। स्वर्ण क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने बधाई देते हुए टीम में शामिल खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए टीम कोच मो०तौहीद की भी सराहना की। टीम में सचिन, विमल, बिट्टू, गोरा, अंकित चौधरी, प्रदीप, शुभम, रजनीश, महेंद्र, अरुण, मोहित, सुयश शामिल हैं।